सूर्योदय 5:46 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

शिमला	12.2 न्यू	21.0 अधि
धर्मशाला	16.0 न्यू	26.8 अधि

बाजार

सेंसेक्स	73738.45
निफ्टी	22368.00
सोना 73,830	चांदी 83,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 | 12 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 126, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- 9.5 ग्राम चिट्टे के साथ चंडीगढ़ का युवक गिरफ्तार
- पालमपुर हमला: युवती के स्वास्थ्य में सुधार, स्वयं खाना खाने लगी

पृष्ठ 2 पर पढ़ें

- मेजर जनरल केपी सिंह ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- स्कूल शिक्षा बोर्ड के रीजनल डिपो से बुक सेलर्स नाराज

पृष्ठ 5 पर पढ़ें

- आखिर एसडीएम ने हटवा दिया मकान पर गिरा आम का पेड़
- सुक्खू सरकार की अब झूठी गारंटियों के सहारे नहीं होगी बैतरणी पार : भुट्टो

पृष्ठ 7 पर पढ़ें

- हूर के चेहरे पर बरसेगा नूर, पहनें यामी गौतम की डिजाइनर ज्वेलरी
- बीआरओ ने मनाली-लेह मार्ग किया बहाल

पृष्ठ 10 पर पढ़ें

आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs गुजरात टाइटंस

स्थान: दिल्ली, समय : रात 7:30 बजे

देश को सच बताने पर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन में भगदड़ : मोदी

राजस्थान में कांग्रेस पर बरसे पीएम, कहा- हमेशा वोट बैंक की राजनीति की

एजेंसी, सवाई माधोपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान के सवाई माधोपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है। मैंने जब उनकी इस राजनीति का पर्दाफाश किया तो उन्हें इतनी मिर्ची लगी कि वे हर तरफ मोदी को गाली देने में लगे हैं।

मैं कांग्रेस से जानना चाहता हूं कि आखिर वे सच्चाई से इतना क्यों डरते हैं? अपनी नीति को इतना क्यों छुपाते हैं, जब आपने ही नीति बनाई तो अब उसे स्वीकारने से डर क्यों रहे हैं। हिम्मत है तो स्वीकार करो, हम आपसे मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। जनता को सच बताया तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन में भगदड़ मच गई। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वह अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है। कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति की रही है।

कांग्रेसराज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह

एससी/एसटी आरक्षण कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती कांग्रेस

पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति की रही है। कांग्रेस एससी/एसटी के आरक्षण को कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है। मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। कांग्रेस ने 2004 में सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एसी/एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को देने की कोशिश की। यह एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की योजना थी, लेकिन कांग्रेस के मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार थी तो हमने सबसे पहला काम किया, कांग्रेस ने जो एससी/एसटी से आरक्षण छीनकर मुस्लिम कोटा निकाला था, उसे खत्म किया। मोदी संविधान को समझता है। वह बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को दिया। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे।

कुछ लोग खुद को मानने लगे हैं भगवान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी ने बाराद्वार में चुनावी जनसभा की शुरुआत 'हमर बहिनी-भाई ददा सबो झन ल मोर जय जोहार' के साथ की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानने लगे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकराकर साधु-संतों का अपमान किया। सबने मान लिया था कि राम मंदिर नहीं बनेगा, लेकिन उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस वाले तो बुलावे के बाद भी नहीं आए। धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद भी पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई है। यह कांग्रेस की डीएनए में हैं। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो एक सेकंड भी नहीं लगाएंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है।

बिना मार्शल वाली साइट्स पर पैराग्लाइडिंग प्रतिबंधित

- स्टेट्स रिपोर्ट पर हाईकोर्ट ने दिए आदेश
- सरकार रिपोर्ट दायर कर दे पूरी जानकारी
- अब 17 जून को सुनवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश हाईकोर्ट ने जिन पैराग्लाइडिंग साइट्स पर मार्शल तैनात नहीं हैं, वहां पर पैराग्लाइडिंग पर प्रतिबंधित कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने सरकार की स्टेट्स रिपोर्ट का अवलोकन करने के पश्चात यह आदेश पारित किए। हाईकोर्ट को बताया गया था कि कुछ स्थानों पर मार्शल्स की तैनाती नहीं की गई है। कोर्ट ने आदेश दिए कि जिन स्थानों पर सरकार ने मार्शल्स की नियुक्ति नहीं की है, वहां पर पैराग्लाइडिंग को रोक दिया जाए। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को ताजा स्टेट्स रिपोर्ट दायर कर मार्शल्स की नियुक्तियों की जानकारी देने के आदेश दिए।

वहीं, सरकार को पैराग्लाइडिंग करवाने वाली संस्थाओं व क्लबों की ओर से अपने खिलाड़ियों और ग्राहकों को दी जाने वाली बीमा सुविधाओं की जांच करने के आदेश भी दिए। मामले पर सुनवाई अब 17 जून को होगी।

अटल टनल मार्ग पर स्नो गैलरी के पास हिमस्खलन

मनाली। अटल टनल मार्ग पर मंगलवार सुबह स्नो गैलरी के पास हिमस्खलन हुआ, जिससे कुछ देर तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। बीआरओ ने हिमस्खलन को हटाकर वाहनों की आवाजाही सुचारु की। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अटल टनल मार्ग पर हिमस्खलन होने से कुछ देर के लिए यातायात बंद रहा। कोई नुकसान नहीं हुआ है। पर्यटक लाहौल घाटी में दस्तक देकर बर्फ का आनंद ले रहे हैं।

न्यूज शॉर्ट्स

मुंबई एयरपोर्ट पर 6.46 करोड़ के हीरे-सोने के साथ 4 गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने हीरा और सोना जब्त किया है। चार लोग नूडल्स के पैकेट में हीरा और शरीर में सोना छिपाकर ला रहे थे। कस्टम विभाग ने खुफिया जानकारी मिलने के बाद छापेमारी की और 6.46 करोड़ रुपए मूल्य का हीरा-सोना जब्त किया। चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

के. कविता को सात मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बीआरएस नेता के. कविता को सात मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मंगलवार को के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी।

ताइवान में एक रात में लगे भूकंप के 80 से ज्यादा झटके

ताइपे/टोक्यो। ताइवान में सोमवार देर रात को छह घंटे में 80 से ज्यादा भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे ज्यादा 6.3 तीव्रता का भूकंप रहा, जो भारतीय समय के मुताबिक रात करीब 12 बजे आया। भूकंप के कारण राजधानी ताइपे में कई इमारतें झुक गई हैं। जापान, चीन और फिलिपींस में भी झटके महसूस किए गए।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

बैंकों को लुकआउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं

बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले से बकायेदारों को होगा फायदा

एजेंसी, मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सुर्कुलर जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

कोर्ट के फैसले के बाद ऐसे बैंकों की ओर से बकायेदारों के खिलाफ जारी किए गए सभी नोटिस रद्द हो जाएंगे। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की डिविजनल बेंच ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ नोटिस जारी करने का अधिकार दिया गया था। सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने कोर्ट से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा।

ऊना से जन शताब्दी ट्रेन शुरू, तीन रद्द

ऊना। हिमाचल प्रदेश के ऊना से चलने वाली जन शताब्दी ट्रेन मंगलवार से दोबारा शुरू कर दी है। इस बीच रेलवे बोर्ड ने पैसेंजर ट्रेन ऊना-चंडीगढ़-अंबाला, ऊना-सहारनपुर-हरिद्वार और दौलतपुर चौक-अंब-अंदौरा-चंडीगढ़-अंबाला रूट पर चलने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इन्हें किसान आंदोलन के कारण बंद करना पड़ा है। हालांकि, ऊना और दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्री अब जन शताब्दी से आवाजाही कर सकेंगे। जन शताब्दी ट्रेन ऊना से दिल्ली के लिए सुबह 4 बजकर 55 मिनट पर चली और नई दिल्ली से दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर दिल्ली से ऊना के लिए रवाना हुई। इसी बीच, ऊना रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रोदाश सिंह ने बताया कि मंगलवार से जन शताब्दी को दोबारा शुरू किया गया है, लेकिन तीन पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गई हैं। पिछले कुछ दिन से किसान आंदोलन के कारण ऊना आने वाली कुछ ट्रेन देरी से पहुंच रही हैं।

हिमाचल पर किसान आंदोलन का गहरा असर

केजरीवाल को सात मई तक राहत नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। मंगलवार को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।

कोर्ट ने 15 अप्रैल को केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा था। 28 मार्च को पेशी के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि यह राजनीतिक साजिश है, जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल ने खुद कोर्ट में अपनी बात रखते हुए कहा था कि असली घोटाला तो ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ। ईडी का मकसद आम आदमी पार्टी को खत्म करना है। 27 मार्च को हाईकोर्ट ने केजरीवाल को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था।

हाईकोर्ट ने 28 मार्च को केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी।

ज्यादा शुगर लेवल बढ़ने पर पहली बार दी इंसुलिन

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई है। 'आप' के सूत्रों के मुताबिक, जेल में सीएम केजरीवाल का शुगर लेवल काफी बढ़ गया था, जिसके चलते सोमवार रात को इंसुलिन दी गई है। बता दें कि शराब घोटाले मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें पहली बार इंसुलिन दी गई है। इससे पहले सोमवार को अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से एक और झटका लगा। प्रतिदिन 15 मिनट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अपने चिकित्सकों से सलाह लेने की अनुमति देने की मांग की केजरीवाल की अर्जी को कोर्ट ने ठुकरा दिया था।

मलेशिया में दो नेवी हेलिकॉप्टर टकराए, 10 क्रू मेंबर्स की मौत

एजेंसी, कुआलालंपुर

परेड रिहर्सल के दौरान हुआ हादसा; वीडियो वायरल

मलेशिया की रॉयल मलेशियाई नेवी के सालाना कार्यक्रम की रिहर्सल के दौरान वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। इस हादसे में 10 क्रू मेंबरों की मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार सुबह 9.30 बजे पेराक में लुमुत नेवल बेस पर हुआ।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक हेलिकॉप्टर की दूसरे हेलिकॉप्टर से टक्कर होते देखा जा सकता है। ये दोनों हेलिकॉप्टर फेनेक एम502-6 और एचओएम एम503-3 थे। पहला हेलिकॉप्टर क्रैश होकर स्टेडियम की सीढ़ियों पर जा गिरा, जबकि दूसरा स्विमिंग पूल में गिरा। मलेशियाई नेवी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

हादसे का वीडियो शेयर न करने की अपील

मलेशिया के रक्षा मंत्री दातुक सेरी मोहम्मद घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने जनता से हादसे का वीडियो शेयर नहीं करने की अपील की है। हादसे के बाद मलेशिया के राजा सुल्तान इब्राहिम ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए उन्होंने घटना की जांच पर नजर रखने की बात कही।

डीजीसीए का बड़ा फैसला

फ्लाइट में 12 साल तक के बच्चों को पेरेंट्स के साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी एयरलाइंस को आदेश दिए हैं कि 12 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को हवाई सफर के दौरान उनके माता-पिता के पास वाली सीट देनी होगी। डीजीसीए ने मंगलवार को इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है।

नहीं देना होगा कोई एक्स्ट्रा चार्ज

विमानन नियामक ने यह कदम उस शिकायत के बाद उठाया है, जिसमें कहा गया था कि हवाई यात्रा के दौरान एक बच्चे को उसके माता-पिता के साथ बैठने नहीं दिया गया। खास बात यह है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। एयरलाइंस बच्चे की सीट के लिए अभिभावक पर दबाव नहीं डाल सकती है। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है, तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करनी होगी।

शिमला में चार साल की मासूम बच्ची से दुराचार

रविंद्र जस्टा, शिमला

- मां की शिकायत पर मामला दर्ज
- आरोपी का अभी नहीं चल पाया पता

राजधानी शिमला में चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित बच्ची के पिता की शिकायत पर शिमला के सदर थाना में अज्ञात के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

परिजनों ने शिकायत में बताया कि सोमवार शाम को बच्ची के प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ और उसने अपनी मां को बताया। रात में दर्द और तेज हुआ। इसके बाद बच्ची को परिजन शिमला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जब बच्ची का चेकअप किया तो देखा कि प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। बच्ची इस बारे में कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। अभी आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। परिजनों से पूछताछ करके पुलिस आरोपी का पता लगाने में जुट गई है। बच्ची डरी व सहमी हुई है। बच्ची मूल रूप से नेपाल की रहने वाली है।

बच्ची को कुछ दिन पहले ही परिजनों ने शिमला के एक सरकारी स्कूल में दाखिल करवाया था। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि मामला ध्यान में आया है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

ताकत भारत ने पांच साल में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे, सेना के आधुनिकीकरण की कोशिशें लगातार जारी

सैन्य खर्च के मामले में भारत दुनिया का चौथा देश

एजेंसी, नई दिल्ली

दुनियाभर में सैन्य खर्च लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सेना और हथियारों पर होने वाला यह खर्च साल 2023 रिकॉर्ड 2.443 बिलियन डॉलर पहुंच गया। भारत भी इस रेस में पीछे नहीं है और अमेरिका, चीन व रूस के बाद लिस्ट में चौथे नंबर पर है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं।

भारतीय सेना के आधुनिकीकरण की कोशिशें जारी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में 83.6 अरब डॉलर के खर्च के साथ भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश रहा। भारत का यह खर्च पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 फीसदी अधिक था।

ये देश हैं सबसे बड़े खरीददार

भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4 फीसदी) हथियारों का आयात करता है। कतर (7.6 फीसदी), यूक्रेन (4.9 फीसदी), पाकिस्तान (4.3 फीसदी), जापान (4.1 फीसदी), मिस्र (4.0 फीसदी), ऑस्ट्रेलिया (3.7 फीसदी), दक्षिण कोरिया (3.1 फीसदी) और चीन (2.9 फीसदी) ने खरीदा है।

सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने पर फोकस

2020 में लद्दाख गतिरोध के बाद से भारत ने अपनी सैन्य क्षमताओं पर फोकस बढ़ा दिया है। चीन से लगी सीमा पर सैन्य बुनियादी ढांचे को और ज्यादा मजबूत करने पर काम जारी है। भारत लड़ाकू जेट, हेलिकॉप्टर, युद्धपोत, टैंक, तोपखाने बंदूकें, रॉकेट और मिसाइलों के साथ अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। सैन्य क्षमताओं और दूसरी युद्ध प्रणालियों को मजबूती दी जा रही है। 2022 में भी भारत सबसे ज्यादा सैन्य खर्च करने वाला चौथा देश था।

सबसे ज्यादा सैन्य खर्च करने वाला दूसरा देश चीन

दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा सैन्य खर्चकर्ता चीन है। बीजिंग ने साल 2023 में अपनी सेना पर 296 बिलियन डॉलर खर्च किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 फीसदी अधिक है। चीन के कई पड़ोसी देशों ने अपने खर्च में बढ़ोतरी को चीन के बढ़ते सैन्य खर्च से जोड़ा है। साल 2022 में चीन का सैन्य खर्च 292 अरब डॉलर तक था। सैन्य खर्च से जुड़ी यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध चल रहा है। हालांकि, सीमा पर बने इस तनाव को कम करने के लिए बातचीत भी जारी है। बॉर्डर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दोनों के बीच 21 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है।

हिजबुल्लाह ने इसराइल पर दागे 35 से ज्यादा रॉकेट

तेल अवीव। हमास के खिलाफ जंग के बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने सोमवार देर रात इसराइल पर 35 रॉकेट से हमला किया। हिजबुल्लाह ने इसराइल के आर्मी हेडक्वार्टर को निशाना बनाया। इसराइल ने हमलों की पुष्टि की है। इसराइल डिफेंस फोर्स ने बताया कि लेबनान से दागे गए कत्यूशा रॉकेट इजराइल के साफेद शहर में गिरे। वहीं, इसराइल ने लेबनान पर जवाबी हमले किए। लेबनान की स्टेट न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला लेबनान के गांवों पर इसराइली हमलों के जवाब में था।

बाबा रामदेव व पतंजलि का माफीनामा फिर अस्वीकार

- पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया
- कोर्ट बोला- हम वास्तविक साइज देखना चाहते हैं, कटिंग भेजिए

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाओं के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने के केस में बाबा रामदेव और पतंजलि का माफीनामा अस्वीकार कर दिया। 30 अप्रैल को फिर सुप्रीम कोर्ट में पेश होना होगा। इस दौरान आचार्य बालकृष्ण भी मौजूद रहे।

पतंजलि की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि हमने माफीनामा फाइल कर दिया है। इसे 67 अखबारों में पब्लिश किया है। जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस ऐड का भी साइज वही था? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो पढ़ा भी जाना चाहिए। कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को निर्देश दिया कि अगले दो दिन में वे ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। पतंजलि ने कहा कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी।

न्यूज ब्रीफ

निरंकारी सत्संग भवन देहरा में रक्तदान शिविर आज

देहरा। संत निरंकारी मिशन कांगड़ा जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा डॉक्टर केसी धीमान ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार फिर से निरंकारी सत्संग भवन देहरा में महा रक्तदान शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को किया जा रहा है जिसमें उपमंडल देहरा के अंतर्गत आती निरंकारी मिशन की 14 ब्रांचों के सेवादार बढ़-चढ़कर मानव कल्याण के लिए स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे।

छात्राओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

कांगड़ा। शरण कॉलेज घुरकड़ी की छात्राओं ने शपथ और मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। इस स्वीप कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार अनुसार स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज ने प्रधानाचार्य डॉ. सुमन शर्मा, ईएलसी नोडल अधिकारी सहायक आचार्य अंजना, कालेज प्रशासन, प्रवक्ताओं और छात्राओं के साथ मिलकर किया गया। इस दौरान छात्राओं ने मनमोहक मानव श्रृंखला बनाई और सभी से चुनाव में मतदान करने की अपील की। हेड गर्ल योगिशा ने सभी को चुनाव के इस महापर्व में निष्पक्ष भाग लेने की शपथ दिलाई।

बैजनाथ-उतराला रूट शुरू करने की मांग

क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी को मांग पत्र सौंपते लोग।

बैजनाथ। ग्राम पंचायत हरेड़ की प्रधान अनुराधा शर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी बैजनाथ से मिला। उन्होंने मांग उठाई कि बैजनाथ-उतराला के कुछ समय से बंद चल रहे बस रूट को शीघ्र बहाल किया जाए। बंद पड़े रूटों की वजह से स्कूल, कॉलेज व समस्त जनता को आने-जाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक नितीश शर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बंद पड़े बस रूटों को बहाल किया जाएगा।

एनएच के बीचोंबीच पलटा पिकअप ट्राला

डाडासीबा। जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते चलाली बाजार से 300 मीटर की दूरी पर मंगलवार को एक पिकअप ट्राला अचानक एनएच पर पलट गया, जिससे पिकअप ट्राला ड्राइवर साइड से क्षतिग्रस्त हुआ है। गनीमत रही कि ट्राला चालक सुरक्षित है। चालक ने बताया की उक्त स्थान पर उसके वाहन के आगे नीलगाय आ गई उसको बचाते-बचाते यह हादसा हो गया। बरहाल खबर लिखे जाने तक कोई भी मुकदमा पुलिस थाना में दर्ज नहीं हुआ था।

पालमपुर हमला : युवती के स्वास्थ्य में सुधार, स्वयं खाना खाने लगी

आरोपी युवक 4 मई तक न्यायिक हिरासत में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पालमपुर कांड की शिकार युवती केस्वास्थ्य में सुधार हुआ है और वह पहले की अपेक्षा ठीक है। युवती अब स्वयं खाना खाने की हालत में आ गई है। मंगलवार को युवती का ऑपरेशन होना था लेकिन डॉक्टरों ने ऑपरेशन को केछ दिनों के लिए टाल दिया है। युवती ही हालत में हुए सुधार के बाद कुछ और मेडिकल टेस्ट लेने के बाद ऑपरेशन किया जाएगा।

इसकी पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल ने बताया कि पीड़ित युवती की हालत में सुधार हुआ है और यह खुशी की बात है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को दोबारा कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे 4 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गौर रहे कि गत शनिवार को पालमपुर बस स्टैंड में युवती पर हुए जानलेवा हमले ने मानवता को झकझोर के रख दिया है। दराट से 12 जगह काटी गई 20 वर्षीय शाईना का इस समय पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है। प्रदेश को शर्मसार करने वाली इस घटना से युवती के परिजनों व आम जनता में काफी आक्रोश में है। लोग जहां इस वारदात के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

हिट एंड रन मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाले पुलिस, लोगों ने उठाई मांग

अनंत ज्ञान फॉलोअप

गगल। लोगों ने दो दिन पहले रात को एक अज्ञात वाहन द्वारा एक प्रवासी बिहारी को हिट करने के बाद फरार हुए वाहन चालक को जल्द पड़कने की मांग उठाई है। इलाका वासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फरार वाहन चालक की उसी तर्ज पर तलाश की जाए तथा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएं, जिस प्रकार दो वर्ष पूर्व सतपाल नामक गगल वासी को एक वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने 2 दिन में ही चंबा के पास भटियात के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वहां तक पहुंचने में सफलता प्राप्त कर ली थी। पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। इलाका वासियों ने कहा कि अगर इन सीसीटीवी कैमरा से लाभ न लिया तो इन्हें लगाने का कोई लाभ नहीं है। दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने इलाका वासियों से मांग की है कि वह अपने घरों और संस्थाओं के आसपास हाई पावर वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए, ताकि किसी आपात स्थिति में अपराधियों तक पहुंचा जाए और जब ऐसा होगा तो अवश्य ही आपराधिक गतिविधियों में कमी आएगी। ज्ञात रहे इससे पूर्व इच्छी और रजोल से चोरी हुई वाहनों का पता भी सीसीटीवी कैमरा से ही पुलिस विभाग लगा चुका है और अपराधीयों तक पहुंचने में सफलता हासिल की थी ।

हिमाचल जनता पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव : पवन कटोच

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हिमाचल जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन कटोच व अन्य।

अनंत ज्ञान, लंबागांव

हिमाचल जनता पार्टी हिमाचल की सभी लोकसभा सीटों व छः विधानसभा सीटों के उपचनाव में चुनाव लड़ेगी। उक्त शब्द पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन कटोच, महासचिव नारायण डोगरा व कोषाध्यक्ष कुलवंत ठाकुर ने जयसिंहपुर में आयोजित सयुंक्त पत्रकार वार्ता में कहे।

प्रदेश अध्यक्ष पवन कटोच कहा है कि प्रदेश में अब तक रही कांग्रेस व भाजपा की सरकारें प्रदेश की खुशहाली के लिए कोई विशेष काम नहीं कर पाई हैं। आज प्रदेश 80 हजार करोड़ के कर्ज तले दबा हुआ है। अभी तक की सरकारें इस कर्ज से उबरने के लिए कुछ नहीं कर पाई हैं। उल्टा कर्ज लेकर सरकार चलाते आए हैं। सुक्खू सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने के की बात की है, लेकिन सरकार के पास उन्हें देने के लिए धन ही उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जनता पार्टी युवाओं को आगे लाकर हिमाचल के स्थानीय मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी।

पार्टी ने कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से नारायण डोगरा व मंडी से महेश सैनी को उम्मीदवार बनाया है। बाकी दो लोकसभा क्षेत्रों के लिए शीघ्र उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 400 पार के नारा देने वाली भाजपा अब की बार 180 सीटें भी नहीं जीत पाएगी।

9.5 ग्राम चिट्टे के साथ चंडीगढ़ का युवक गिरफ्तार

आशीष दमीर, कांगड़ा

नशे के काले कारोबारियों पर कांगड़ा पुलिस लगातार नकेल कस रही है। एक ऐसा ही मामला कांगड़ा के जमानाबाद में पेश आया हैं जहां एक युवक से 9.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

इस मामले की पुष्टि डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि ड्रग तस्कर हिमाचल के बाहर के राज्यों से हेरोइन ला रहे हैं और इसे कमजोर लोगों को बेच रहे हैं। नशीली दवाओं के तस्करों के कारण होने वाले इस दीमक रूपी खतरे को रोकने के प्रयास में कांगड़ा पुलिस की टीम ने एक बार फिर एक 24 वर्षीय युवक को 9.5 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा है। उक्त युवक की पहचान के चंडीगढ़ निवासी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी अपने एक दोस्त की शादी का बहाना बनाकर कांगड़ा आया था और वह कांगड़ा के जमानाबाद इलाके में ग्राहक को हेरोइन सौंपने वाला था लेकिन कांगड़ा पुलिस की टीम ने पकड़ लिया।

चिट्टे के साथ पकड़ा आरोपी पुलिस के साथ।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। उक्त युवक से पूछताछ में कई बातें सामने आई हैं और जल्द ही ड्रग कार्टेल में शामिल और भी लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

एयरपोर्ट विस्तार मामले की सुनवाई अब 30 अप्रैल को

गगल। प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 30 अप्रैल तक रख दी है।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगा। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं, क्योंकि इलाकावासी इंटरनेशनल हवाई अड्डे का विरोध नहीं कर रहे हैं बस उनका यही कहना है कि इंटरनेशनल हवाई अड्डा बने, परंतु इंटरनेशनल हवाई अड्डा उस जगह बनाया जाए जहां उजाड़ीकरण का मुंह न देखना पड़ा।

धर्मशाला सीयू की राशि घटी अच्छी बात पर जमा कब होंगे यह बताए सरकार : अतुल

सुक्खू के 15 करोड़ के बयान पर फिर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला का सीयू परिसर डेढ दशक से राजनीतिक पालने में झूल रहा है। तमाम प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद प्रदेश सरकार को 30 करोड़ जमा करवाने थे, मुख्यमंत्री सुक्खू ने सीयू को लेकर अध्ययन करने की बात कही थी जिसकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा धर्मशाला की जनता कर रही थी लेकिन अब मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस पूरे प्रोजेक्ट की री-असेसमेंट करवाई और अब सीएम सुक्खू कह रहे हैं कि अब उन्हें 30 नहीं महज 15 करोड़ ही देने है, लेकिन बात वही पर फिर रुक जाती है कि आखिर पैसे जमा कब होंगे ?इसी सवाल का जवाब धर्मशाला का हर निवासी मांग रहा है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू के कथनों के अनुसार देय फंड कम हुआ है , यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में कोई भी दस्तावेज मीडिया में जारी नही किया जहां से यह सप्ष्ट हो सके की कुल कितनी धनराशि जमा करवानी है।

अतुल भारद्वाज ने कहा की जब तक सीयू का पैसा जमा नहीं होता धर्मशाला की जनता को यकीन नहीं होगा कि कांग्रेस सरकार धर्मशाला सीयू को लेकर गंभीर है। इसलिए प्रदेश सरकार को चुनाव आयोग से परमिशन लेकर धर्मशाला के इस महत्त्वाकांक्षी योजना को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने साफ किया धर्मशाला की जनता उसी का साथ देगी, जो विकास की बात करेगा।

लोकसभा में चौका और उपचुनावों में छक्का लगाएगी कांग्रेस : अशोक

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पंडित अशोक हिमाचली ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि भाजपा की करनी और कथनी में दिन-रात का अंतर है। हिमाचल की जनता भाजपा को समझ चुकी है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस चुनाव मैदान उतरेगी और जनता के घर द्वार पहुंचकर 10 गारंटियों में जो तीन गारंटियां प्रमुखता से पूरी की हैं, वह कांग्रेस का चुनावी मुद्दा होगा। भाजपा घटिया स्तर, झूठ फरेब और दोष रोपण की राजनीति करती आई है। भाजपा ने धन बल का सहारा लेकर साजिश के तहत लोकतंत्र द्वारा चुनी हुई सरकार को गिरने का घिनौना प्रयास किया है। भाजपा का तो अब वह हाल है जैसे पानी के बिना मछली छटपटाती है।

अशोक ने कहा कि लोकसभा की चार सीटों और विधानसभा की 6 सीटों पर मुख्यमंत्री सुखविद्र सिंह सुक्खू प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रियों व विधायकों की अध्यक्षता में हिमाचल कांग्रेस शानदार जीत दर्ज करेगी। चार लोकसभा की सीटों में कांग्रेस चौका लगाएगी और 6 विधानसभा की सीटों में कांग्रेस छक्का लगाएगी।

टैंक चोरी मामले में नगर पंचायत शाहपुर के पार्षदों ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान, शाहपुर

शाहपुर टैंक चोरी मामले में मनोनीत पार्षद कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव पटियाल का नाम आने के कारण सरकारी दबाव के चलते पुलिस की कार्रवाई में देरी और सरकारी काम में दखल की अशंका के कारण सभी पार्षदों ने इकट्ठे होकर आरोपी पार्षद के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है।

उन्होंने डीसी कांगड़ा एसपी कांगड़ा और डायरेक्टर अर्बन डेवलपमेंट को पत्र लिखकर आरोपी पार्षद को तुरंत निलंबित करने की पूरा जोर मांग की है।

डीसी, एसपी और डायरेक्टर अर्बन डेवलपमेंट को लिखा पत्र, की कार्रवाई की मांग

आरोपी पार्षद पर कानूनी कार्रवाई करने आग्रह किया है। उन्होंने डायरेक्टर अर्बन डेवलपमेंट से आग्रह किया है कि आरोपी को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि चोरी में सम्मिलित पार्षद का नगर पंचायत में बैठना जनता में गलत संदेश जाएगा। इससे विभाग व सरकार की छवि पर बुरा असर पड़ेगा।

शहीद सैनिकों को याद कर दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, गगल

वर्ष 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा अभियान के शहीदों और 1948 में जम्मू-कश्मीर में हुए युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए चेतरू में भूत पूर्व सैनिकों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डोगरा रेजिमेंट चार के वीर जवानों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के तौर पर कर्नल शिवकुमार के अलावा कर्नल कुलदीप सिंह, हिमाचल लीग के अध्यक्ष कर्नल वाई एस राणा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। उसके बाद कैप्टन पुरुषोत्तम ने चार डोगरा के इतिहास के युद्ध की विस्तृत जानकारी दी।

डोगरा रेजिमेंट के कप्तान व अन्य भूतपूर्व सैनिक सामूहिक चित्र में।

इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए 70 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। भूतपूर्व सैनिकों ने कहा कि वे वतन के खातिर आज भी मर मिटने के लिए तैयार हैं। इस मौके पर कैप्टन जनमेज, कैप्टन बाबूराम, कैप्टन परसिंदा राम, कैप्टन अशोक, सुभाष, सुरेंद्र और सुदेश हाजिर रहे।

गगल एयरपोर्ट पहुंचने पर श्री श्री रविशंकर का स्वागत

अनंत ज्ञान, गगल

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के मुख्य प्रमुख संस्थापक श्री श्री रविशंकर मंगलवार दोपहर जयपुर से विशेष विमान द्वारा गगल एयरपोर्ट पहुंचे।

इस दौरान उनके अनुयायियों ने उनकी आरती उतारी और हवाई अड्डा के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका अभिनंदन किया। इसके बाद श्री श्री रविशंकर गोपालपुर स्थित गुजरेड़ गांव में अपने आश्रम के लिए रवाना हो गए। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की शिक्षिका अनु गोयल ने बताया के गुरुदेव 27 अप्रैल को धर्मशाला में होने वाले धार्मिक आयोजन में प्रवचनों की ज्ञान वर्षा करेंगे।

श्री श्री रविशंकर का स्वागत करते लोग।

सत्ता के नशे में चूर है सुक्खू सरकार : तिलक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पालमपुर में युवती पर हुए जानलेवा हमले से देवभूमि हिमाचल शर्मशार हुआ है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। माहौल ऐसा हो गया है कि लोग अपनी बच्चियों को बाहर भेजने से डरने लगे हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर कांग्रेस ने ऐसा व्यवस्था परिवर्तन किया है कि हिमाचल प्रदेश को पूरे देश में शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।

यह बात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलक राज ने कही। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन तभी शुरू हो गया था जब चंबा के सलूणी में मनोहर को कई टुकड़ों में काट दिया गया था। जिला कांगड़ा में एक के बाद एक अपराधिक गतिविधियां होना दर्शाता है कि सुक्खू प्रदेश की बागडोर संभालने का काबिल नहीं है। उन्होंने कुछ माह पूर्व शिमला के माल रोड़ पर पुलिस कंट्रोल रूम के सामने एक युवक की हत्या हो जाती है, युवक अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाता रहता है, लेकिन पुलिस के कान में जूं तक नहीं रेंगती।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष तिलक वर्मा व अन्य।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार सत्ता के नशे में चूर है और जनता के हितों से खिलबाड़ कर रही है। इस अवसर पर उनके साथ भाजयुमो उपाध्यक्ष शाश्वत कपूर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल नैहरिया सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

29 अप्रैल को जयसिंहपुर चौगान में होगा भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन

अनंत ज्ञान, पंचरुखी

जयसिंहपुर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक मंडलाध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय अप्पर लंबागांव में हुई।

इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने कहा कि 29 अप्रैल को जयसिंहपुर चौगान में पन्ना प्रमखों का विशाल सम्मेलन होगा। उन्होंने इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। उन्होंने देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में भाजपा के एक सांसद की जीत और भारतीय जनता पार्टी की जीत की शुरुआत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

इस मौके पर विस्तारक सतीश राणा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष वी एल शुक्ला, कुलदीप कटोच, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष विंता कटोच आदि उपस्थित रहे।

तैयारी

डीसी ने ज्वालामुखी व नगरोटा में पोलिंग बूथों पर आवश्यक सुविधाएं देने के दिए निर्देश

कांगड़ा जिले में स्थापित होंगे 33 मॉडल पोलिंग बूथ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मंगलवार को ज्वालामुखी के खुंडियां, बारीकलां तथा लगडू में पोलिंग बूथों का तथा नगरोटा विस क्षेत्रों के बड़ोह क्षेत्र में विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और बूथ लेवल अधिकारियों को बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगों की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में रैंप, सुलभ शौचालय, पेयजल व उचित प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

पोलिंग बूथों का निरीक्षण करने के दौरान जिलाधीश कांगड़ा हमेराज बैरवा।

इस संबंध में शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को पोलिंग बूथों की स्थापना के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंधों की रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा के 15 विधानसभा क्षेत्रों में 1642 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिसमें 33 मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके। इसमें प्रत्येक विस क्षेत्र में दो-दो तथा ज्वालामुखी, देहरा, जसवां प्रागपुर में तीन-तीन मॉडल पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 29 पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके साथ ही आठ पोलिंग स्टेशन दिव्यांगों तथा धर्मशाला का दाड़ी बूथ युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा।

स्वीप के तहत बनूरी के मतदाता किए जागरूक

पालमपुर। एसडीएम पालमपुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नेत्रा मेती की अगुवाई में लोकसभा निर्वाचन -2024 के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा निर्वाचक भागीदारी जागरूकता कार्यक्रम(स्वीप) के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनूरी में मतदान जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। एसडीएम ने विद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए मतदान में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता में आसपास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। एसडीएम ने 18 वर्ष आयु पूर्ण हो चुकी है और उन्होनें अभी तक वोट नही बनाया है ऐसे मतदाता 4 मई तक संबंधित बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन वोट बना सकते हैं। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों के मतदाताओं से 1 जून को अधिक से अधिक मतदान करने का अपील की। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विश्वनाथ, अजय ठाकुर, रविंद्र कुमार, निर्वाचन कानूनगो अनीश धीमान आदि मौजूद रहे।

व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी भवारना, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
मुकद्दमा नं./2024
किस्म मुकद्दमा:- जन्म पंजीकरण
तारीख पेशी: 07.05.2024
विपन कुमार पुत्र फतेह चंद निवासी गांव कौना उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र.।
बनाम आम जनता
विषय:- जन्म पंजीकरण बारे।
प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13/3 जन्म, मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के तहत विपन कुमार पुत्र फतेह चंद निवासी गांव कौना उप तहसील भवारना, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है कि उसका जन्म दिनांक 31.12.1973 को गांव कौना ग्राम पंचायत साम्वा उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. में हुआ था। मगर ग्राम पंचायत साम्बा के अभिलेख में दर्ज न है।
अत: इस इश्तहार अखबार व मुस्त्रीमुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस जन्म पंजीकरण बारे किसी व्यक्ति या संस्था को उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 07.05.2024 को सुबह 10 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर उजर प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी विपन कुमार पुत्र फतेह चंद की जन्म दिनांक 31.12.1973 के पंजीकरण के आदेश संबंधित स्थानीय उप पंजीकार व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को पारित कर दिए जायेंगे।
आज दिनांक 09.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
कार्यकारी दंडाधिकारी भवारना जिला कांगड़ा

व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी भवारना, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
मुकद्दमा नं./2024
किस्म मुकद्दमा:- जन्म पंजीकरण
तारीख पेशी: 07.05.2024
राजीव कुमार पुत्र फतेह चंद निवासी गांव कौना उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र.।
बनाम आम जनता
विषय:- जन्म पंजीकरण बारे।
प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13/3 जन्म, मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के तहत राजीव कुमार पुत्र फतेह चंद निवासी गांव कौना उप तहसील भवारना, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है कि उसका जन्म दिनांक 26.02.1977 को गांव कौना ग्राम पंचायत साम्वा उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. में हुआ था। मगर ग्राम पंचायत साम्बा के अभिलेख में दर्ज न है।
अत: इस इश्तहार अखबार व मुस्त्रीमुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस जन्म पंजीकरण बारे किसी व्यक्ति या संस्था को उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 07.05.2024 को सुबह 10 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर उजर प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी राजीव कुमार पुत्र फतेह चंद की जन्म दिनांक 26.02.1977 के पंजीकरण के आदेश संबंधित स्थानीय उप पंजीकार व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को पारित कर दिए जायेंगे।
आज दिनांक 09.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
कार्यकारी दंडाधिकारी भवारना जिला कांगड़ा

हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

2017 में किस जिले में किसे मिली थीं कितनी सीटें

जिला	सीटें	भाजपा	कांग्रेस	अन्य
बिलासपुर	4	3	1	0
चंबा	5	4	1	0
हमीरपुर	5	2	3	0

हिमाचल प्रदेश में कुल 12 जिले हैं। इन जिलों में कांगड़ा में सबसे ज्यादा 15, मंडी में 10 और शिमला में आठ सीटें हैं।

मंडी जिले के सुंदरनगर में मतदाताओं को जागरूक करती स्वीप की टीम।

प्रिय पाठकों के लिए

वोट के लिए आपके मन की बात

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 9882400808 पर भी भेज सकते हैं।

अनंत व्यंग्य

अब छिप नहीं पाएंगे आचार संहिता उल्लंघन के मामले

पुलिस को चुनाव आयोग की ईएसएमएस ऐप पर अपलोड करनी होगी हर जानकारी

शुभम राही, बिलासपुर

बिलासपुर पुलिस अब ईएसएमएस यानी इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से लैस हो गई है। आचार संहिता के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़े गए पैसे, अवैध शराब सहित नशे की अन्य सामग्री के मामले पकड़े जाएंगे, उसकी सारी जानकारी पुलिस प्रशासन को इस ऐप पर फोटो के साथ बाकायदा अपलोड करनी होगी।

इस ऐप के माध्यम से चुनाव आयोग के अधिकारी एक क्लिक पर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह सिस्टम प्रदेश में शुरू किया गया है। इसमें पुलिस सहित अन्य प्रशासन को इस ऐप के साथ जोड़ा गया है। वहीं, बिलासपुर जिले की बात करें तो यहां पर डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान को बतौर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसमें डीएसपी द्वारा बिलासपुर जिले के पुलिस मामलों की सारी जानकारी उन्हें इस ऐप पर अपलोड करनी है। वहीं, पुलिस प्रशासन की ओर से पूरे स्टेट में आईजी लेवल के अधिकारी को स्टेट नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ऐसे में चुनाव आयोग को प्रत्येक जिले की सारी रिपोर्ट एक क्लिक पर उपलब्ध हो, इसके लिए यह ऐप सिस्टम शुरू किया गया है। बिलासपुर जिले में अभी तक अवैध शराब, नशे की सामग्री सहित नशीली दवाइयां व चुनाव आयोग के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की सारी जानकारी पुलिस प्रशासन को इस ऐप पर अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है। गौरतलब है कि इस सत्र से पहली बार चुनाव आयोग ने ईएसएमएस ऐप का इस्तेमाल किया है।

वहीं, खास बात यह भी है कि पुलिस प्रशासन को एक घंटे के भीतर इसकी रिपोर्ट देनी होगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई को अमल में लाना आसान रहेगा। (अनंत ज्ञान)

विभाग को जांच रिपोर्ट ऐप पर करनी होगी अपलोड

इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से जिले की स्टैटिक सर्विलांस टीम और उड़नदस्तों को लैस किया गया है। इन टीमों में पुलिस, प्रशासन, आयकर विभाग, जीएसटी राज्य व केंद्र की टीमें, नगर निगम सहित नगर परिषद के विभागों को शामिल किया गया है। अफसरों की मानें तो ये टीमें जहां भी चुनाव में प्रतिबंधित सामग्री पकड़ेंगी, उसका विवरण ऐप पर तत्काल अपलोड करना होगा। संबंधित विभाग जांच कर इसकी रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे ऐप पर अपलोड करेगा।

ईएसएमएस ऐप के साथ पुलिस को जोड़ा गया है। चुनाव आचार संहिता के दौरान पकड़ी गई अवैध शराब, नशे की सामग्री सहित कई अन्य मामलों की सारी जानकारी इस ऐप पर अपलोड की जा रही है।

-मदन धीमान, डीएसपी बिलासपुर।

पालमपुर मामले में राजनीति भाजपा की संकीर्ण मानसिकताः भवानी

शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने कहा है कि पालमपुर में हुई घटना बेहद दुखद है, लेकिन भाजपा का इस पर राजनीति करना उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पीड़ित परिवार को इलाज के खर्च के साथ-साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया है, लेकिन भाजपा नेता इस मामले पर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। वर्तमान राज्य सरकार इस मामले में पूरी तरह से संवेदनशील है और न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

चुनावी चुटकी

नेता जी की मजबूरी

ऊना जिले में एक नेता की मजबूरी का एक प्रत्याशी खूब फायदा उठा रहे हैं। अपनी किसी भी सभा और बैठक में इस नेता को आगे करके स्तुति गान करवा रहे हैं। यह नेता कुछ समय पहले इस प्रत्याशी के निशाने पर था। किसी बड़ी योजना को गड़बड़ झाले का आरोप भी लगा था। कुछ ऐसे तथ्य हाथ लगे थे कि नेता जी वर्तमान प्रत्याशी के आगे नाक रगड़ने लगे थे। अब न चाहते हुए भी नेता जी इस प्रत्याशी का ऐसा स्तुतिगान कर रहे हैं कि अपने पुराने आका को भी भूलने लगे हैं। नेता जी का अपना भी समर्थकों में दबदबा है। पहचान भले ही पुराने आका के दम पर मिली थी। अब ऐसे में समर्थक भी हैरान परेशान हैं। आखिर जिन नेताओं का आपस में छत्तीस का आंकड़ा था वे इतने खास कैसे हो गाय। रौनकी ताऊ भी कम नहीं है। बाल की खाल निकालने में ताऊ अपना माहिर है। उसने नेता की मजबूरी का मजबून तैयार कर लिया है। नेता जी के कारनामों का चिट्ठा वर्तमान प्रत्याशी के हाथ लग चुका है। अब नेता जब तक स्तुतिगान करेगा, तब तक ही बचा है, लेकिन चार जून के बाद चिट्ठा खुलेगा या बंद होगा यह नतीजा बताएगा।

पालमपुर मामले में राजनीति कर रहे जयराम ठाकुर : सुक्खू

कहा- राजनीतिक सुर्खियां बटोरने के लिए बयानबाजी नहीं होनी चाहिए

अनंत ज्ञान, नादौन

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटे हैं, तबसे विचलित हैं।

हर बार किसी न किसी बात को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश करते हैं। पालमपुर में बेटी के साथ घटी घटना दुखद है। हम सबको मिलकर उसका विरोध करना चाहिए, लेकिन जयराम इस पर भी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं।

यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के उस बयान पर कही, जिसमें उन्होंने पालमपुर की घटना को लेकर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। नादौन के सेरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुक्खू ने कहा कि मैं समझ ही नहीं पा रहा हूं कि जब से जयराम मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटे हैं कभी हमारी कुर्सी हथियाना चाहते हैं कभी कानून-व्यवस्था की बात करना चाहते हैं। किसी प्रकार की राजनीति को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह घटना हुई है वह बेटी हमारी है। जिस भी व्यक्ति ने इस घटना को किया उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

एक चीज मेरे नाम से वायरल हो रही थी हमने कभी ऐसी बात नहीं की हम कहते हैं कि यह जो सोच विकसित हो रही है, जहां एक बेटी के ऊपर दराट को लेकर हत्या की कोशिश की गई यह हिमाचल की संस्कृति नहीं है हिमाचल देव भूमि में विश्वास करने वाले लोग हैं हम, लेकिन फिर भी घटना घटी हमने कहा कि सरकार उसके इलाज का खर्च उठाएगी। वह गए अच्छी बात है परिवार के साथ संवेदना की अच्छी बात है, लेकिन राजनीतिक रोटियां सेंकना गलत बात है। बागी विधायकों के भाजपा में चले जाने से हम विचलित नहीं हुए विचलित तो आप हुए, जो उनके प्रत्याशी थे, उनको पूछा नहीं उनकी जगह जो हमारे बिके हुए विधायकों को टिक्ट दे दिए। उसके बाद उनको अब मान मिलाप कर रहे हैं। जयराम ठाकुर को सरकार गिराने की सबसे ज्यादा रुचि थी। इसलिए प्रलोभन दिया गया। इस प्रकार की राजनीति से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता है। जयराम ठाकुर कुर्सी जाने के बाद विचलित भी हैं और उल्ट बयानबाजी भी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू के बयानों से बढ़ रहे अपराधियों के हौसलेः जयराम ठाकुर

पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर पूर्व सीएम ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

चंबा सदर में भाजपा द्वारा आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर

मुख्यातिथि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व चंबा-कांगड़ा लोस प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने शिरकत की। वहीं, चंबा के प्रभारी व पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर, चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैय्यर सहित विधायक डीएस ठाकुर, विधायक जनकराज, पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था रसातल में चली गई है। पुलिस लोगों द्वारा पकड़े गए पालमपुर के आरोपी को ले गई, लेकिन बिटिया को सड़क पर ही छोड़ दिया, जबकि उसे हॉस्पिटल ले जाना चाहिए, बिटिया को स्थानीय लोग अस्पताल ले गए। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि यह कानून-व्यवस्था का मामला नहीं हैं। उनके इसी तरह के बयानों से ही अपराधियों के डरने की बजाय उनका हौसला बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश का विकास ही मोदी का सपना है। उसके लिए वह हर जरूरी कदम उठाते हैं।

चंबा को विकास की रेस में सबसे आगे रखने, देश के बाकी जिलों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने के लिए आकांक्षी जिला बनाया, जिससे प्राथमिकता के आधार पर चंबा के विकास के लिए योजनाएं चलाई जा सकें। वह दिन दूर नहीं जब चंबा हर क्षेत्र में अव्वल होगा और चंबा वासियों के चंबा फर्स्ट का लक्ष्य हासिल होगा। चंबा की लोक संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री स्वयं कई बार देखे गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहते हैं कि उन्हें टिकट न दिया जाए। उनकी बातें सुनी जाएं।

इसके बाद भी टिकट मिल जाने के डर से अपने पत्र को भी लीक किया जाता है। कांग्रेस के एक नहीं कई बड़े नेताओं ने कोई न कोई बहाना बनाकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने डेढ़ साल में कुछ खोलने नहीं सिर्फ बंद करने का काम किया है। इसीलिए प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को सबक सिखाने का मन बना लिया है।

बैठकों तक ही सिमटी कांग्रेस

भाजपा घर-घर कर रही प्रचार, कांग्रेस को नहीं मिला अभी तक उम्मीदवार

एसके ठाकुर, बिझड़ी

लोकसभा एवं विस उपचुनाव में भाजपा जहां प्रचार-प्रसार में डोर-टू-डोर तक पहुंच चुकी है, वहीं कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी चयन को लेकर मीटिंग तक सीमित रह गई है।

बेशक कांग्रेस बैठकों के माध्यम से बूथ तक पहुंचाने का प्रयास कांग्रेस कर रही है, परंतु टिकटार्थियों की भीड़ के आगे यह मीटिंग कुछ खास फलदायी प्रतीत नजर नहीं आ रही है। इसे कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा कहा जाए या फिर कांग्रेस की मजबूरी कहा जाए।

यह तय करना कांग्रेस के उन प्रत्याशियों को भी मुश्किल हो रहा है, जो स्वयं को प्रत्याशी होने का दावा कर रहे। दूसरी ओर कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी घोषित न करने के पीछे एक यह कारण भी है कि कांग्रेस भाजपा के सामने किस प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी। प्रत्याशियों की लंबी कतार जरूर है, लेकिन योग्य प्रत्याशी का चयन अभी दूर हैं। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो कांग्रेस किसी ऐसे प्रत्याशी की तलाश में है, जो वास्तव में चरित्रवान हो और योग्य हो।

बड़सर की बात करें तो यहां पर कांग्रेस अभी तक बैक फुट पर ही चल रही है, क्योंकि कांग्रेस के पास अभी तक ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा कोई कार्यकारिणी नहीं है, जो कि मिल बैठकर चुनावों के लिए रणनीति तैयार करें। हालांकि विधानसभा बड़सर के चुनाव प्रभारी राजेश धर्माणी बड़ी निष्ठा व बारीकी से सब कुछ ऑब्जर्व कर रहे हैं, परंतु निष्कर्ष पर पहुंचना उनके लिए भी टेढ़ी खीर है।

दूसरी ओर भाजपा अपने लाव लश्कर के साथ चुनाव प्रचार में उतर चुकी है खासकर युवा भाजपा एकजुट होकर प्रचार कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए डोर टू डोर प्रचार अभियान में जुट गई है, ताकि जीत का मर्जिन कितना हो कैसे हो। (अनंत ज्ञान)

तीन दिनों से लगातार बदल रहे पच्छाद के राजनीतिक परिदृश्य

अनंत ज्ञान, राजगढ़

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से राजनीतिक परिदृश्य बार-बार बदल रहे हैं। शनिवार को यहां से बतौर आजाद उम्मीदवार विधानसभा लड़ने वाले जीआर मुसाफिर व उनके समर्थक गाजे-बाजे के साथ कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय शिमला पहुंचे। यहां गत विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किए गए मुसाफिर का निलंबन रद्द कर दिया गया।

इसके बाद रविवार देर रात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने एक पत्र जारी कर यह बात कह दी कि अभी मुसाफिर का निष्कासन का मामला दिल्ली हाईकमान के पास विचाराधीन है। वहीं राजगढ़ में आगामी 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू का कार्यक्रम तय है। पच्छाद कांग्रेस कमेटी द्वारा इसी कार्यक्रम को लेकर एक बैठक रखी गई थी, जिसमें पहले ही मुसाफिर व उनके समर्थकों को भी आमंत्रित किया गया था। सुबह जैसे ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रजनीश किमटा का वह पत्र वायरल हुआ, तो मुसाफिर समर्थकों ने अलग से राजगढ़ में बैठक रख दी। जब इस बात की जानकारी पच्छाद कांग्रेस कमेटी को मिली तो इस पर पच्छाद कांग्रेस के प्रभारी प्रदीप सूर्या, अध्यक्ष रणधीर पंवार व राजगढ़ शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रम ठाकुर मुसाफिर समर्थकों से मिलने उनके पास गए और उन्हें पच्छाद कांग्रेस कमेटी की बैठक में आने का निमंत्रण दिया।

इसके बाद मुसाफिर व उनके समर्थक नारे लगाते हुए वहां पहुंचे, जिनका फूलमालाओं से पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी रही दयाल प्यारी, अध्यक्ष रणधीर पंवार, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री, जयप्रकाश चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने भी विचार व्यक्त किए।

खनन माफिया से जुड़े थे भाजपा में गए छह पूर्व विधायकों के तारः धर्माणी

शिमला। तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं बड़सर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के प्रभारी राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिकाऊ

विधायक धनबल से उपचुनाव में जीत दर्ज नहीं कर पाएंगे। जनबल के आगे धनबल नहीं चलेगा। खनन माफिया पर शिकंजा कसने से बिकाऊ विधायक तिलमिला गए थे। उनके तार भी माफिया से जुड़े थे, धीरे-धीरे सारी पोल खुल रही है। इन्होंने भाजपा के साथ डील करने के बाद ही सरकार को गिराने की साजिश रची। बिकाऊ विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्य जोरशोर से चल रहे हैं।

धर्माणी ने कहा कि सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़, गगरेट, धर्मशाला और लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्रों में 300 से 400 करोड़ के कार्य हुए हैं। सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा तो विकास कार्यों के लिए कभी मुख्यमंत्री के पास गए ही नहीं, उनका अहंकार आड़े आ जाता था। सुजानपुर का विकास कांग्रेस की देन है, भाजपा ने वहां कुछ नहीं किया है। कुछ महीने पहले तक भाजपा को कोसने वाले राणा अब उसकी गोद में बैठकर झूठा गुणगान करने में लगे हैं, लेकिन, जनता उनकी चाल, चेहरा व चरित्र पहचान चुकी है।

सीएम सुक्खू के तानाशाही रवैये से कांग्रेस की नाव डूब रही : राणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में

भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने मंगलवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्य प्रणाली पर कड़े प्रहार किए और कहा कि उन्होंने 14 महीने में ही हिमाचल प्रदेश को बैक गियर में डालकर जनमत के साथ खिलवाड़ किया है।

उन्होंने कहा कि चुने हुए विधायकों की असंवैधानिक तरीके से सदस्यता समाप्त करके मुख्यमंत्री अब उनके बिकाऊ होने का राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान भोजन अवकाश के समय जब 6 कांग्रेस के चुने हुए विधायक भोजन करने गए थे, तब एकाएक बजट पारित करवारकर एक साजिश के तहत उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। उन्होंने कहा इन विधायकों के हलकों में भी विकास कार्यों को प्रभावित किया जा रहा था और विधायकों को जलील करना ही मुख्यमंत्री के कार्यप्रणाली का एकमात्र हिस्सा रह गया था। राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश के बाहर के एक व्यक्ति को हिमाचल से राज्यसभा में भेजने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेश के स्वाभिमान को भी ताक पर रख दिया, लेकिन प्रदेश के 9 चुने हुए विधायकों ने प्रदेशवासियों के आत्म सम्मान पर आंच नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि असंवैधानिक तरीके से मुख्यमंत्री विधानसभा के सदस्यता तो समाप्त करवा सकते हैं, लेकिन जनता भारी बहुमत के साथ उन्हें फिर से सदन में भेजने की ठान चुकी है, ताकि ऐसी ताकतों को आईना दिखाया जा सके। आज एक-एक करके बड़े नेता कांग्रेस छोड़ रहे हैं।

कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...

महंगाई को लेकर जनता त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण पढ़े-लिखे युवा दिहाड़ी लगाने को मजबूर हैं। ऐसे भारत का सपना नहीं देखा था। विकसित तब होगा जब हर पढ़े-लिखे नौजवान के हाथ रोजगार होगा। मतदान ऐसे मुद्दों पर करना चाहिए।

नीलम गगरेट (ऊना)



मतदान महत्वपूर्ण होता है, जब भी चुनाव आतें हैं तो लोगों को बड़ी उम्मीदें रहती हैं। मैं इस बार सोच-समझ कर लोकसभा के चुनाव में उसी जनप्रतिनिधि को अपना वोट करुंगा जो रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए नई योजना और बेरोजगारी को खत्म करे। जनता के कार्य को जो सर्वोपरि समझे ऐसे उम्मीदवार को अपना वोट दूंगा। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि मतदान अवश्यक करें।

ब्यास देव (सोलन)



देश में सरकार व उसके नुमाइंदे ऐसे चुने जाने चाहिएं जो केवल राष्ट्र हित की बात सोचें व उस पर अमल करें। वैसे तो अंतरराष्ट्रीयता महत्वपूर्ण विषय है। चूंकि मंडी लोकसभा सीट छह जिलों में फैली हुई है। ऐसे में यहां का सांसद दूरदर्शी व विस्तृत सोच वाला होना चाहिए। उनमें बागवानी को बढ़ावा देने, सामरिक सुरक्षा की दृष्टि से, युवाओं को रोजगार, पर्यटन को बढ़ावा देने बारे सभी दृष्टि से परिपूर्ण होना महत्वपूर्ण है।

प्रेमलता ठाकुर (सुंदरनगर)

देश का युवा वर्ग बेरोजगारी से परेशान है। पढ़ाई के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। युवा रोजगार को दर-दर की ठोकर खा रहा है। हमें रोजगार की गारंटी देने वाले दल का समर्थन करना चाहिए सभी लोगों को मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि मतदान अवश्यक करें।

प्रवीण कुमार (कूंर)

मंडी लोकसभा क्षेत्र से शिक्षित, ईमानदार, सदाचारी और लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला सांसद चुना जाना चाहिए। सांसद को क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा क्षेत्र के सभी नागरिकों की यह जिम्मेदारी भी बनती है कि अपनी सूझबूझ से मतदान करें।

मनीष ठाकुर (सुंदरनगर)

मतदान महत्वपूर्ण होता है। सोच-समझकर जनता से किए वादों को पूरा करने वाले उम्मीदवार को ही वोट दूंगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को जो प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास करे और जनता की समस्याओं को दूर करे ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगी।

तमन्ना शर्मा (छतराड़ी)

नेता अपने हितों के लिए पार्टी बदल रहे हैं, जनता द्वारा चुनी सरकारों को गिराने का प्रयास किया जा रहा। इन सबके बीच जनता के मुद्दे दबते जा रहे हैं। जनता जागरूक है और सोच-समझ कर सभी पहलुओं को ध्यान में रख कर मतदान करेगी। प्रदेश सरकार को युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक संसाधन उत्पन्न करने की आवश्यकता है।

चंद्रमणि कुलठी (होली)

हमारा सांसद ईमानदार और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। धर्म संस्कृति से लेकर राष्ट्रीय नीति तक अच्छी पैठ रखता हो सरकारी स्कूलों में शिक्षा और अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी है। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांच कर ही मतदान करना चाहिए।

रणवीर सिंह (हमीरपुर)

देश को आज मजबूत सरकार की जरूरत है। देशहित में बड़े निर्णय लेने की क्षमता वाले नेतृत्व को वोट दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को साबित किया है। भाजपा को एक और मौका मिलना बनता हैं। उसी नेता को वोट मिलेगा जो निजी हित से ऊपर उठकर जनता की सेवा को आगे आएगा।

राजीव त्यागी (सोलन)

मैं पहली मर्तबा वोट डालूंगा। वोट किसे डालेंगे, क्यों डालेंगे इस पर अभी मम्मी-पापा से बातचीत करेंगे, लेकिन थोड़ा-थोड़ा राजनीति का अब ज्ञान होने लगा है। वोट सोच-समझ कर ही डालूंगा। पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी मिले इसके लिए सरकार को दरवाजे खोलने की जरूरत है।

कर्ण भारद्वाज (भरेड़ी)

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सरकारें उचित कदम उठाने में नाकाम रही है। बेरोजगारी और गरीबी भी एक अहम् मुद्दा है, जो पार्टी इन मुद्दों पर ठोस रणनीति लेकर चुनाव मैदान में होगी, उसे मतदान किया जाएगा।

निखिल सिंह (धर्मशाला)

केंद्र सरकार बेहतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। जहां तक धर्मशाला की बात है तो पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा का अभूतपूर्व योगदान रहा है। धर्मशाला की विकास का साथ देगी।

कमल चौधरी (धर्मशाला)

हमारा देश विविधताओं का देश है। समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिलने चाहिएं। आज बेरोजगारी और महंगाई से आम नागरिक त्रस्त है। इन मुद्दों को उजागर करने वाले नेता को ही वोट का अधिकार है। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांच कर ही मतदान करना चाहिए।

रविंद्र भारद्वाज (सिरमौर)

सरकार किसी भी पार्टी की बने पर पूर्ण बहुमत की होनी चाहिए। गठबंधन सरकार से देश को नुकसान ही झेलना पड़ा है। गठबंधन सरकार के अपने निजी हित हो सकते हैं, जिससे विकास में रुकावट आएगी। लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता को वोट करना चाहिए।

डॉ. एनके गुप्ता (सोलन)

नई जोड़ी

कुल्लू की कमलेश वर्मा और रवि चौहान को परिण्य सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

सालगिरह मुबारक

पपरोला के मुनीश कपूर और मोनिका कपूर को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

हनुमान जयंती की धूम, जगह-जगह लगे भंडारे

हजारों राम भक्तों ने संकट मोचन के मंदिरों में नवाया शीश, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

अनंत ज्ञान टीम, पंचरुखी/जयसिंहपुर

ब्लॉक पंचरुखी की भुआणा पंचायत के संकट मोचन मंदिर घेड़ में हनुमान जयंती के शुभअवसर पर 16वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गौर रहे कि संकट मोचन मंदिर कमेटी के प्रधान व स्वारू टूर एवं ट्रेवल के अध्यक्ष राजिंद्र पाल हर वर्ष हनुमान जयंती के दिन भंडारे का आयोजन करवाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 15 साल पहले हमने मंदिर बनाकर हनुमान की मूर्ति की स्थापना की थी तबसे लेकर लगातार मंदिर में भंडारे का आयोजन करवा रहे हैं। 22 अप्रैल सुबह 10 बजे से 23 अप्रैल सुबह 10 बजे तक अखंड पाठ किया गया उसके उपरांत भंडारा शुरू किया गया। स्थानीय युवा हर वर्ष लंगर सेवा में बढ़-चड़कर अपना सहयोग देते हैं। मंदिर में आए श्रद्धालुओं को जलेबी का प्रसाद भी बांटा गया। हजारों राम भक्तों ने संकट मोचन मंदिर में शीश नवाया और प्रशाद ग्रहण किया।

वहीं, लोअर लंबागाव मोटिवेशन फिटनेस क्लब व चिन्मय सनातन परिवार द्वारा लोअर लंबागाव स्थित प्रसिद्ध बाबा कोडगिर मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार के दिन श्री हनुमान जयंति का वार्षिक कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बाबा कोडगिर मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया और साथ में हनुमान जी को 51 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस उत्सव में समस्त लोअर लंबागाव के स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

इधर, जयसिंहपुर के पपलोई श्री हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14वां विशाल भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम से साथ किया गया। जयसिंहपुर व आसपास लगती ग्राम पंचायतों के लोगों ने इस विशाल भंडारे में काफी संख्या में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

भुआणा पंचायत के संकट मोचन मंदिर घेड़ में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर पूजा-अर्चना करते और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

पपलोई में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

प्रसिद्ध बाबा कोडगिर मंदिर में श्री हनुमान जयंती पर मौजूद भक्त।

ट्रकों की आवाजाही को बंद करने के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

इंदौरा। प्रदेश में क्रशर कारोबारियों के लिए जनता का विरोध दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और जनता क्रशर के द्वारा किया जा रहा खनन व भारी भरकम वाहनों की आबाजाही से अब जनता परेशान हो रही है। मामला इन्दौरा से काठगढ़ सड़क मार्ग का है। यहां पर महिलाओं ने क्रशर उद्योग के भारी भरकम वाहनों के लिए उपमंडलाधिकारी इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर को एक ज्ञापन दिया है कि इन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाएं अन्यथा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

इस मामले पर एसडीएम इंदौरा ने बताया कि एक ज्ञापन महिला मंडलो द्वारा उनको दिया गया है जिस पर एक बैठक बुधवार को क्रशर उद्योग व प्राशासनिक अधिकारियों और इलाका निवासियों के साथ कि जाएगी। इसमें लोगों को आ रही समस्या संबंधी बातचीत की जाएगी और समस्या का निपटारा किया जाएगा। इस मामले पर इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन का कहना है कि हम अपने इलाके की जनता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं। प्रशासन को इसका निपटारा जल्द करवाने के लिए निर्देश दे दिए हैं।

अवैध शराब बरामद

धर्मशाला। पुलिस थाना नगरोटा बगवां और पालमपुर से पुलिस शराब की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। नगरोटा बगवां के सद्दू बड़ग्रां में सुरजीत निवासी सद्दू बड़ग्रां तहसील बड़ोह जिला कांगड़ा की दुकान से 4,500 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। पालमपुर के तहत कालू दी हट्टी में सुशील निवासी बार्ड नं.-2 उपरला मोलग तहसील जयसिंहपुर जिला कांगड़ा की दुकान ठेका शराब से 6,750 मिलिलीटर अंग्रेजी शराब और 30,600 मिलिलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस बारे मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

शाहपुर। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उप मुख्य सचतेक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रकड़ का बाग पंचायत डड़ियाला और चड़ी पंचायत के राणा बस्ती में बूथ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ बैठक की और आगामी रणनीति पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। केवल पठानिया के पहुंचने पर राणा बस्ती के स्थानीय जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पठानिया ने प्रदेश सरकार की उपलब्धिया लोगों के सामने रखी।

वरिष्ठ नागरिक मंच 'बेसहारा' ने बढ़ाई सहायता राशि

शुभम शर्मा, देहरा

वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा की कार्यकारणी की प्रथम बैठक संघ के चेयरमैन जेसी आजाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तमाम पदाधिकारी विशेष तौर पर माजूद रहे और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के दौरान वरिष्ठ नागरिक मंच ने अति गरीब बेसहारा परिवार के बच्चों की सहायता राशि 700 रुपए से बढ़ाकर अब 1000 रुपए प्रति व्यक्ति देने पर फैसला हुआ।

इस दौरान मौजूद तमाम मंच के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के नाम प्रस्ताव पारित कर कई अहम जनहित मुद्दों पर चर्चा की। बरिष्ठ नागरिक मंच ने जहां वृद्धावस्था पेंशन को 1700 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति माह करने की मांग रखी है तो पानी व बिजली के बिलों की वसूली हर माह करने तथा इन बिलों के आनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान करने हेतु बात कही।

बैठक के दौरन वरिष्ठ नागरिक पंच के पदाधिकारी।

चेयरमैन जेसी आजाद ने कहा शस्त्र लाइसेंस की नवीनीकरण की सुविधा जिला स्तर के स्थान पर उपमंडल स्तर पर करने बारे भी सरकार से मांग की है। इसी तरह सिविल अस्पताल देहरा में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु लिफ्ट का प्रावधान करने व ओपीडी सेवा में प्राथमिकता प्रदान करने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने इस दौरान ढलियारा नैहरन पुखर व प्रागपुर में यातायात व भीड़-भाड को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस कर्मचारियों की तैनाती, बैंकों व डाकघरों में वरिष्ठ नागरिकों को सेवाओं में प्राथमिकता, देहरा शहर में वाहनों को पार्किंग को उचित व्यवस्था नागरिक आपूर्ति विभाग के गोदाम का शिफ्ट करना, जन औषधी केंद्रों में ब्रांडेड कंपनी की दवाइयों को आपूर्ति, देहरा के लिए सेना भर्ती ऑफिस, सिविल अस्पताल देहरा में रेडियोलोजिस्ट

बच्चों को 700 की जगह अब मिलेंगे 1000 रुपए

पद पर तैनाती आदि पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त देहरा के दोनों अस्पतालों में कोरोना काल से बंद फलाहार व्यवस्था पुन: आरंभ करने पर सहमति हुई।

उन्होंने सरकार से रोष प्रकट किया कि वरिष्ठ नागरिकों के मुददों को अफसरशाही प्रथमिकता नहीं दे रही है। बैठक में ओंकार सिंह सपहिया, दिलबाग सिंह, आरएस स्याल, नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र धीमान, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

लॉ एंड ऑर्डर की परिभाषा समझाएं सीएम :चक्षु

बोले- सीएम का बयान दुर्भाग्यपूर्ण, लगातार हो रही दर्दनाक घटनाओं से समाज में दहशत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं हिमाचल भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने जिला कांगड़ा में हो रही दर्दनाक घटनाओं पर आक्रोश जताया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से पालमपुर व जिला में लगातार हो रही खतरनाक घटनाओं पर दुर्भाग्यपूर्ण ब्यान दिया है। अधिवक्ता विश्व चक्षु ने सीएम सुक्खू से लॉ एंड ऑर्डर की परिभाषा पूछी है, और कहा है कि जनता को समझाएं कि लॉ एंड ऑर्डर के दायरे में क्या आएगा, और कब मुख्यमंत्री व सरकार इस संबंध में उचित कदम उठाएगी? उन्होंने कहा कि लगातार हो रही दर्दनाक घटनाओं से समाज में दहशत का माहौल बना हुआ है। ऐसे में अब सरकार को उचित कदम उठाते हुए हाल में ही हुई घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए कार्य करना चाहिए।

चक्षु ने कहा कि हिमाचल में पिछले 15 माह में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। हाल ही में जिला कांगड़ा के देहरा और भवारना में महिलाओं की हत्या के बाद शनिवार को पालमपुर में छात्रा पर युवक द्वारा दराट से हमला करने के मामले के बाद हर वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है, लेकिन बावजूद इसके सीएम की ओर से लॉ एंड ऑर्डर को लेकर दुर्भाग्यपूर्ण ब्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटी को न्याय दिलाने सहित स्कूल-कॉलेज व शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाली बच्चियां बैखोफ होकर शिक्षा ग्रहण जा पाएं, ऐसी लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था बनाए जाने की जरूरत है। ऐसे शातिर सिरफिरे युवाओं से डरकर खौफ में रहने की बजाय युवतियों को कानून व्यवस्था पर विश्वास होना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने सीएम सुक्खू से सवाल उठाते हुए कहा कि वह लॉ एंड ऑर्डर को लेकर अपनी परिभाषा को जनता के साथ सांझा करें।

चक्षु ने कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं है, बल्कि मित्र मंडली की सरकार है, सरकार की कार्यप्रणाली में गंभीरता नहीं है।

कांग्रेस सोशल मीडिया टीम ने सीएम से की चर्चा

नादौन। लोकसभा सोशल मीडिया समन्वयक युवा कांग्रेस प्रभारी अनीश रोहान ने सुजानपुर की सोशल मीडिया की टीम सहित मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात की तथा उनसे लोकसभा व विधानसभा में सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की तथा मुख्यमंत्री का उन्हें सोशल मीडिया विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर अमृत आजाद, केशव ठाकुर, मनोज कुमार शर्मा, अक्षु ब्राह्मण, राजकुमार धीमान आदि उपस्थित रहे।

न्यू मिलेनियम स्कूल ने दिया पृथ्वी को बचाने का संदेश

अनंत ज्ञान, शाहपुर

न्यू मिलेनियम इंटरनेशनल स्कूल लदवाड़ा में पृथ्वी दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के दिमागों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक नाटक के माध्यम से हमारे ग्रह के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आश्चर्यजनक कलाकृतियां बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से भी आगाह करवाया गया।

नाटक पेश करते न्यू मिलेनियम इंटरनेशनल स्कूल लदवाड़ा के विद्यार्थी।

इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्या अनुराधा राणा और स्कूल प्रबंधक डॉ. सुरेश राणा ने छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को उनकी उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए सराहना की।

कांग्रेस सरकार की नीतियों को घर द्वार पहुंचाएं कार्यकर्ता : रविंद्र बिट्टू

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने अपने जन संपर्क अभियान के तहत दस बूथों में बैठकों का आयोजन किया।

बैठक के दौरान रविंदर बिट्टू के साथ स्थानीय लोग।

बिट्टू ने बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्यरत बूथ कमेटियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति तैयार की। बिट्टू ने कंदराल, लोट, माधोनगर, फटाहर, करनारथू, दियौल, सराजडा, हरेड, मलघोटा, झिकली भेठ, घोड़पीठ में पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं भाजपा सरकार की पिछले दस वर्षों की जनविरोधी नीतियों को लेकर घर द्वार तक पहुंचाने का आह्वान किया।

स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली मतदान जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अवस्थी कॉलेज आफ एजुकेशन दाड़ी में किया गया। इसमें बीएड के प्रशिक्षुओ और संस्थान के अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने की।

इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक निदेशक अमित भारद्वाज, निर्वाचन कानूनगो अर्पित धीमान तथा प्रधानाचार्य सुमित चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षु छात्रों को वोट डालने तथा सभी को इस मुहिम मे जुड़ने की अपील की। स्वीप टीम में नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉ. जोगिंद्र सिंह, डॉ. मिथुन कुमार दत्ता, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. पूजा कटोच, डॉ. रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी ने लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ ली।

मतदान जागरूकता रैली निकालते अवस्थी कॉलेज ऑफ एजुकेशन दाड़ी के विद्यार्थी व अन्य।

उन्हें शपथ दिलाई गई की वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित के साथ अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। बाद मे एक मतदान जागरूकता रैली भी निकाली गई।

युवा मोर्चों के साथ बैठक कर सुधीर ने बनाई चुनावी रणनीति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार को गति प्रदान करते हुए युवा मोर्चा और एसटी मोर्चा के साथ बैठकें की।

पहली बैठक सुबह 11 बजे कचहरी स्थित जोधामल सरांय में आयोजित हुई। इस दौरान सुधीर शर्मा ने युवा मार्चो के पदाधिकारियों और सदस्यों के चुनावी चर्चा की और आगामी रणनीति तैयार की।

वहीं दूसरी बैठक दोपहर 2 बजे एसटी मोर्चा के साथ नरवाणा में आयोजित हुई। बैठकों के माध्यम से सुधीर शर्मा ने संगठन से परिचय किया और आगामी चुनावों को लेकर चर्चा की। सुधीर शर्मा की मार्चा

यह रहेगा बैठकों का आगामी शेडयूल

बुधवार को सुबह 11 बजे महिला मोर्चा के साथ योल में बैठक आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे किसान मोर्चा के साथ पद्दर अथवा तंगरोटी में बैठक आयोजित की जाएगी। वीरवार को ओबीसी मोर्चा के साथ सुबह 11 बजे मंदल में और दोपहर 2 बजे एससी मोर्चा के साथ खनियारा में बैठक का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को सुबह 11 बजे अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ सिद्धबाड़ी में और दोपहर 2 बजे ग्राम केंद्र प्रभारी के साथ कोतवाली बाजार में बैठक आयोजित की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

अविनाश बने कांगू जोन युकां के अध्यक्ष

नादौन। कांगू उपतहसील के मालग निवासी अविनाश ठाकुर को कांगू जोन युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। अविनाश ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद व्यक्त किया है। अविनाश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कांगू जोन में युवा कांग्रेस घर-घर जाकर सुक्खू सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में हुए कार्यों से लोगों को अवगत करवाएगी। यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

प्रदेश सरकार ने महिलाओं के साथ किया खिलवाड़

बिझड़ी। भाजपा के प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने बूथ स्तर पर लोकसभा चुनावों व विधानसभा उपचुनाव को लेकर अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान शुरू कर दिया है। इसके चलते मंगलवार को उन्होंने ब्याड़, भरेड़ी, दांदड़ू, ज्योली देवी, कड़साई, घुमारली इत्यादि बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं के साथ खिलवाड़ किया है, उन्होंने जो 1500 रुपए प्रत्येक महिला को देने की बात कही थी, वह गारंटी झूठी निकली। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले से इसकी शुरुआत की गई, लेकिन वहां पर भी कुछ ही महिलाओं को इस दायरे में लिया है जो महिलाएं पहले से ही पेंशन ले रही थी, उनको ही इसमें शामिल कर महिलाओं के साथ धोखा किया है। इंद्रदत्त लखनपाल ने बताया कि बूथ जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है आने वाले समय में इस अभियान को और गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा उपचुनाव में जीत दर्ज करेगी, साथ में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को भी बड़सर विधानसभा से भारी लीड दिलवाई जाएगी।

तकनीकी विवि प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 25 तक

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 (एचपीसीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक है। इसकी प्रवेश परीक्षा 10 मई को होगी। विश्वविद्यालय हर वर्ष बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी-फार्मेसी, एमसीए, एमबीए, एमबीए (पर्यटन) में प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। बीटेक, बी फार्मेसी और एमसीए की प्रवेश परीक्षा सुबह के सत्र में होगी, जबकि एमबीए, एमबीए (पर्यटन) की परीक्षा सायं सत्र में आयोजित की जाएगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि अभी तक एचपीसीईटी के लिए लगभग 7800 से अधिक आवेदन आए हैं। प्रवेश परीक्षा संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर सूचना विवरणिका देख सकते हैं। इस बार प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश में चंबा, धर्मशाला, पालमपुर, नूरपुर, मंडी, कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, सोलन, शिमला, सिरमौर जिले में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा एक परीक्षा केंद्र चंडीगढ़ में स्थापित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

मई-जून में प्रस्तावित परीक्षाओं के आवेदन 29 तक

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मई और जून माह में प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म की तिथि 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा के नियमित सेमेस्टर और रि-अपीयर के स्टूडेंट्स उपरोक्त तिथि तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि मई और जून माह में प्रस्तावित परीक्षा की संभावित तिथियां भी घोषित कर दी है। तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों की परीक्षाएं 13 मई से शुरू होगी। फाइनल परीक्षा तिथियां 26 अप्रैल को जारी की जाएगी। परीक्षा फॉर्म और परीक्षा तिथि से संबंधित ब्यौरा विस्तारपूर्वक तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जेबीके आराधना संस्था ने जूस व सामान बांटा

भरेड़ी। जय बाबा कमलाहिया अराधना संस्था जेबीके आराधना व सीएसआर सवेरा फाउंडेशन द्वारा डावर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से स्वास्थ्य एवं पोषण सहायता कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत धिरड़ में जूस व अन्य सामान का वितरण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एमके भारद्वाज ने लोगों को सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, आपदा प्रबंधन, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जेबीके आराधना संस्था 15 वर्षों से समाज सेवा क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य समाज हित व पानी का संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व समुदाय को जागरूक करना है।

नशे पर लगाम लगाने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने जिला हमीरपुर, सुजानपुर व नादौन में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आने वाले चुनावों में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकने के लिए सख्ती से कदम उठाने को लेकर ज्ञापन सौंपे। उल्लेखनीय है कि चुनाव में नशे का प्रयोग करके युवा पीढ़ी को नशे का आदी बनाया जा रहा है जिससे युवा पीढ़ी तो बर्बाद हो ही रही है। साथ में लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी यह नुकसानदायक है। हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति ने पूरे प्रदेश भर में आज निर्वाचन अधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिए ज्ञापन सौंप कर इसे नियंत्रित करने के अभियान को आगे बढ़ा रही है। उसी कड़ी में जिला हमीरपुर में भी जिला संयोजक रेखा गौतम और नादौन ब्लॉक की संयोजक अंजना ने एसडीएम नादौन को व सुजानपुर में सुशील व हमीरपुर में उर्मिला व रजनीश की अगुआई में ज्ञापन सौंप कर चुनाव में नशे के बढ़ते चलन को सख्ती से रोकने के कदम उठाने की मांग की।

मतदाताओं की सक्रियता से मजबूत होगा लोकतंत्र

भोरंज। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर की ओर से भोरंज उपमंडल के गांव सपलूही में स्थानीय महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे एक प्रशिक्षण शिविर के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत मंगलवार को एक विशेष जागरुकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक लक्ष्मी नारायण काजल, आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना और पंजाब नेशनल बैंक की भरेड़ी शाखा के अधिकारियों ने महिलाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया। लक्ष्मी नारायण काजल ने कहा कि हमें प्रत्येक निर्वाचन में निर्भय होकर तथा किसी भी तरह के प्रलोभन के बिना अपने मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से ही हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिलती है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के रीजनल डिपो से बुक सेलर्स नाराज

लापरवाही : सेल पर्सन पेपर इवैल्यूएशन में, बुक सेलर्स को कौन देगा सिलेबस की किताबें

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हमीरपुर में स्थित स्कूल शिक्षा बोर्ड के सेल डिपो में बुक सेलर्स को किताबें नहीं मिल पा रही है। कारण यह है कि ड्यूटी पर तैनात सेल पर्सन सीट पर नहीं बैठ रहे। उनकी ड्यूटी बोर्ड ने पेपर इवैल्यूएशन के लिए लगा दी है। अब जिला भर से आने वाले बुक सेलर्स खाली हाथ लौट रहे हैं।

उनका कसूर कोई नहीं है, लेकिन बोर्ड के इस डिपो कार्यालय की बदइंतजामी की हालत यह है कि जिन कर्मचारियों को जहां होना चाहिए, उनकी ड्यूटी दूसरी जगह लगा दी गई है। यही सबसे बड़ी विडंबना है। दूर-दूर से आने वाले बुक सेलर्स खाली हाथ लौट रहे हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। किताबें कब मिलेंगी? किस दिन मिलेंगी, इस बारे में भी डिपो कार्यालय में सही जवाब नहीं मिल पा रहा।

दरअसल में स्कूलों में एनसीईआरटी के तहत 9वीं से 12वीं कक्षा तक की सारी किताबें इसी डिपो कार्यालय से उपलब्ध होती हैं। अधिकृत किए गए बुक सेलर्स इसी डिपो से किताबें उठाते हैं और स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स अपने-अपने इलाकों में संबंधित बुक सेलर से इन किताबों को खरीद लेते हैं। बोर्ड कार्यालय में आने वाले कई बुक सेलर्स ने बताया कि पिछले कई दिनों से ऐसा हो रहा है। इसी महीने सिलेबस की किताबें स्टूडेंट्स सबसे ज्यादा खरीदते हैं। दुकानदार भी उन्हीं की

यह है बोर्ड का पुस्तक वितरण केंद्र जहां पर नहीं मिल रही हैं किताबें।

संख्या के हिसाब से इस कार्यालय से किताबें उठाकर ले जाते हैं। उसके बाद मई महीने में पढ़ाई सामान्य शुरू हो जाती है। असली खरीद-फरोख्त इसी महीने रहती है। उसी में यदि सिस्टम खराब हो जाए, तो फिर बुक सेलर्स तो परेशान होंगे ही। स्टूडेंट्स भी दिक्कत में रहेंगे, क्योंकि उन्हें किताबें तो बुक सेलर से ही उपलब्ध होगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिस संबंधित सीट पर सेल पर्सन की तैनाती है, उसकी ड्यूटी इन दिनों तकरीबन एक महीने के लिए उन इवैल्यूएशन सेंटर में लगा दी गई है, जहां पर स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई परीक्षाओं के पेपर चेक किया जा रहे हैं, उनका मूल्यांकन हो रहा है। बोर्ड के पास शायद कर्मचारियों की कमी के चलते ऐसा हो रहा होगा, लेकिन एक जगह बदइंतजामी जैसी स्थिति तैयार करके दूसरी ओर व्यवस्था बनाई जा रही है। बोर्ड के अधिकारियों को यह सब मालूम है। फिर भी समस्या का हल नहीं हो रहा। अभी दो सप्ताह तक यही स्थिति रहने वाली है। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं बोर्ड कार्यालय इंचार्ज

इस बोर्ड कार्यालय के इंचार्ज रवि कुमार का कहना है कि उनकी ड्यूटी भी इवेल्यूएशन में लगी है, जिस वनीत शर्मा ने संबंधित बुक सेलर्स को किताबें सप्लाई करनी हैं। उनकी ड्यूटी भी सुजानपुर में इवैल्यूएशन सेंटर पर लगाई गई है। इसी वजह से कुछ दिक्कत है, लेकिन सुबह-शाम किस व्यवस्था को बनाने के भी आदेश हैं। पेपर मार्किंग से लौटकर इस व्यवस्था को सुचारु बनाने की व्यवस्था की गई है।

स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, जाहू

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए राजनीतिक दलों के पदाधिकारी।

विज्ञान समिति हिमाचल प्रदेश जिला हमीरपुर के कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल, संतोष कुमारी आदि ने भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप को लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए ज्ञापन सौंपा। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनावों के दौरान अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने हेतु कई प्रकार के प्रलोभन दिए जाते हैं जिसकी वजह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो पाना असंभव हो जाता है।

ज्ञापन में लिखा है कि अनैतिक आचरण हमारे लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। नागरिकों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करता है। समिति लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती को कायम रखने के लिए आप का ध्यान लोकसभा चुनाव में होने वाले संभावित अनाचार और गड़बड़ियों की ओर आकृष्ट करते हुए उन पर रोकथाम की अपेक्षा रखती है और चुनावी प्रक्रिया को प्रलोभन मुक्त निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने का आग्रह करती है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि चुनावी धोखाधड़ी को रोकने के लिए मतदान केंद्रों पर सतर्कता बढ़ाएं। चुनावी अनाचार में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करें।

सुजानपुर-संधोल सड़क 27 तक बंद

सुजानपुर। बीड़-बगेहड़ा के पास मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के कारण सुजानपुर-संधोल मुख्य सड़क पर वाहनों की आवाजाही 27 अप्रैल तक बंद की गई है। इस संबंध में जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि सुजानपुर-संधोल मुख्य सड़क पर बीड़-बगेहड़ा के पास आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान जंगलबैरी से सुजानपुर की ओर आने वाले भारी वाहन बगेहड़ा पुल से समौना सड़क से होते हुए मैहली पुल के पास मुख्य मार्ग तक पहुंच सकते हैं, जबकि छोटे वाहन बीड़ के नौण से मुड़कर पलाही के पास मुख्य मार्ग तक पहुंच सकते हैं। जंदड़ू से आने वाले वाहन वाया मैहलडू होकर मैहली पुल तक आवाजाही कर सकते हैं। अमरजीत सिंह ने बताया कि संधोल से सुजानपुर आने वाले वाहन जयसिंहपुर होकर भी आवाजाही कर सकते हैं। हमीरपुर और शिमला के लिए कक्कड़-टौणीदेवी मार्ग को भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

जिले में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

हनुमान जयंती पर पूजा-अर्चना करते काउंसिल के पदाधिकारी।

कस्बा बड़ा के हनुमान मंदिर मलोटी में हलवे-चने का प्रसाद बांटते लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

जिले में भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और उसके बाद हलवे और चने का प्रसाद बांटा। इसके उपरांत मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में तीमारदारों और स्टाफ को हलवे का प्रसाद बांटा, वहीं कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

बड़ा। नादौन के कस्बा बड़ा के हनुमान मंदिर मलोटी में मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर लोगों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा हनुमान मंदिर में हलवे, चने का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार, मुनीश कुमार, अश्वनी कुमार, पवन कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

सुजानपुर में हनुमान जयंती पर लंगर ग्रहण करते लोग।

सुजानपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुजानपुर के बस स्टैंड में हनुमान मंदिर के पास लंगर आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा शहर में जगह-जगह हलवा प्रसाद बांटा गया।

कस्बा बड़ा में सीएम सुक्खू का स्वागत

अनंत ज्ञान, बड़ा

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में सोमवार देर शाम कस्बा निवासियों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। गौर हो कि जब कस्बा के लोगों को यह जानकारी प्राप्त हुई कि मुख्यमंत्री सूक्खू अपने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के बाद सड़क मार्ग से वाया बड़ा होकर नादौन के रेस्ट हाउस सेरा को जाएंगे तो कस्बा के बाजार में शाम को भीड़ जुटनी शुरू हो गई। इस दौरान काफी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए इकट्ठे हो गए और उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री. सुक्खू ने भी सभी लोगों का अभिवादन किया गया।

मेजर जनरल केपी सिंह ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

भारतीय थल सेना के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के अतिरिक्त भर्ती महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह (विशिष्ट सेवा मेडल) ने मंगलवार को सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले जिलों में आयोजित की जा रही अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बिलासपुर के परीक्षा केंद्र मॉडर्न आर्किटेक्चर इंफ्रा सर्विस प्रोवाइडर और हमीरपुर के गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज तथा आयन डिजिटल जोन में स्थित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत थल सेना में हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों के युवाओं की अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक इन जिलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर ली जा रही है।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते मेजर जनरल केपी सिंह।

अंडर-19 जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 26 अप्रैल से

जाहू। साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में अंडर-19 वर्ग की 45वीं राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ द्वारा 26 से 28 अप्रैल तक भरेड़ी में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए बास्केटबॉल संघ पूरी तैयारी में जुट गया है ताकि आने वाली टीमों को किसी परेशानी से न जूझना पड़े। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 350 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में लड़के एवं लड़कियों की लगभग 28 से 30 टीम भाग लेंगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ के प्रधान मनीष शर्मा करेंगे। स्कूल चेयरमैन विरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में लेने वाली टीमों के रहने के लिए व्यवस्था कर दी गई है। इस टूर्नामेंट में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं कोच पधारेंगे।

हंस फाउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने करवाई जांच

रंगस। जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में हंस फाउंडेशन की चिकित्सा सुविधा मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। हंस फाउंडेशन की ओर से ग्रामीणों को घर-द्वार पर ही स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। इसी के चलते जोलसप्पड़ पंचायत में मंगलवार को मोबाइल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 41 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। एसपीओ भावना ने बताया कि हर माह की 11 और 23 तारीख को जोल सप्पड़ पंचायत में दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर स्पेशल कैंपों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें नेत्र जांच कर जरूरतमंदों की आंखों के ऑपेशन भी किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि एक एमएमयू में चिकित्सक सहित पांच कर्मचारियों का स्टाफ तैनात रहता है, जिसमें डॉ. आदर्श (मेडिसिन), फार्मासिस्ट अंकिता, एसपीओ भावना, एलटी तरुण और पायलट विशाल शामिल हैं। संस्था की 64 गाड़ियां लोगों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य लाभ देने के कार्य में लगी हुई हैं।

शुभ कार्य के लिए अब अढ़ाई माह का इंतजार

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

अब शुभ कार्य करने के लिए लोगों को लगभग अढ़ाई माह का इंतजार करना पड़ेगा। शुभ कार्य जैसे विवाह शादी, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ, न्यू ओपनिंग आदि कार्य लोग शुभ मुहूर्त में करते हैं। गुरु व शुक्र के तारे अस्त में होने के कारण कोई भी शुभ कार्य नहीं हो पाएंगे। शुभ कार्य को लेकर के करीब अढ़ाई माह का इंतजार करना पड़ेगा। इतने लंबे समय में अस्त होने के कारण कारोबार भी प्रभावित होगा।

अस्त बुधवार 24 अप्रैल से शुरू हो रहा है। यह अस्त जुलाई माह के पहले हफ्ते खत्म होगा। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य करने को लेकर के मुहूर्त निकाला जाता है। करीब अढ़ाई माह गुरु तथा शुक्र के तारे अस्त में होने के कारण कोई भी शुभ कार्य नहीं हो पाएगा। अस्त होने के कारण जनता शुभ कार्य करने को लेकर गुरेज करेगी, जिससे कि कोई भी खरीददारी या कार्यक्रम न होने के कारण अलग-अलग व्यवसाय करने वालों को भी मंदी की मार झेलनी पड़ सकती है। राजपुरोहित पंडित आशुतोष शर्मा के मुताबिक 24 अप्रैल से शुभ कार्य नहीं हो पाएंगे। 11 जुलाई से शुभ कार्यों का मुहूर्त शुरू हो जाएगा।

24 अप्रैल से शुरू अस्त, 11 जुलाई को होगा समाप्त

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के स्टूडेंट्स को दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

बिझड़ी दमकल विभाग ने मंगलवार को आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में मॉकड्रिल का आयोजन किया, जिसमें 400 बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों ने दमकल विभाग की कार्रवाई को गौर से देखा।

दमकल बिझड़ी चौकी प्रभारी रतन चंद शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा कभी भी आ सकती है, लेकिन कुछ आपदाएं इंसान की लापरवाही से भी घटित होती रहती हैं। हमें इन आपदाओं से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए। किसी भी आपदा से बचने के लिए खुद और दूसरों की जान-माल की रक्षा के लिए जितना हम कर सकते हैं उसके लिए हमें तैयार रहना चाहिए।

इस अवसर पर दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है। अगर कोई इस दौरान कोई व्यक्ति विशेष आपदा से पीड़ित हो जाता है तो उसे प्राथमिक चिकित्सा कैसे दी जा सकती है के बारे में मॉकड्रिल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

लोकतंत्र की सफलता के लिए वोट देना जरूरी : एसडीएम

अनंत ज्ञान, जाहू

भोरंज उपमंडल की भकेड़ा पंचायत के गदडू व चमयोग गांव में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया।

इस दौरान मुख्यातिथि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावों में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो, इसके लिए चुनाव आयोग ने स्वीप कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के 22 विधानसभा क्षेत्रों में से भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दस बूथों में भी लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में 70 फीसदी से कम मतदान हुआ है, इसलिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल व कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लबों, महिला मंडल, युवकों मंडलों व पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनावों में लोग अधिक से अधिक वोट डालें।

उन्होंने कहा कि पहली अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा 4 मई तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाएं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह व स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं रावमापा बधानी के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक अभिषेक ठाकुर, प्रधान कमलेश कुमार, देशराज, सुरेश कुमार, रतन चंद व अन्य उपस्थित रहे।

स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि संजय स्वरूप के साथ ग्रामीण।

सूचना प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में पोस्टल बैलेट सेंटर पर मतदान के लिए निर्धारित होंगे 3 दिन

आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारी मतदान के लिए भरें 12-डी फार्म

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य, परिवहन, अग्निशमन, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनावों में मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष व्यवस्था की है।

ये अधिकारी और कर्मचारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर स्थापित होने वाले पोस्टल बैलेट सेंटर (पीबीसी) पर जाकर मतदान कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें 12-डी फार्म भरना होगा।

उपायुक्त अमरजीत सिंह अधिकारियों से बैठक करते हुए।

पीबीसी पर मतदान के लिए उन्हें 3 दिन का समय दिया जाएगा। मंगलवार को आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं की श्रेणियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस सेवाएं, अग्निशमन विभाग के आवश्यक ड्यूटी कर्मचारी, लंबे रूटों पर तैनात चालक और परिचालक, दुग्ध प्रसंग और सहकारी समितियों के दूध आपूर्ति सेवा में तैनात कर्मचारी, मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मी, पंप ऑपरेटर और टर्नर, इलेक्ट्रीशियन और लाइन-मैन तथा जेल कर्मचारी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पीबीसी पर मतदान के लिए इन श्रेणियों के अधिकारियों व कर्मचारियों को फार्म 12-डी भरना होगा और नोडल अधिकारी फार्म के भाग-2 में अपना प्रमाण पत्र भी देंगे। नोडल अधिकारी इसे संबंधित निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेंगे। यह फार्म चुनाव की अधिसूचना के 5 दिन के भीतर यानी 12 मई तक संबंधित निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंच जाना चाहिए। अमरजीत सिंह ने बताया कि 12-डी फार्म के माध्यम से आवेदन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पीबीसी के पूरे पते, तिथि और समय के बारे में एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पीबीसी पर मतदान के लिए पात्र अधिकारियों-कर्मचारियों के फार्म जल्द भरवाएं। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला ने नोडल अधिकारियों को 12-डी फार्म से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मंडी के महेश पुरी ने विदेशों में पहुंचाई हस्तकला, पारंपरिक हस्त कला को सहेजने में जुटे

अनिल शर्मा, मंडी

मां मुझे यह देवता घर ले जाना है, मुझे यह देवता दे दो। लगभग 32 वर्ष पहले अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में एक बच्चा अपनी मां से जिद करता हुआ रो रहा था, तो मुझे प्रेरणा मिली कि क्यों न मैं भी ऐसे लघु देवरथ बनाऊं, ताकि लोग उन्हें अपने घर में रख सकें। यह बातें दसवीं शताब्दी की पारंपरिक हस्त कला को सहेजने में लगे मंडी के महेश पुरी ने कही।

होस्ट एंकर सीरीज के चौथे एपिसोड में होस्ट एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में 32 सालों में लगभग एक लाख से अधिक पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पौराणिक देवरथों का निर्माण कर चुके महेश पुरी ने बताया कि कुछ दशक पहले धीरे धीरे विलुप्त हो रही हस्त कला को सहेजने की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसके लिए लघु देवरथों और पौराणिक वाद्य यंत्रों का निर्माण कर उन्हें आम जनमानस तक पहुंचाना जरूरी था।

पौराणिक वाद्य यंत्रों में नरसिंगे, करनाल, देव आभूषण, छत्र, कलश, डोड माला आदि का निर्माण किया जाता है। इसके साथ ही देवकार्य में प्रयुक्त होने वाले बड़े वाद्य यंत्रों का निर्माण भी किया जाता है। खास बात यह है कि देवी और देवता के मोहरे का स्वरूप भिन्न भिन्न होता है।

अनंत ज्ञान के साथ खास बातचीत में मंडी के महेश पुरी और एंकर नीरज शर्मा।

राष्ट्रपति से भी कर चुके हैं भेंट

महेश पुरी ने बताया कि पिछले तीन दशकों से वह क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, भारत के राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, सोनिया गांधी से लेकर प्रेम कुमार धूमल सहित कई मुख्यमंत्रियों और हिमाचल में लगभग सभी आईएएस अफसरों को गोल्ड प्लेटेड लघु देवरथ और दुर्लभ कलाकृतियां भेंट कर चुके हैं। इन प्रयासों से आज बहुत से घरों में हस्त कला प्रदर्शित हो रही है। आने वाली पीढ़ी भी इसमें रुचि दिखा रही है।

विदेशों में भी पहुंची मंडी की कला मुख्यातिथि को करते हैं कलाकृतियां भेंट

महेश पुरी ने बताया कि मंडी में बनाई गई कलाकृतियां अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में पहुंच चुकी है। आज पूरे विश्व में मंडी की हस्तकला को पसंद किया जा रहा है। बात चाहे वाद्य यंत्रों की हो या लघु देवरथ या फिर बड़े देवरथों की हो, सबका निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रदेशभर में सरकारी या गैर सरकारी कार्यक्रम में ऐसे ही कलाकृतियां बतौर मुख्यातिथि को भेंट की जाती है।

कितने समय में बनता है एक लघु देवरथ

एक लघु देवरथ बनाने के लिए 20 से 25 दिन का समय लगता है। मोहरे बनाने के उपरांत उसे गोल्ड प्लेटिड के लिए दिल्ली भेजा जाता है, तदोपरांत लघु देवरथ के हर पार्ट को आपस में जोड़ कर इसे मूर्त रूप दिया जाता है। महेश पुरी ने बताया कि पहली बार चांदी की एक कलाकृति बनाई गई है, जिसने सोने और पीतल के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। इसे हर कोई पसंद कर रहा है।

18 साल बाद पुलिस ने पकड़ा भगोड़ा

सुंदरनगर । तलेली गांव में 2009 में मंदिर में चोरी हुई थी, जिसमें आरोपी को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया गया था, जिसकी जमानत के बाद यह व्यक्ति कोर्ट में कभी हाजिर नहीं हुआ जिसे सुंदरनगर कोर्ट ने 2023 में भगोड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी की पहचान अरुण कुमार पुत्र मदन लाल उम्र 34 वर्ष निवासी बिलासपुर के रूप में की गई थी। वहीं एएसआई दौलत राम की अगुआई में एक टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए नौनी में दबिश दी गई। जहां से आरोपी को पकड़ कर पुलिस सुंदरनगर ले आई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

नशे के खिलाफ ज्ञान विज्ञान समिति चलाएगी अभियान

मंडी । हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने नशे के राज्यव्यापी अभियान चलाने के लिए योजना तैयार की है, जिसके लिए साक्षरता भवन मंडी में नशे के कारणों, दुष्प्रभावों और रोकथाम के उपायों बारे 21 व 22 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ज्ञान विज्ञान समिति जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी, गुंजन संस्था कांगड़ा, साक्षरता समिति मंडी और राज्य संसाधन केंद्र शिमला के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मंडी जन विकास एवं साक्षरता समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व नगर निगम मंडी नेला वार्ड के पार्षद राजेंद्र मोहन ने किया। कार्यशाला में अगले तीन महीने का एक्शन प्लान भी तैयार किया जिसके तहत 31 मई को तंबाकू निषेध दिवस से सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा और 28 जून को नशीली दवा निषेध दिवस पर खंड स्तर पर नशा भगाओ-युवा बचाओ-भविष्य बचाओ रैलियां आयोजित की जाएंगी।

मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार : मनीश

जोगिंद्रनगर । एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि सरकार चुनने में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने आगामी एक जून को अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान करने का भी आह्वान किया है। इस दौरान उन्होंने आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में राधा कृष्ण हाउस पहले, डॉ. बीआर अंबेडकर हाऊस दूसरे तथा नेता जी सुभाष चंद्र बोस हाउस तीसरे स्थान पर रहा।

नुक्कड़ नाटक से दिया मतदान का संदेश

करसोग । करसोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर में राजकीय महाविद्यालय करसोग के रोवर रेंजर यूनिट के छात्रों द्वारा एसडीएम करसोग राज कुमार की उपस्थिति में लघु नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किए गए इस नाटक में रोवर रेंजेर यूनिट करसोग के छात्रों द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में क्षेत्र के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लघु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया। इस अवसर पर चुराग स्पर्श शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी करसोग बिपाशा भाटिया, पंकज गुप्ता सहित विभिन्न कर्मचारी उपस्थित थे।

बच्चों को बताया मतदान का महत्व

गोहर । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरौर और मौविसेरी में मतदान का महत्व समझाया गया और मतदान की शपथ दिलाई गई। एसडीएम गोहर ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरौर व मौविसेरी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। तरौर स्कूल के पेंटिंग में मितुल वशिष्ट और भरत प्रकाश, नारा लेखन में अंतरा कश्यप और कशिश क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। मौविसेरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम महाजन, ईएलसी इंचार्ज सुमना स्टाफ सदस्य, स्थानीय बीएलओ व बच्चे आदि उपस्थित थे।

सरकाघाट में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

सरकाघाट । राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में स्थापित बूथ में स्थानीय लोगों तथा विद्यार्थियों को मत व मतदान बारे जागरूक किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी कर्म सिंह पराशर ने लोगों से आगामी लोकसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ व अन्य व्यक्ति व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पठानकोट-मंडी फोरलेन के लिए हो रहा अधिग्रहण, 27 साल बाद दूसरी बार उजड़ने का खतरा

हिमाचल दर्शन गैलरी मिटने की कगार पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भारतवर्ष की अनूठी धरोहर हिमाचल दर्शन गैलरी के उजड़ने का खतरा एक फिर पैदा हो गया है। बता दें कि 27 वर्ष पहले स्थापित की 'हिमाचल दर्शन गैलरी' में एक ही छत के नीचे हिमाचल के दर्शन होते हैं। इसमें प्राचीन कलाकृतियां और प्रदेश के हर भाग के फोटो एक साथ देखने को मिलेंगे, लेकिन अब यह मिटने के कगार पर पहुंचाई जाने वाली है।

गौर हो कि वर्ष 2018 में विस्थापन का दंश झेलने के बाद लगातार पांच साल के प्रयास से फिर से बेहद आकर्षक बनाया गया, तो अब पठानकोट मंडी फोरलेन के लिए इसे अधिग्रहित किया जा रहा है। इसको उजाड़ने से बचाने के लिए संस्थापक बीरबल शर्मा हर राजनेता और अधिकारी के पास गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी धरोहर को बचाने के लिए मुहर नहीं लगाई।

हिमाचल दर्शन गैलरी का बाहरी दृश्य व (इनसेट में) अंदर रखी गई कलाकृतियां।

विकास की भेंट चढ़ रही गैलरी

बीरबल शर्मा ने बताया कि इसे बचाने के लिए हर दरवाजे पर दस्तक दी गई, मगर असफलता ही हाथ लगी। अब वर्तमान हालातों में जमीन की आसमान को छूती दरों, मुआवजा राशि बेहद कम मिलने व पहले जैसा जुनून व उम्र अधिक होने के चलते शायद इसे फिर से बनाया जा सकेगा। ऐसे में वह सरकार को एक पत्र लिख कर आग्रह करने जा रहे हैं कि इसके सारे संकलन या जो जरूरी हो उसे अपने अधीन लेकर मंडी में ही किसी जगह पर इसे स्थापित कर दिया जाए, ताकि मंडी में भी एक संग्रहालय किसी ने किसी रूप में रह जाए। बीरबल शर्मा ने बताया कि 27 साल में देश विदेश के दर्शकों ने अपने भ्रमण के दौरान इसके लिए सार्थक टिप्पणियां की हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि ऐसा संग्रहालय पूरे देश में कहीं भी नहीं है। जिस संग्रहालय को बनाने के लिए वर्षों लगा दिए उसे कथित विकास की आड़ में खत्म किया जा रहा है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में

तरयाम्बली के मतदाताओं को किया जागरूक

जोगिंद्रनगर । ग्राम पंचायत तरयाम्बली, खुड्डी व भगेहड़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी, चौंतड़ा श्रवण कुमार द्वारा की गई।

उन्होंने लोगों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी भाग लें। साथ ही उन्होंने लोगों से गांव के अन्य लोगों को भी जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाई जा सके। इस दौरान संबंधित पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

24 को होगी मतदान कर्मियों की चुनावी रिहर्सल : सुरजीत

अनंत ज्ञान, पधर

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम पधर सुरजीत ने कहा कि गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज द्रंग एट नारला में आगामी लोकसभा चुनावों के सुचारु रूप से संचालन के लिए 24 अप्रैल को मतदान कर्मियों की रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस पूर्वाभ्यास में मतदान कर्मियों को मतदान से संबंधित जानकारी दी जाएगी। पूर्वाभ्यास स्थल पर ईवीएम मशीनों का व्यवहारिक तौर पर चुनावी कर्मियों को प्रशिक्षण भी करवाया जाएगा।

पूर्वाभ्यास स्थल पर एक कृत्रिम (डेमो) मतदान केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, ताकि पूर्वाभ्यास हेतु आए चुनाव मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र स्थापित किए जाने का प्रशिक्षण दिया जा सके, इसके अतिरिक्त स्वीकृत गतिविधियों के लिए सेल्फी प्वाइंट एवं पोस्टर बैनर भी पुर्वाभ्यास स्थल पर स्थापित किए जाएंगे।

भगत सिंह ने संभाला विजिलेंस का अतिरिक्त कार्यभार

मंडी । 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी भगत सिंह ठाकुर ने एसपी स्टेट विजिलेंस एंड एंटी क्रप्शन ब्यूरो मंडी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। आईपीएस अधिकारी राहुल नाथ की प्रमोशन के बाद यह पद खाली चल रहा था। सरकार ने अब इस पद का अतिरिक्त कार्यभार तेजतर्रार पुलिस अधिकारी भगत सिंह ठाकुर को सौंपा है।

बिजली बिल 24 को होंगे जमा

नेरचौक । विद्युत उपमंडल बग्गी के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता के बिजली के बिल 25 अप्रैल को लोकसभा ड्यूटी के चलते सुराहांडी कोट, टावां स्कूल, घट्टा सेक्शन में जमा नहीं होंगे।

विद्युत बोर्ड मंडल बग्गी के सहायक अभियंता रेवती रमन शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता 24 अप्रैल को ऑनलाइन माध्यम से बिल जमा कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव ड्यूटी की पूर्वाभ्यास के चलते यह समस्या आ रही है।

विद्यार्थियों ने औषधियों के बारे में ली जानकारी

हर्बल गार्डन में भ्रमण के दौरान जड़ी बूटी की जानकारी लेते छात्र व छात्राएं।

जोगिंद्रनगर । डीएवी पब्लिक विद्यालय जोगिंद्रनगर में कक्षा चौथी व कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं ने किया। शैक्षणिक भ्रमण हर्बल गार्डन में औषधियों की जानकारी ली, बच्चों में व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए डीएवी विद्यालय जोगिंद्रनगर के चौथी व पांचवीं कक्षा के 75 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

छात्र-छात्राओं को सबसे पहले हर्बल गार्डन का भ्रमण करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए ऐसे शैक्षिक भ्रमण जरूरी होते हैं। अध्यापिका बीना कुमारी व आया रीता देवी की देख-रेख में बच्चों ने खूब मस्ती भी की।

प्रत्याशी घोषित न करने से कांग्रेस बनी हंसी का पात्र : राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

प्रदेश में आपराधिक मामलों और कानून व्यवस्था पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक सुंदरनगर ने प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अब की बार चार की चार, 400 पार और मोदी तीसरी बार का सिलसिला सूरत गुजरात से एक सांसद के निर्विरोध चुने जाने से शुरू हो गया हैं। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशी भी मैदान में उतार नहीं पाई है।

पूर्व सरकार द्वारा खुले ऑक्सीजन प्लांट प्रदेश भर में बंद कर दिए गए हैं, हिम केयर जैसी आम आदमी की योजना बंद होने की कगार पर है। हिम केयर

विधायक राकेश पत्रकारों को संबोधित करते।

योजना का 300 करोड़ सरकार देने से कतरा रही है। उन्होने सरकार पर जिला के साथ तो लगातार भेदभाव का आरोप जड़ा।

पूर्व जयराम सरकार ने मंडी को सरदार पटेल विश्वविद्यालय जैसा बड़ा तोहफा दिया परंतु यह विश्वविद्यालय आज सुक्खू सरकार की आंखों में खटक रहा है और लगातार इसको बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म पर शिक्षित होंगे सरकारी स्कूल के विद्यार्थी

रोटेरियनों को संबोधित करते अध्यक्ष एनआर बरवाल।

जोगिंद्रनगर । मंडी जिला के जोगिंद्रनगर में अब रोटरी के ई लर्निंग प्लेटफॉर्म पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी शिक्षित होंगे। इसके लिए लाखों रुपए का बजट रोटरी के माध्यम से खर्च किया जाएगा। ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म अब उपमंडल के अन्य सरकारी स्कूलों में भी इस प्रोजेक्ट को धरातल में उतारने की तैयारी रोटरी क्लब ने शुरू कर दी है।

रोटरी इंटरनैशनल 3070 के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय ठाकुर ने बताया कि इस साल के शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवता में विस्तार लाने के लिए नए ई लर्निंग प्लेटफॉर्म रोटरी के माध्यम से स्थापित करने की योजना का प्रारूप तैयार किया गया है। अध्यक्ष एनआर बरवाल ने बताया कि 26 से 28 अप्रैल तक नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में मेजर शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन भी रोटरी के माध्यम से किया जाएगा।

प्रशासन ने पार्किंग तो दी पर नहीं लगा बोर्ड : हेमलता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की मासिक बैठक का आयोजन भूतनाथ मंदिर परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला प्रधान हेमलता पठानिया ने बताया कि छह अप्रैल को एसडीएम मंडी ओमकांत ठाकुर को एक पत्र के माध्यम से डीसी कार्यालय के बाहर दिव्यांगों के लिए रिजर्व पार्किंग के लिए कहा गया था, जिसमें उन्होंने आश्वस्त किया था कि वहां पर बोर्ड भी लगा दिया जाएगा।

हेमलता पठानिया ने बताया कि दिव्यांगों के लिए दी गई पार्किंग को अन्य वाहनों द्वारा घेर लिया जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द उक्त स्थान में बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल क्षेत्रीय प्रबंधक मंडी से भी यूडीआईडी कार्ड की समस्या के बारे उन्हें ज्ञापन प्रेषित किया था, जिसमें उन्होंने डिजी लॉकर और यूडीआईडी कार्ड के प्रिंट का मान्य करने को कह दिया है। उन्होंने बताया कि एचआरटीसी के कंडक्टर इस कार्ड को मान्य नहीं कर रहें है और दिव्यांगों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहें है।

उन्होंने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से आग्रह किया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देकर सरकाघाट में दिव्यांगों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन करवाया जाए।

हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की बैठक की अध्यक्षता करती हेमलता पठानिया।

28 को जोगिंद्रनगर आएंगे विक्रमादित्य

जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 अप्रैल को मंडी संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का जोगिंद्रनगर में पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा।

पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र पाल और जगमोहन ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि विक्रमादित्य प्रदेश को जीताने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता रात दिन एक कर दें। इस बैठक में पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र पाल, जगमोहन ठाकुर, राकेश धरवाल राकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

चुनाव में मादक पदार्थ वितरित करना लोकतंत्र के लिए खतरा

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के सदस्य ज्ञापन सौंपते हुए।

अनंत ज्ञान, नेरचौक

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति बल्ह ब्लॉक के अध्यक्ष सुमन चौधरी की अध्यक्षता में उपमंडल अधिकारी विशाल शर्मा के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल को चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन दिया गया। समिति ने कहा कि कई राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा जीत के लिए मतदाताओं को शराब, नशीली दवाओं और पैसों आदि का आवंटन किया जाता है। जिस पर नशे के ऊपर पूरी तरह लगाम लगाई जाए। इस दौरान जोगिंद्र वालिया, नंदलाल व कांता शर्मा, शामिल रहे।

अनदेखी — 'स्वच्छ मंडी स्वस्थ मंडी' मुहिम को कुछ शहरवासी लगा रहे हैं पलीता

पुलिस लाइन के द्वार पर वेस्ट मैटीरियल व गंदगी का पहरा

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

नगर निगम द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए 'स्वच्छ मंडी स्वस्थ मंडी' का नारा देते हुए भरपूर प्रयास किया जा रहे है। महापौर, उपमहापौर, सभी पार्षद, कमिश्नर, संपूर्ण स्टाफ व सफाई कर्मी सभी इसमें प्रयास रहते हैं। घर-घर से कूड़ा उठाना, गंदगी फैलाने पर चालान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता सभी कुछ जारी है। इसी बीच कुछ शहर वासी इस मुहिम को पलीता लगा रहे हैं।

शहरवासी भवन या अन्य निर्माण से निकली हुई मिट्टी या अन्य वेस्ट मैटीरियल सार्वजनिक स्थान पर डंप कर देते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यह डंप किया हुआ मैटीरियल बहुत लंबे समय तक वहीं पर ढेर के रूप में चांद में दाग की मानिंद आंखों को चुभता है।

डाक विभाग का लैटर बाक्स वेस्ट मैटीरियल के ढेर पर

अनंत ज्ञान द्वारा छेड़ी गई मुहिम में ऐसे दाग ढूंढ-ढूंढ कर नगर निगम के ध्यान में ले जा रहे हैं और नगर निगम द्वारा तुरंत इस पर कार्रवाई कर मोहन को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में पड्डल पुलिस लाइन गेट के बाहर ऐसी ही वेस्ट निर्माण सामग्री, पत्थर व मिट्टी अव्यवस्थित हालत में लंबे समय से पड़ी हुई है। पीएनबी के एटीएम के साथ ही यह वेस्ट मटेरियल गंदगी के रूप में स्वच्छता मुहिम को दाग धार बना रहा है।

पड्डल पुलिस लाइन के गेट के पास निर्माण सामग्री के लगे ढेर।

इसी अव्यवस्थित ढेर के ऊपर डाक विभाग का एक लैटर बॉक्स बहुत ही दयनीय हालत में स्थापित है। इसकी हालत देखकर लोग ऐसा सोचते हैं कि पता नहीं यह लेटर बॉक्स उपयोग में है भी या नहीं।

इसी प्रकार से 15 कदम आगे बस अड्डे के निकास द्वार पर रखा गया पार्किंग निषेध का बोर्ड व उसके आसपास कंक्रीट नुमा पत्थरों के मध्य खाद्य वस्तुओं के रेपर व अन्य गंदगी भी मुसाफिरों की आंखों को तो चुभती है साथ में स्वच्छता मुहिम के भी आड़े आ रही है।अनंत ज्ञान ने जब यह मामला महापौर विजेंद्र भट्ट के ध्यान में लाया तो उन्होंने तुरंत इस पर कार्यवाही करने की बात कही। (अनंत ज्ञान)

मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में नए सत्र 2024-25 की शुरूआत हवन से की गई। प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर, स्कूल के एमडी मनोज ठाकुर सहित स्कूल के सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों ने पूर्ण रूप से भाग लिया। इस सत्र के शुभारंभ के साथ ही विद्यालय ने अपनी स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं।

विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या एक हजार को छू गई है। विद्यालय में न्यू एजुकेशन पॉलिसी की गाइड लाइन को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय में एनसीसी व अटल टिंकरिंग लैब सुचारू रूप से चल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय को विशेष रूप से महत्व इस विद्यालय में दिया गया है।

नए सत्र की शुरुआत हवन-यज्ञ से करते हुए।

बच्चों में इस विषय का व्यावहारिक ज्ञान डालने और उनमें स्किल डेवलप करने के लिए इसे अटल टिंकरिंग लैब के साथ इंटीग्रेट किया गया है।

विद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर स्कूल दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए व बच्चों में मिठाई बांटी गई। स्कूल के मेधावी छात्रों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

लाइसेंसी हथियार जमा करवाने की तिथि कल तक बढ़ी

ऊना। जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने जिले में लोकसभा चुनाव और 2 विधानसभा उपचुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भय मुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी शस्त्र धारकों को 25 अप्रैल तक अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने के आदेश दिए हैं। पहले इसके लिए 20 अप्रैल की डेडलाइन थी। उन्होंने सभी शस्त्रधारकों से 25 अप्रैल तक अपने हथियार एवं गोला बारूद नजदीकी पुलिस थानों या फिर अधिकृत डीलर अथवा शस्त्र घर में जमा करवाने को कहा है। 25 अप्रैल तक अपने हथियार जमा नहीं करवाने वालों के लाइसेंस कैंसिल करने के साथ ही उनके हथियार जब्त कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र, अर्धसैनिक बल, होमगार्ड, पुलिस कर्मी, राष्ट्रीयकृत अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सुरक्षा गार्ड और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मियों पर लागू नहीं होंगे इसके अलावा राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले सदस्यों को भी इन आदेशों से छूट रहेगी।

आखिर एसडीएम ने हटवा दिया मकान पर गिरा आम का पेड़

राजस्व अधिकारी करेंगे नुकसान का आकलन, पीड़ित ने पहले ही जताई थी नुकसान होने की आशंका

अनंत ज्ञान, गगरेट

उपमंडल गगरेट के कुठेड़ा जसवालां गांव में आफत बनकर एक घर पर गिरे आम के पेड़ को मकान से उठाने के लिए प्रशासनिक कसरत शुरू हुई है। एसडीएम सौमिल गौतम के प्रयासों से वन विभाग व लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम पीड़ित परिवार के घर पहुंची और मकान पर गिरे पेड़ को हटाने का काम शुरू हुआ।

यही नहीं बल्कि एसडीएम सौमिल गौतम ने राजस्व अधिकारियों को भी पीड़ित परिवार को इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा है। कुठेड़ा जसवालां गांव की आशा देवी के घर के साथ खतरा बनकर मंडरा रहे आम के पेड़ को कटवाने के लिए कई जगह गुहार लगाती रही, लेकिन एसडीएम की ओर से आम का पेड़ काटने की अनुमति प्रदान करने के बावजूद संबंधित महकमे समय पर आम के पेड़ को नहीं काट पाए।

इसी बीच आए भयंकर तूफान में आम का पेड़ जड़ों समेत उखड़ कर आशा देवी के घर व पशुशाला पर गिर गया। इससे पशुशाला के ध्वस्त होने के साथ मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आम का पेड़ गिरने के बावजूद संबंधित महकमे लापरवाही बरतते दिखाई दिए। मीडिया में यह मामला सुर्खियां बनने के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आया और आम के पेड़ को घर के ऊपर से हटाने के लिए एसडीएम सौमिल गौतम ने खुद मोर्चा संभाला।

उन्होंने न सिर्फ वन विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत की, बल्कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी वन विभाग की मदद करने को कहा। इस पर भीमकाय आम के पेड़ को घर के ऊपर से हटाने का काम शुरू हुआ। आम के पेड़ की भारी भरकम शाखाओं को हाइड्रा मशीन की मदद से मकान से ऊपर से हटाया गया। इसके बाद अब राजस्व विभाग के अधिकारी आम का पेड़ गिरने से हुए नुकसान का आकलन कर नक्शा रिपोर्ट बनाएंगे। इसके बाद पीड़ित परिवार को राहत मैनुअल के अनुसार राहत राशि प्रदान की जा सकेगी।

एसडीएम ने बताया कि आम का पेड़ मकान से हटा दिया गया है। राजस्व विभाग के अधिकारियों को पीड़ित परिवार के मकान व पशुशाला के हुए नुकसान का आकलन करने को कहा गया है। नक्शा रिपोर्ट जमा होने के बाद राहत मैनुअल के अनुसार राहत राशि प्रदान की जाएगी।

क्षतिग्रस्त मकान से पेड़ हटाते विभाग के कर्मचारी।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

हमीरपुर ने बनाई पहली पारी में 22 रन की बढ़त

अनंत ज्ञान, ऊना

अंडर 16 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का तीन दिवसीय सेमीफाइनल मुकाबला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में कुल्लू और हमीरपुर के बीच में आरंभ हुआ। इसमें कुल्लू की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कुल्लू की टीम का निर्णय सही साबित नहीं हुआ, जब कुल्लू की टीम के 4 रन पर चार खिलाड़ी आउट हो गए।

अमनदीप ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला और टीम के लिए 87 रन का योगदान दिया। आदित ठाकुर ने 16 रन, स्पर्श नायर ने 11 रन बनाए। कुल्लू की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 136 रन बनाए।

वरुण सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि साहिल कुमार ने दो, ओम महादेव ने एक, अक्षत शर्मा और कृष्ण कुमार ने एक खिलाड़ी को आउट किया। हमीरपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट होकर 158 रन बनाए। शौर्य जमवाल ने 68, आर्यन जग्गी ने 42 रन, ओम महादेव 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। मोहित ठाकुर और वेदांत शर्मा ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

कांगड़ा ने पहली पारी में बनाए 210 रन

ऊना। पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में तीन दिवसीय सेमीफाइनल मुकाबला कांगड़ा और शिमला के बीच आरंभ हुआ। इसमें कांगड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 210 रन बनाए। आदित्य राणा ने 75, वंश ठाकुर ने 29, प्रांशुल ने 27 नाबाद, मयंक सोनी ने 20 रन बनाए। साहिल चौहान ने चार, उत्कर्ष ने तीन, पार्थ सूद ने दो और उदित चतुर्वेदी ने एक खिलाड़ी को आउट किया। शिमला की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 21 रन बना लिए हैं।

ज्वाल ढूहल भटवाला में वन काटुओं ने काटे पेड़

मलकीती जमीनों से कटा हुआ पेड़।

गोंदपुर बनेहड़ा। ढूहल भटवालां ज्वाल बस्ती चौल में वन काटू सक्रिय हो गए हैं। लोगों की मलकीती जमीनों से पेड़ काटकर ट्रेक्टरों में डालकर बेच रहे हैं, जिन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। वन विभाग को ऐसे ठेकेदारों और वन काटुओं के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों हंसराज, लेखराज, संजू शर्मा, प्रमोद कुमार, नरेश शर्मा, राकेश कुमार, राजेंद्र शर्मा, राजन शर्मा ने बताया कि उनकी पैतृक जमीनों से फलदार पौधे काटे जा रहे हैं और ठेकेदार अपनी मर्जी से साझी संपदा से पौधे काट रहा है, जो सरेआम गुंडाराज है। इस बारे में ब्लॉक रेंज ऑफिसर किशोरी लाल ने कहा कि इस बारे में शीघ्र कार्य में अमल में लाई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यहां के काफी परिवार अन्य राज्यों में रहते हैं और उनकी अनुपस्थिति में कुछ स्थानीय लोग लकड़ी तस्करों से मिलकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

स्वीप के तहत निकाली मतदाता जागरूकता रैली

ऊना। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चढ़तगढ़ में प्रधानाचार्य शिव देव शर्मा और स्वीप की नोडल अधिकारी शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

सुरेश बने कुटलैहड़ कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

ऊना। चुनावों की आपाधापी के बीच सुरेश कुमार को कुटलैहड़ कांग्रेस सेवादल का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस की कुटलैहड़ इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष दौलत राम ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सुरेश कुमार कांग्रेस सेवादल में लंबे अरसे से पार्टी के लिए कार्य कर चुके हैं और उन्होंने हमेशा ही पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते आए हैं। दौलत राम ने उनकी नियुक्ति के बाद कुटलैहड़ में कांग्रेस के और मजबूत होने की आशा व्यक्त की है।

सुरेश कुमार को नियुक्ति पत्र देते कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी।

कलामंच के कलाकारों ने बताया मतदान का महत्व

एकलव्य कलामंच और पूर्वी कलामंच के कलाकार मतदान का महत्व बताते हुए।

ऊना। लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा उपचुनावों के मद्देनजर प्रशासन की ओर से लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने हरोली विधानसभा की पंचायत कुठारबीत और चंदपुर में नुक्कड़-नाटक, गीत-संगीत व स्लोगन के जरिए लोगों को वोट के महत्व को समझाया और पहली जून को होने वाले मतदान में कर्तव्य समझ कर अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बनें। कलाकारों ने स्थानीय लोगों को 'लोकतंत्र का यह आधार, वोट न हो कोई बेकार' 'देश के विकास में दें अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान' जैसे स्लोगनों के जरिए लोगों को वोट के प्रति जागरूक व प्रेरित किया। इसके अलावा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत बंगाणा और थानाकलां में पूर्वी कलामंच के कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित कर युवाओं और आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नए मतदाताओं और आम लोगों को नुक्कड़ नाटकों, हस्ताक्षर अभियान, नारा लेखन सहित विभिन्न गतिविधियों के जरिए वोट के महत्व बारे बताया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

सुक्खू सरकार की अब झूठी गारंटियों के सहारे नहीं होगी वैतरणी पार : भुट्टो

जन संपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो अपने समर्थकों के साथ।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से अब लोकसभा चुनावों में एक बार फिर राज्य की महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने की बात हर मंच से की जा रही है, लेकिन 15 माह सरकार को बने हुए हो गए हैं। कितनी महिलाओं के खाते में प्रदेश सरकार ने 1500 रुपए डाले हैं। यह भी मुख्यमंत्री जनता में स्पष्ट करें।

ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने जन संपर्क अभियान के तहत खुरवाई, थानाकलां, डुमखर एवं बंगाणा बाजार में जनता से कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार झूठ की गारंटियों के साथ विधानसभा चुनाव तो जीत गई थी, लेकिन अब लोकसभा और उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का मुंह देखना पड़ेगा, क्योंकि 15 माह के कार्यकाल में सुक्खू सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है, जो वह राज्य की जनता के सामने सार्वजनिक करें।

उन्होंने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और अगर प्रदेश की बात की जाए तो केंद्र सरकार से डेढ़ माह में हजारों करोड़ की आर्थिक सहायता मिलने के बाद भी सुक्खू सरकार ने मित्रों की मंडली को खुश करने के लिए 15 माह में 21 हजार करोड़ से ज्यादा कर्ज लेकर हिमाचल की जनता को कर्ज तले डुबोने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता के एक एक काम के लिए हमने 100-100 चक्कर मुख्यमंत्री सुक्खू के पास लगाए हैं।

हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा

दौलतपुर चौक। अटूट श्रद्धा और भक्ति के बारे में सोचने पर सबसे पहले भगवान हनुमान याद आते हैं। उन्हें मारुती, अंजनि पुत्र, पवन पुत्र, केसरी पुत्र और केसरी नंदन जैसे कई नामों से जाना जाता है। गगरेट क्षेत्र के गांव नकड़ोह, भंजाल बड़ा तालाब तथा दौलतपुर चौक में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर श्री हनुमान के भक्तों की ओर से दौलतपुर चौक में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में माहौल भक्तिमय हो गया। मान्यता है कि जो भक्त इस दिन श्रीराम जी के साथ भगवान हनुमान की पूजा करते हैं, उनके सभी संकटों का अंत हो जाता है।

धुंदला बंडा ननावीं में सात दिवसीय रामायण कथा का समापन

बंगाणा। बंगाणा के धुंदला बंडा ननावीं में वर्मा परिवार की ओर से रामायण कथा का आयोजन कराया। इसमें कथा वाचक आचार्य शेखर भारद्वाज ने सात दिनों तक रामायण कथा का वाचन किया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने रामायण कथा श्रवण की।

आईटीआई प्रशिक्षुओं के साक्षात्कार कल

ऊना। हौंडा कार इंडिया लिमिटेड राजस्थान की ओर से 25 अप्रैल को आईटीआई ऊना में फिटर, ऑटोमोबाइल, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक आदि ट्रेड के 150 पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। यह जानकारी आईटीआई ऊना के प्रधानाचार्य ई. अंशुल भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि कंपनी को 100 अप्रेंटिसशिप 50 फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स की जरूरत है। अप्रेंटिसशिप के लिए आईटीआई (फ्रेशर), जिनकी आयु 18 से 23 के बीच, जबकि फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स के लिए आयु 19 से 25 के बीच और कम से कम 6 महीने का अनुभव आवश्यक है।

अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश अथवा पंजाब का स्थायी निवासी होना चाहिए और कोविड की दोनों डोज लगी होनी चाहिए। कंपनी द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभियार्थियों को 12850 रुपए प्रतिमाह और फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स के लिए चयनित अभियार्थियों को 24250 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति के लिए पांच कार्य अवश्य करना जरूरी : आचार्य शर्मा

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के सोहारी के गांव घराना में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कथा प्रसंग में कलयुग में जी रहे जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कलयुग में मनुष्य को अपने जीवन में पांच कार्य जरूरी करने चाहिएं, ताकि जब इस संसार से मनुष्य की बिदाई हो, तो यही पांच काम मनुष्य की ढाल बनकर उसे मोक्ष प्रदान करें।

कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि मनुष्य का पहला काम गंगा स्नान, दूसरा काम गीता पाठ, तृतीय काम गायत्री जाप, चौथा काम गोबिंद भजन और पांचवां काम प्रभु नाम। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा का एक हजार फल प्राप्त होता है, लेकिन कथा करवाने या सुनने का भी विधान है और जो मनुष्य विधिवत कथा श्रवण करते हैं, उन्हें राजा परीक्षित जैसा मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का सार केवल कलयुग में मनुष्य को भव सागर पार करने के लिए है और जो मनुष्य श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करता है, उस मनुष्य का भव सागर पार हो जाता है।

कथा व्यास ने कहा कि वर्तमान समय में गो सेवा का अहम फल मिलता है। कृपया कर गो माता को सड़कों पर बेसहारा न छोड़ें। वहीं, कथा विराम के बाद कथा में आए वरिष्ठ एवं गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण हुआ।

इस मौके पर आयोजिक वीरेंद्र कुमार मेहता, विशाल कुमार श्रीराम नाटक क्लब हटली की महिला प्रधान ज्योति, हंसराज बरजाता अंकुश बरजाता, मंच संचालक आदित्य शर्मा, विवेकशील शर्मा, कुलदीप शर्मा के अलावा सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आचार्य डॉ. सुमन शर्मा प्रवचन करते हुए, साथ में लोग श्रवण करते हुए।

अंब महाविद्यालय में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

अनंत ज्ञान, अंब

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में धूम्रपान व तंबाकू उत्पाद नियंत्रण टीम से आए स्थानीय अस्पताल के डॉ. रोहित शर्मा ने समस्त स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारा युवा नशे में डूबता जा रहा है, जो कि एक चिंता का विषय है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को समय-समय पर जागरूक करें। समस्त सर्वेक्षण टीम ने संस्थान की जांच व सर्वेक्षण करके पाया कि संपूर्ण महाविद्यालय धूम्रपान व तंबाकू मुक्त संस्थान है। उन्होंने महाविद्यालय को इस सफलता के लिए महाविद्यालय को ए ग्रेड प्रमाण पत्र भी प्रदान किया व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार को भी सर्वश्रेष्ठ धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पाद मुक्त परिसर संस्थान पर शुभकामनाएं दीं। इस सर्वे में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब को 100 में से 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और यह संपूर्ण महाविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान में शामिल गणमान्य लोग।

शुरुआत डीसी जतिन लाल ने किया शुभारंभ, फाउंडेशन को हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

देवभूमि फाउंडेशन देगी प्रदेश में मुफ्त एंबुलेंस सेवा

अनंत ज्ञान, ऊना

पूरे हिमाचल में ऊना से संचालित होने वाली सेवा संस्था देवभूमि फाउंडेशन 2015 से समाज में सेवा और सौहार्द के कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाती आई है। इस संस्था ने समय-समय पर आपदा चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई सेवाएं प्रदान की हैं।

आर्थिक रूप से तंगहाल परिवारों के कई बच्चों के लिए किताबें, स्कूल की फीस या कॉलेज की फीस आदि की सेवा निरंतर देवभूमि फाउंडेशन के सेवादार करते आए हैं। संस्था के संस्थापक प्रिंस ठाकुर ने बताया कि इन्हीं कारणों के चलते देवभूमि फाउंडेशन ने ऐसे मरीजों के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया है।

बता दें कि कोविड और पिछले वर्ष आई आपदा या कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति में देवभूमि फाउंडेशन ने लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें खाद्य एवं वस्त्र सामग्री समय पर पहुंचाई है।

चिकित्सा के क्षेत्र में समूचे हिमाचल प्रदेश या प्रदेश के बाहर देवभूमि फाउंडेशन की टीम स्वयं जरूरतमंदों के घर पहुंचती है और पूरी वेरिफिकेशन के बाद आर्थिक रूप से तंगहाल परिवारों को चयनित कर उनके इलाज में आर्थिक सहयोग देती है। संस्था के संस्थापक प्रिंस ठाकुर ने बताया कि हमारे समाज में घरों में बिस्तर पर कई ऐसे मरीज पड़े हैं, जिन्हें बार-बार पीजीआई या टांडा जैसे बड़े इंस्टीट्यूट में अपनी दवाइयां या चेकअप के लिए लगातार जाना पड़ता है, लेकिन आर्थिक रूप से तंगहाल ऐसे परिवार दवाइयां तो छोड़ो, अस्पताल तक पहुंच ही नहीं पाते, क्योंकि उनके पास साधन नहीं होता और यदि साधन हो भी जाए तो वह काफी महंगे होते हैं, जिसकी वजह से आर्थिक रूप से तंगहाल मरीज अपने लिए दवाइयां तक नहीं ले पाते। प्रिंस ठाकुर ने बताया कि इस एंबुलेंस का सपना उन्होंने काफी पहले देखा था, जिसे देवभूमि फाउंडेशन के कई सेवादारों ने मिलकर साकार किया है। इनमें वे सेवादार भी सम्मिलित हैं, जो रोज सिर्फ 100 रुपए कमाते हैं और वे सेवादार भी सम्मिलित हैं, जो रोज लाखों रुपए कमाते हैं, सबका अपना योगदान अपनी अपनी जगह बहुत अहम है।

यह एंबुलेंस आम मरीजों के लिए नो प्रॉफिट नो लॉस की तर्ज पर चलेगी और निम्न परिस्थितियों में यह एंबुलेंस मुफ्त सेवाएं प्रदान करेगी। संस्था की ओर से एक से 5 साल से नीचे आर्थिक तंगहाल परिवारों के बच्चों के लिए मुफ्त सेवा, बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आने वाली विधवा बहनों के परिवार के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। एंबुलेंस में ले जाते हुए रास्ते में यदि मरीज का अगर निधन हो जाता है, तब शुल्क वसूल नहीं जाएगा।

महादेव मंदिर अप्पर कोटा कला के महंत श्री मंगलानंद जी महाराज की ओर से उनके आशीर्वाद के साथ एंबुलेंस का शुभारंभ किया गया तथा साथ ही जिला उपायुक्त जतिन लाल द्वारा रिबन काटकर एंबुलेंस का उद्घाटन किया। इस दौरान देवभूमि फाउंडेशन के द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों के प्रति उपायुक्त जतिन लाल ने काफी सराहना की और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

एंबुलेंस सेवा के शुभारंभ पर डीसी, आयोजक और महादेव जी के महंत।

मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदाता की भूमिका बारे किया जागरूक

एकलव्य कलामंच के कलाकार गीत संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक करते हुए।

अनंत ज्ञान, ऊना

लोकसभा चुनाव और ऊना जिले के दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उपचुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार संचालित स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत हरोली विस की पंचायत पूबोवाल और पालकवाह में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रणाली में वोट के महत्व बारे जनता को जागरूक किया। इस दौरान मतदाताओं ने हस्ताक्षर अभियान में भी बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई और मतदान अवश्य करने का प्रण लिया।

कलाकारों ने 'आओ सारे मतदान करें', 'युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान', 'परिवार सहित मतदान को जाना, देश को तुम्हें है श्रेष्ठ बनाना' जैसे अनेक स्लोगन देकर वोटरों को मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक का मंचन करके भी मजबूत लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका के महत्व बारे संदेश दिया।

4 मई तक बनाए जा सकेंगे नए वोट : डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने जानकारी दी कि एक अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना वोट 4 मई 2024 तक बूथ लेवल अधिकारी से बनवा सकते हैं अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विवाह व निवास स्थानांतरण की स्थिति में अपने वोट को स्थानांतरित भी करवा सकते हैं।

संपादकीय

नेताओं के बिगड़े बोल

लोकतंत्र के महापर्व में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग पहले से भी ज्यादा तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोपों का दौर ऐसा चल रहा है, जैसे भारत-पाकिस्तान का युद्ध हो रहा हो। इस चढ़ते सियासी पारे को देखकर ऐसा आभास हो रहा है कि नेता मुद्दों से भटक गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली दौरान दिए बयान के बाद कांग्रेस भी आक्रामक हो गई है। दरअसल, मोदी ने कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है, तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। वह माताओं और बहनों के मंगलसूत्र भी बेच देगी। इस बयान के बाद ही देश का माहौल गरमाया हुआ है।

पीएम के अनुसार, मनमोहन सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। अब सवाल उठता है आखिर इन चुनावों में भाजपा और कांग्रेस का सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? क्या विपक्ष भी मुस्लिमों को मुख्यधारा में रखने से परहेज कर रहा है? लोगों के दावे के अनुसार भाजपा का पिछले दस साल का कामकाज बेहतर रहा है। तो क्या यह माना जाए कि भाजपा किए गए काम के बूते लोगों से वोट मांग रही है या फिर हिंदुत्व के मसले पर। अयोध्या में राम मंदिर मोदी सरकार के कार्यकाल में ही बना है। देश में इस वजह से भी भाजपा के पक्ष में लहर बनी हुई मानी जा सकती है, लेकिन क्या कांग्रेस वाकई मुसलमानों को अपना चुनावी वोट बैंक मानती है? यह भी सोचने वाली बात है।

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर ही सवाल उठा दिया है। इस बात पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा और पीएम मोदी भारत की जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में आर्थिक असमानताओं के मुद्दे पर प्रकाश डाला गया है। इसमें किसी से कुछ लेकर बांटने की बात नहीं कही गई है। 'व्यापक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना' का समर्थन किया गया है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को चुनौती दी है कि उनके घोषणा पत्र में कहीं भी हिंदू मुसलमान लिखा हो तो दिखा दें। कांग्रेस युवाओं, महिलाओं, किसानों, आदिवासियों, मध्यम वर्ग और श्रमिकों को न्याय देने की बात कर रही है। चाहे हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा हो या महंगाई कम करने का वादा हो, इन मसलों पर बात होनी चाहिए, नहीं तो जनता भी नेताओं के वादों को जुमले ही करार देगी। किसी भी नेता को वोट की खातिर झूठ नहीं बोलना चाहिए, वरना वह बड़ा मुद्दा बन जाता है। यही वजह है कि 2024 का चुनाव भाजपा बनाम जनता का चुनाव बन गया है।

विपक्षी गठबंधन एकजुट और मजबूत होने का दम भर रहा है। भाजपा इसे लेकर भी प्रचार कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस यह दावा कर रही है कि पहले चरण के चुनाव में जिस प्रकार जनता ने विपक्षी गठबंधन के पक्ष में उत्साह दिखाया, उससे भाजपा का मनोबल कमजोर हुआ है। प्रधानमंत्री का चुनावी भाषण इस बात का प्रमाण है कि वह पहले चरण के चुनाव की हकीकत समझ चुके हैं, तभी वह मनमोहन सिंह के बयान को 18 साल बाद इस चुनाव में उछाल रहे हैं। अफसोस है कि चुनाव आयोग आंख मूंदकर बैठा है। भारत विभिन्नता में एकता का देश है। यहां विभिन्न धर्म और पंथ को मानने वाले लोग हैं। सदियों से पूरे विश्व में इस बात से हमारी पहचान है, हमें सराहा जाता है।

आज देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। नेताओं को चाहिए कि वह मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से विश्व पटल पर भारत की भद्द पिट रही है। जनता के साथ छलावा नहीं होना चाहिए। युवाओं के भविष्य को अंधकार में नहीं धकेला जाना चाहिए। अग्निवीर योजना के नाम पर युवाओं का करियर चौपट नहीं होना चाहिए। पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं ने युवाओं का भरोसा तोड़ा है। ऐसे मुद्दों से जनता को अवगत करवाया जाना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में देश की राजनीति दोषारोपण मुक्त होगी।

धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं

पृथ्वी, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं। वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है, वह ईश्वर का आवास है।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित् जगत्यां जगत। इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता, तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ बसता नहीं है। वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है। हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है, वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भांति-भांति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य किस्म के वृक्ष-वनस्पतियां आदि जानें क्या-क्या बन जाता है। धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएं-कोयला, सोना, चांदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं, जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से संबंध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गई। भूमि को माता का दर्जा मिला, परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन खतरे में पड़ रहा है। हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है। उसे खोने का खतरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है।

विकास को लेकर चिंतन में 'टिकाऊ विकास' के लक्ष्यों को पहचानना सराहनीय कदम था, पर उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का खतरा बढ़ रहा है। सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फिराक में हैं।

ग्रीनगैस के उत्सर्जन को लेकर आज जो हालात हैं, उसमें यह स्थिति खास तौर पर दिख रही है। अब पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। विडंबना यह भी है कि इस वैश्विक पैमाने पर आ रही विपत्ति का नुकसान अक्सर कम विकसित देशों को ही भुगतना पड़ता है। अनुमान है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम हो सकते हैं। आज प्रौद्योगिकी का जिस तेजी से विकास हो रहा है, वह प्रकृति की संभावनाओं को और कुंठित करने वाला साबित हो रहा है। खेती में रासायनिक खाद और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुंच कर अनेक रोगों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्जा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव जंतु सभी परस्पर निर्भर हैं। ये सभी एक-दूसरे के लिए पूरक की तरह सक्रिय होकर काम करते हैं, परंतु मनुष्य प्रकृति से लेता तो है, पर उसे देने की बात याद नहीं रहती है। हां, कई लोगों को मन में यह भ्रम जरूर है कि प्रकृति असमाप्य है, कभी खत्म न होगी। हम प्रकृति को जड़ या निर्जीव मान कर मनोवांछित तरीके से इच्छानुसार उसके शोषण और दोहन में शामिल हो जाते हैं। यह हमारे स्वभाव का हिस्सा बनता जाता है। हम असंवेदनशील और असहिष्णु होकर हिंसक बनते जाते हैं।

पृथ्वी से मिलने वाले प्रसाद का सेवन श्रेयस्कर होता है, न कि लोभवश अंधाधुंध शोषण। पृथ्वी की अकूत संपदा में बहुत कुछ यदि पुनर्नवीकरण करने लायक (रिन्यूएबिल) होता है, तो बहुत कुछ उपयोग के साथ क्रमशः खत्म होता जाता है, परंतु यह सब देख हम पृथ्वी को एक संसाधन मान बैठते हैं, जिसका शोषण करने लगते हैं। पृथ्वी को उपभोग्य और उसके सभी पक्षों का उपभोग करते रहना हम अपना हक सा मान बैठे हैं। इस उपभोग के अनियंत्रित होने से जीवन की पारिस्थितिकी खतरे में पड़ने लगी है क्योंकि सब कुछ परस्पर संबंधित है। खेतीबाड़ी, काम-धंधा, सुख-स्वास्थ और सामाजिक-आर्थिक उन्नति से जुड़ी सारी गतिविधियां धरती पर ही टिकी हैं। दुनिया, जगत या पृथ्वी हमारे लिए साधन हैं जिनका मनमर्जी से उपयोग करना है। मनुष्य सब कुछ का केंद्र बन गया और उसके स्वार्थ की सिद्धि को प्रमुख मान लिया गया। पृथ्वी के सभी संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू हुआ। अनियंत्रित विकास के चलते एक ओर पृथ्वी की उर्वरा शक्ति कम होने लगी तो दूसरी ओर कूड़े-कचरे का ढेर लगने लगे। जो जितना विकसित हुआ, उसने उतना ही ज्यादा कूड़ा पैदा किया। देखते-देखते राजधानी दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में कूड़े के कई पहाड़ खड़े हो गए, जिनका निस्तारण असंभव सी परियोजना हो गई।

भारत भूमि ऐसी 'पुण्यभूमि' के रूप में याद की गई है, जहां जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। मातृभूमि की वंदना राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य भाग रहा है। यह राष्ट्रीय आस्था का विषय है। धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हो सकती। मातृभूमि के संवर्धन में ही सबकी वृद्धि है। मतभेद, प्रतिस्पर्धा और हिंसा के फलस्वरूप मातृभूमि की हानि और सामान्य जन-जीवन की भी हानि होती है। आज प्रकृति और मनुष्य के पारस्परिक रिश्ते को पहचानते हुए मनुष्य के आचरण पर बल देने की जरूरत है। अकेले मनुष्य नहीं बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच पारस्परिक संबंध महत्वपूर्ण है। हमें प्रकृति के सहचर के रूप में रहना होगा। वह हमारा ख्याल रखेगी, यदि हम उसका ख्याल रखेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थीं कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं।

वाजिब सवाल यह है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे-समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है, पर नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं, इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है, जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही ,नक्सली फिर भी बाज नहीं आ रहे। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

मन की ज्वाला

शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

मन की ज्वाला धधक रही, विकट स्थिति घनघोर है,
मृगतृष्णा लोलुपता की, उमंग तरंग फैली चहुं ओर है।
खग दिन भर दाना चुगता, क्षुधा कहां मिट पाती है,
उड़ता मन मोह पंख फैलाए, छूने क्षितिज का छोर है।
मन की ज्वाला, काम, क्रोध, मद लोभ में जलती है,
शांत कहां बैठे हैं निश्चल, प्रतिक्षण तृष्णा का शोर है।
मुट्ठी में भर ले व्योम सारा, वश में चांद सितारे भी,
रवि सम्मोहित कर जब उगता होती तभी भोर है।
मन की ज्वाला भस्मासुर बन स्वयं तन जलाती है,
अज्ञानी मन दर-दर भटके, मिले नहीं कहीं ठौर है।
हरि भजन में हो मग्न मिटते मन भीतर के विकार,
कर प्रतिक्षा मन से सदा मिलता कान्हा चितचोर है।
प्रेम प्यार की गंगा बहती मन की ज्वाला होती शांत,
भक्ति में इतनी शक्ति मर जाता भीतर मन का चोर है।
मन की ज्वाला धधक रही, विकट स्थिति घनघोर है।
मृगतृष्णा लोलुपता की, उमंग तरंग फैली चहुं ओर है।

बेजुबान ईवीएम से बेहतर कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता

मोदी विरोधी मोर्चा के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है, तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता।

लेखक : डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए संपन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है।

इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था।

वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं। अगर विपक्ष को लगता है कि ईवीएम में हेरफेर किया गया है, तो वे प्रचार करने ही क्यों जाता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

छात्रा पर कातिलाना हमला, दरिंदगी की सारी हदें की पार

कॉलेज छात्रा पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपी ने क्रूरता की सारी हदें पार की हैं। सोशल मीडिया में वायरल युवती की दर्दनाक फोटो देखकर किसी का भी मन दहल सकता है। युवती के हाथों,सिर और बाजू पर गहरे जख्म देखकर ऐसा लगता है कि किसी जंगली जानवर ने उस पर घातक हमला किया है। 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' अभियान के बीच निजी कॉलेज छात्रा पर एक युवक द्वारा सरेआम तेजधार दराट से कातिलाना हमला किया जाना बेहद दुखद है।

महिलाओं की सुरक्षा का दावा करने वाली सुख की सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई है। पालमपुर में एक दिन पूर्व ही एक महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था, जिसकी भी निर्मम हत्या की गई बताई जा रही है। चंबा, सलूणी मनोहर लाल निर्मम हत्या से देवभूमि की साख पहले ही खराब हो चुकी है, अब एक बेटी पर सरेआम कातिलाना हमला होने से इंसानियत तार-तार हुई है। यूपी और बिहार जैसे राज्यों में कल तक ऐसी अनहोनी घटनाएं घटित होने की सुर्खियां पढ़ने को मिलती थीं, अब ये देवभूमि में भी देखने को मिल रही हैं। देवभूमि में कॉलेज छात्रा पर बस स्टैंड पर दराट से हमला होने का मतलब है कि लोगों में अब कानून का डर खत्म हो रहा है। पालमपुर बस स्टैंड के साथ लगती सीढ़ियों में आरोपी सुमित कुमार ने दराट से बारह बार कातिलाना प्रहार किए, जिससे उसकी जिंदगी दाव पर लग चुकी है। छात्रा कातिल के दराट से अपने सिर को बचाने का प्रयास करते हुए उसके हाथों की अंगुलियां तक गवा चुकी है। बस स्टैंड पर सुरक्षा व्यवस्था न होने के चलते अधिकतर लोग तमाशबीन बने बेटी पर होते प्रहारों को मजबूरन देखते रहे। कुछेक लोगों ने इस बीच लड़की का बचाव करने की कोशिश की तो कातिल ने उन पर भी प्रहार करने से गुरेज नहीं किया। कुछ लोगों ने कातिल के दराट की परवाह किए बगैर उसकी जमकर धुनाई करके उसे पुलिस के हवाले कर दिया। कातिलाना हमले में दर्द से कराहती बेटी को कुछेक लोगों ने अस्पताल में दाखिल करवाया। आरोपी सुमित कुमार अपने बैग में तेजधार दराट लेकर पालमपुर बस स्टैंड में आखिर कैसे पहुंचा था। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो क्लिप में आरोपी सुमित कुमार एक अन्य लड़के से बात करते हुए देखा जा रहा है।

लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

आरोपी सुमित कुमार को छात्रा पर जानलेवा हमला किए जाने की एवज में पुलिस कुछ सालों के लिए उसे सलाखों के पीछे धकेल देगी। सतापक्ष और विपक्ष नेता इस मुद्दे पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपनी राजनीति भी चमका लेंगे। एक लड़की के भविष्य के साथ इस कदर देवभूमि में घिनौना कृत्य करने वाले आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके समाज में एक मिशाल कायम करने की जरूरत है। सरकारें कानून व्यवस्था पुख्ता रखने का दावा हमेशा करती हैं, लेकिन आज समाज में अनगिनत सुमित कुमार जैसे मानसिक रोगी घूम रहे हैं, जो लड़कियों पर अपनी मनमर्जी करना चाहते हैं। लड़कियों के चेहरों पर तेजाव फेंकना, छेड़छाड़ और बलात्कार की घटनाओं को अंजाम देने वाले दरिंदों का मानसिक दिवालियापन झलकता है। इस तरह किसी युवती पर सरेआम कातिलाना हमला होना हमारे सिस्टम की पोल खोलता है।

सवाल यह उठता की आखिर देवभूमि में सुरक्षित कौन है? हरियाणा राज्य का व्यक्ति राजधानी शिमला के एक होटल में काम करने वाले युवक को मौत के घाट उतारकर चलता बनता है। पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली ऐसी है कि कोई व्यक्ति हत्या कर अपने राज्य में वापस बड़ी आसानी से लौट सकता है। पुलिस कर्मचारी क्या नेताओं की सुरक्षा के लिए रखे गए हैं, आम जनमानस की सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा, यह एक बड़ा सवाल है। फोरलेन सड़क निर्माण में जुटी कंपनी की लापरवाही के चलते जसूर में एक स्कूटी सवार महिला की ट्रक से भिड़ंत में मौत हो गई। पुलिस का काम सिर्फ सड़कों पर वाहनों का चालान काटना है। चंबा से घर आते हुए हिमाचल की बेटी को पुलिस टीम रोककर पुलिस थाना यह कहकर ले जाती है कि उसकी शिकायत एक बीआईपी की पत्नी ने की है। शिक्षण संस्थान आजकल चिट्टा तस्करों के निशाने पर हैं। सरकारी कर्मचारी तक चिट्टा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किए जा चुके हैं। चिट्टा तस्कर छात्रों को इस गोरखधंधे में संलिप्त करने के कई हथकंडे अपना रहे हैं।

पालमपुर बस स्टैंड की घटना के बाद लोगों ने फेसबुक पर लड़की की फोटो वायरल करके उसके कुशल मंगल की प्रार्थना करने का अभियान चला दिया, जो गलत है। ऐसी घटनाओं में लड़की का नाम, फोटो सार्वजनिक नहीं किया जाता है, मगर कुछेक न्यूज चैनल, समाज सेवी और पत्रकारों ने लड़की की फोटो वायरल करके क्या साबित करने की कोशिश की होगी। सुख की सरकार महिलाओं सहित लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने का दावा कर रही है। भाजपा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण चुनावों में दिए जाने का राग अलाप रही है। पालमपुर की घटना के उपरांत यह जरूरी बन जाता है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने से पहले जरूरी है कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा मुहैया करवाई जाए, जिससे पालमपुर बस अड्डे जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं

अठारहवीं लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी । तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं।

यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं? जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था ? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई, तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ?

यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ।

लेखक : सुरेंद्र चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई। तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलायंस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है, लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है।

दरअसल, आएगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के मन में गहरे पैठ गया है, तो भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा?

ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिंदू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गई है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आए। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है, जब मतदान केंद्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं। ऐसा तभी होता है, जब पक्ष और विपक्ष चुनाव परिणाम के बारे में आश्वस्त होते हैं। हां, केवल पश्चिम बंगाल ही एकमात्र राज्य है, जहां से ऐसे समाचार आए तो वहां का मतदान प्रतिशत भी अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा ही रहा।

इस बार के चुनाव से एक बात सिद्ध हो रही है कि न तो विश्व में भारत की रैंकिंग, विकास की गति, जीडीपी दर, आर्थिक प्रगति और विकसित भारत के संकल्प को मतदाता देख रहा है और न ही महंगाई और बेरोजगारी के विपक्षी एजेंडे को मतदाता ने स्वीकार किया है। भारत में विकास कभी चुनाव का मुद्दा नहीं रहा। भारत के चुनाव को सिर्फ जातीय सामंजस्य और राष्ट्रवाद ही दिशा देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।
editoranantgyaan@gmail.com

अपनी बात

आजकल प्रतियोगिता के इस दौर में हर विद्यार्थी जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। वर्तमान समय में हर पग पर कितनी ही चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। आत्मविश्वास और आत्मावलोकन से विद्यार्थी हर चुनौती का सामना भली-भांति कर सकता है। इसके लिए जरूरी है अध्ययन की समयसारिणी। जब तक आप अपनी दिनचर्या निर्धारित नहीं करते, तब तक आप अनुशासित होकर पढ़ाई नहीं कर सकते। समय के बंधन में रहकर आप हर काम समय पर कर सकोगे। दिनचर्या ऐसी होनी चाहिए जिसमें आपका खाना-पीना, सोना, उठना बैठना और स्वास्थ्य संबंधी भी कोई परेशानी न आए। पढ़ने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। कहते हैं कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ दिमाग विद्यमान होता है। यदि आप शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होंगे, तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगेगा, इसीलिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना अनिवार्य है। स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार और उचित व्यायाम की आवश्यकता होती है। टहलना एक बहुत ही सरल एवं लाभप्रद व्यायाम है। लोगों का टहलना और भी कम होता जा रहा है। टहलने से भोजन अच्छे से पचता है और सारे शरीर तंत्र की कार्यप्रणाली ठीक समय पर अपना कार्य करती है।

-रवि, तंगरोटी

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

खड़ामुख–होली मार्ग पर दरक रहा पहाड़

अनंत ज्ञान, भरमौर

खड़ामुख–होली मार्ग पर भूस्खलन वाली जगह पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा लगातार दरक रहा है, जिस कारण यहां पर सड़क बहाली में लगातार देरी हो रही है लगातार हो रहे भारी लैंडस्लाइड के चलते तहसील होली के एक दर्जन से अधिक पंचायतों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। पिछले 7 दिनों से सड़क बहाल न होने के कारण तहसील होली की पंचायतों में रोजमर्रा की वस्तु की किल्लत भी आना शुरू हो गई है।

लोगों को मजबूरी में छोटी गाड़ियों में लकड़ी के पुल से होकर भरमौर से दूसरी जगह पहुंचाना पड़ रहा है स्थानीय लोगों की माने तो जिस जगह पर यह सड़क बंद है उसके ठीक ऊपर पहाड़ी का एक बहुत भारी हिस्सा लगातार दरक रहा है। जिस कारण मुख्य मार्ग को बहाल करने में विभाग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार के दिन लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। विभाग द्वारा मंगलवार को एक लीडर तीन एक्सावेटर सहित दो कंप्रेसर मशीन मौके पर तैनात कर दी गई हैं। इसके अधिक विभाग ने यहां पर एक एसडीओ और तमाम कर्मचारियों को भी तैनात कर दिया है, ताकि सडक को बहाल किया जा सके।

विभाग सड़क बहाली को कर रहा प्रयास : मीत

अधिशासी अभियंता मीत शर्मा ने कहा कि विभाग इस सड़क को बहाल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। लेकिन जिस जगह लैंडस्लाइड हो रहा है उसके ऊपर पहाड़ी का एक बहुत बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे नीचे दरक रहा है। जिसके कारण इस सड़क को बहाल करने में वक्त लग रहा है।

पहले रोजगार को तरसाया अब सड़क के लिए रुलाया

उधर इस विषय पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने इस सडक की बदहाली के लिए सीधे तौर पर यहां पर कार्यरत जेएसडब्ल्यू विद्युत कंपनी को ठहराया है। उन्होंने कहा है कि यह सड़क विद्युत परियोजना जेएसडब्ल्यू के अवैध निर्माण के दौरान लैंडस्लाइड का शिकार हुई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जेएसडब्ल्यू विद्युत कंपनी ने पहले लोगों को रोजगार के लिए तर्शाया है और अब सड़क सुविधा के लिए रुला रही है। उन्होंने मांग की है की विद्युत कंपनी यहां पर दूसरी साइड खड़ी गाड़ियों में डीजल की आपूर्ति करके लोगों की आवाजाही को सुनिश्चित करें।

मार्ग पर दरका हुआ पहाड़।

पर्यटन स्थल जोत में खल रहा सुलभ शौचालय का अभाव

चुवाड़ी । पर्यटक स्थल जोत स्थित सुलभ शौचालय में गंदगी के अंबार होने से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

शौचालय में गदंगी होने के चलते पर्यटको को खुले में शौच के लिए मजबूरन जाना पड़ रहा है। जोत के कारोबारियों का कहना है कि वे कई बार शौचालय की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने की मांग उठा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है, जिस कारण लोगों में सरकार व प्रशासन के प्रति रोष पाया जा रहा है।

उन्होंने उपमंडलीय प्रशासन से जल्द सुलभ शौचालय की सफाई करवाकर राहत पहुंचाने की गुहार लगाई है।

बीएसएनएल नेटवर्क समस्या से कीड़ीवासी परेशान

अनंत ज्ञान, चंबा

मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायत कीड़ी में बीएसएनएल मोबाइल व लैड लाइन फोन नेटवर्किंग समस्या के कारण क्षेत्र के सैंकड़ों उपभोक्ताओं को समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। हालांकि इस दिशा में क्षेत्र उपभोक्ता कई बार निगम अधिकारियों से लेकर क्षेत्र कर्मियों को अवगत करवा चुके है। लेकिन इसके बावजूद भी समस्या को पूर्ण रूप से समाधान नहीं हो पाया है।

पंचायत कीड़ी बीएसएनएल उपभोक्ताओं में मोहममद रफी, शेखदीन, रंजीत, युसफ, प्रवीण कुमार, कासम, गोरू, सलीम, राज सिंह आदि का कहना है कि बीएसएनएल निगम द्वारा क्षेत्र में मोबाइल व लैड लाइन सेवा विस्तार के लिए योजना तो आरंभ की है, लेकिन कम नेटवर्क सिग्नल के चलते आए दिन यहां मोबाइल व लैड लाइन फोन शो पीस बन रह जाते है, जबकि बीमार होने पर या फिर अन्य किसी प्रकार की आपातकालीन परिस्थिति में लोगों को सहायता के लिए संपर्क साधने में बेहद मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है।

अधिकारी नहीं करवा रहे समस्या का समाधान

उन्होंने बीएसएनएल निगम अधिकारियों से गुहार लगाई की कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठा पंचायत सिल्लाघ्राट के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए।

न्यूज ब्रीफ

रावमा विद्यालय पूलन में मतदाता किए जागरूक

भरमौर । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूलन में अध्यापकों द्वारा 'चुनाव का पर्व देश का गर्व ' स्वीप का लक्ष्य शत-प्रतिशत मतदान के प्रति प्रोत्साहन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदान के महत्व बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान पाठशाला के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल राजेश भोगल, बीएलओ मेघ सिंह, प्रवक्ता पवन कुमार और सभी अध्यापक गण सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

पर्यटन स्थल खजियार पर्यटकों से हुआ गुलजार

चंबा । पर्यटन स्थल खजियार पर्यटकों से गुलजार हो रहा है। बाहरी राज्यों से अब पर्यटन नगरी खजियार में पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। खजियार पहुंचकर पर्यटक प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने समेत घुड़सवारी, पैराग्लाइडिंग जैसे साहसिक गतिविधियों का भी आनंद ले रहे हैं। इतना ही नहीं खजियार मैदान में सैलानी स्थानीय कलाकारों की ओर से प्रस्तुत पहाड़ी गीतों पर नाचने-गाने का भी जमकर लुत्फ उठाने से पीछे नहीं रह रहे हैं। पर्यटकों की आमद में हुई बढ़ोतरी से पर्यटन सीजन से जुड़े बड़े होटल कारोबारियों के भी चेहरे खिल गए हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

चंबा । स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला कार्यक्रम अधिकारी चंबा डॉ हरित पूरी की अध्यक्षता में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. हरित पूरी ने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। इस अवसर पर डॉ. सुरेश, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाम लाल, डॉ. अनुराधा डॉ. पदमा के साथ स्वास्थ्य खंडों के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भी उपस्थिति रहे।

पेड़ लगाकर वोट डालने का दिया संदेश

चंबा। स्वीप टीम ने चुवाड़ी के निजी विद्यालय किड्स कैम्प पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के साथ-साथ गांव के लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस अभियान के तहत किड्स कैम्प स्कूल के छात्रों व स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर गाहर पंचायत के नागरिकों ने पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण के साथ साथ मतदान के लिए भी प्रेरित किया। नोडल अधिकारी ने मतदान के महत्व को समझाते हुए लोगों को बताया कि जिस तरह एक पेड़ समय आने पर फल देता है उसी प्रकार मत के अधिकार का प्रयोग करके हम देश के लिए भी अच्छे परिणाम देख सकते हैं। इस मौके पर स्वीप टीम से बलवान सिंह, पंकज सूद, मनोहर लाल, स्कूल प्रधानचार्य राकेश ठाकुर, सीमा ठाकुर ने स्वीप टीम का धन्यवाद किया और छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित करने के लिए आभार व्यक्त किया। किड्स कैम्प स्कूल का स्टाफ भी इस मौके पर उपस्थित रहा।

राज्य सहकारिता प्रकोष्ट मंगेगी कंगना के लिए वोट

गोहर। जिला मंडी भाजपा सहकारिता प्रकोष्ट की बैठक जिला संयोजक कमल चंद राणा की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय गुटकर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कमलचंद राणा ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत सुनिश्चित है और उन्हें भारी मतों से लीड दिलाने के लिए रणनीति तैयार कर ली गई है सभी कार्यकर्ता केंद्र सरकार की चलाई गई योजनाओं से अवगत कराकर लोगों से घर-घर जाकर कंगना के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।

जयराम ने रघुनाथ मंदिर में शीश नवाकर लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान, डलहौजी

जयराम ठाकुर का डलहौजी पहुंचने पर स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर मंडल डलहौजी के तमाम सदस्य समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

जयराम ठाकुर ने डलहौजी पहुंचने पर स्थानीय पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता भी की जहां सरकार को महज चंद दिनों कहीं करार दिया, तो वहीं आज सुबह हनुमान जयंती के विशेष उपलक्ष पर डलहौजी के प्रसिद्ध रघुनाथ मंदिर में शीश नवाकर जहां प्रदेश की सुख समृद्धि एवं अच्छे भविष्य की कामना की तो वही उनके साथ मौजूद कांगड़ा–चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने भी शीश नवाया।

वहीं उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता कांग्रेस के कार्य देखकर भाजपा को वोट देने का मन मना चुकी है। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर, पूर्व विधायक विशाल नहरिया ,नगर परिषद डलहौजी के उपाध्यक्ष संजीव पठानिया, अजय सिंह, अमन महेंद्र आदि मौजूद रहे।

हिमाचल में हर हाल में बनेगी भाजपा की सरकार : जयराम

एमएम डैनियल, चंबा

राज्य में जून माह में लोकसभा चुनाव परिणाम के साथ जहां देश की सत्ता को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी संभालेंगे। वहीं हिमाचल प्रदेश राज्य में भी भाजपा सत्ता पर विराजमान होगी और 15 माह के कार्यकाल के बाद कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार सत्ता से बाहर होगी। यह हालात भाजपा ने नहीं बल्कि प्रदेश मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सुक्खू ने स्वयं तैयार किए है। यह बात चंबा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन के उपरांत जयराम ठाकुर ने कही।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को वर्तमान स्थिति के लिए खुद का दोष स्वीकारना चाहिए। उनके द्वारा की गई जलालत के कारण ही विधायक नाराज हुए। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री ने अपने ही विधायकों की आवाज को अनसुना कर दिया। कांग्रेस के विधायकों ने पार्टी स्तर पर अपनी बात रखते हुए साफ कहा कि हिमाचल से ही राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया जाए, यह बात भी नहीं सुनी गई तो विधायकों ने अपनी आवाज सुनाने की कोशिश की।

जयराम ठाकुर जानकारी देते हुए।

कांग्रेस के पर्यवेक्षक को दिखाकर ही भाजपा के प्रत्याशी को वोट दिया। सब कुछ शीशे की तरह साफ है, बस उसे ईमानदारी से देखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू के विधायकों के खरीदने के आरोप पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास अगर खरीद–फरोख्त के सबूत हैं तो वह जनता के सामने या कोर्ट के सामने रखें। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सीट सत्ता में होने के बाद भी मुख्यमंत्री ने गंवा दी। यदि वह उनके स्थान पर होते तो नैतिकता के आधार पर पद से जरूर इस्तीफा देकर अन्य किसी को मुख्यमंत्री पद का दायित्व सौंपते लेकिन उन्होंने ऐसा न करते हुए कांग्रेस के विपरीत मतदान करने वाले विधायकों को निष्कासित करवा डाला।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस ने सत्ता में होते हुए राज्यसभा की सीट गवाई उसी तरह लोस चुनाव में चारों सीटे हारने के साथ–साथ प्रदेश की सत्ता से भी कांग्रेस पार्टी अवश्य बाहर होगी।

कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी में जमीनी स्तर पर करें काम : यदोपति

अनंत ज्ञान, भरमौर

युवा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर ने भरमौर में संबोधित करते हुए कांग्रेस के सभी फ्रंटल सगठनों से जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर ने कहा कि कंगना रनौत आज अपने आप को हिमाचली बता रही है, लेकिन आपदा के समय वह कहां पर गायब थी इस मौके पर उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह को लोकसभा में पहुंचाएं।

पोस्टर जारी करते हुए यदोपति ठाकुर व अन्य।

इस मौके पर युवा कांग्रेस से सुरजीत भरमौरी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनाभ पठानिया, युवा कांग्रेस विधानसभा भरमौर प्रभारी अभी शर्मा आदि मौजूद रहे।

नियमों की अवहेलना पर कसेगा शिकंजा : चौधरी

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला मुख्यालय में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन धारकों की अब खैर नहीं है। इस दिशा में यातायात पुलिस सहित थाना व चौकियों की पुलिस दल भी मनचले वाहन धारकों पर शिकंजा कसेंगे, जिसके चलते यातायात पुलिस व चौकी पुलिस ने शहर मुख्यालय, नेशनल हाइवे सहित आस–पास क्षेत्रों में अलग–अलग जगह नाके लगाना आरंभ कर दिया है।

यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन धारकों के विरुद्ध छेड़ी मुहिम की पुष्टि करते हुए डीएसपी पुलिस हेडक्वाटर चंबा जितेंद्र चौधरी ने बताया कि गत समय से शहर मुख्यालय व आसपास क्षेत्रों में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ रही थी, जिसके चलते मुख्यालय अधीन हर पुलिस चौकी व थाना टीमों सहित यातायात पुलिस को नियमों के विरूद्ध चलने वाले वाहन धारकों के चालान करने के निर्देश दिए है। वहीं नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर विशेष नजर रख कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हुई यूथ कांग्रेस भरमौर

अनंत ज्ञान, भरमौर

यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार उर्फ बिल्लू ने बताया कि आज लोकसभा क्षेत्र मंडी में आने वाले विधानसभा क्षेत्र भरमौर की आगामी लोकसभा क्षेत्र चुनाव को मद्देनजर यूथ कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यदुवती ठाकुर वह प्रभारी यूथ कांग्रेस जिला चंबा जीतू धीमान तथा जिला चंबा के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुनाव सिंह पठानिया की अध्यक्षता में संगठन समीक्षा हुई।

प्रवीण कुमार

इस दौरान आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए रणनीतियां बनाई गई, साथ ही यह आश्वासन दिया की इस चुनाव में भरमौर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 10,000 प्लस की लीड से भेजेंगे व उन्हें हिमाचल से संसद में भरमौर विधानसभा मंडी लोकसभा क्षेत्र के साथ हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाएगा ।

कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाए गए उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को भारी समर्थन से जीत कर विजय बनाएंगे, ताकि न केवल हमारे प्रदेश बल्कि देश की संसद में भी जाकर हिमाचल की बात तथा अपने विधानसभा क्षेत्र की बात को मजबूती से उठा सकें तथा क्षेत्र का विकास किया जा सके।

मांगों को लेकर करेंगे आमरण अनशन : सोभिया

अनंत ज्ञान, चंबा

व्याणा पंचायत , ब्लॉक सलूणी के कार्यकर्ताओं ने पंचायत से प्राप्त दस्तावेज टीम के साथ सांझा किए अशोक कुमार ने लोनिवि का हाल बताते हुए अपनी बात रखी, जिसमें कारोनो काल से आज तक मात्र 6–7 किलो मीटर की सड़क का प्रोथा से सरा तक साहो क्षेत्र में कार्य पूर्ण नही हुआ।

धरने पर बैठे हुए कार्यकर्ता व अन्य।

इसी बीच सोभिया राम ने कहा कि अगर चंबा प्रशासन ने धरना पर बैठे लोगों की मांगें जल्द पूरी न की तो वह आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे और यही पर आत्मदाह कर लेंगे तथा उपायुक्त महोदय से गुजारिश है कि आत्मदाह करने की अनुमति प्रदान करें और इसकी जिम्मेदारी लें। प्यार मोहम्मद पठान ने कहा कि जो मामले पुलिस थाना चंबा में लंबित किए जा रहे हैं उन्हें तुरंत निपटाएं और दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें ।

अंत में उत्तम चंद वाशिष्ठ ने कहा कि चंबा प्रशासन को जो ज्ञापन अब तक दिए गए हैं उन पर निष्पक्ष कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया जाए । इस मौके पर प्यार मोहम्मद पठान, प्रशांत महाजन, सोभीया राम, प्रकाश चंद , राज कुमार, रोशन लाल, नानक चंद, अशोक कुमार व अन्य कई लोगों ने धरने पर बैठकर शाम तक अपनी उपस्थिति दर्ज की। आते जाते लोगो ने भी इस मुहिम की सराहना की और जिला प्रशासन की कारगुजरी की निंदा की।

मुख्य मार्ग की नालियां अवरुद्ध, राहगीर परेशान

डलहौजी । बनीखेत में हुई ताजा बारिश ने एनएच प्राधिकरण की पोल खोल कर रख दी है। एनएच 154ए पर स्थित बनीखेत बस अड्डा के साथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला के पास जगह–जगह चौक हुई नालियों का गंदा पानी सीधा मुख्य मार्ग पर आ रहा है जिससे मुख्य मार्ग पर गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए न प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द इन बंद पड़ी नालियों को खुलवाया जाए ताकि आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं एनएच प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि जल्द ही इस कार्य को पूरा करवा दिया जाएगा।

सूडोकु 0042 (सरल)

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0041 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

किया़णी में सुनिश्चित किए जाए वाहन पार्किंग स्थल

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा–तीसा मार्ग पर स्थित कियाणी पंचायत क्षेत्रवासी एक लंबे अर्से से पार्किंग स्थल समस्या से दो चार हो रहे है, जिसके चलते कई बार स्थानीय लोगों ने राजनीति नेताओं व पुलिस विभाग से यातायात समस्या से निजात दिलवाने की मांग भी कर चुके है। मगर वाहनों का मुख्य चौंक में खड़े होने का क्रम जस की तस बरकरार है।

कियाणी पंचायत क्षेत्र ग्रामीणों में विनोद, प्रवीण कुमार, धीरज, हंस राज, धर्मेंद्र, अशोक कुमार, भीखो राम, सोनू, मनोज, कृष्णचंद, जोगिंद्र, सतीश कुमार, सुरेंद्र कुमार व अमित ने पुलिस विभाग से अपील की है कि पार्किंग स्थल न होने के चलते वाहन धारक सड़क के बीचों बीच वाहन को खड़ा कर रहे है। जिनमें माल वाहन व निगम व निजी बसें सहित कई छोटे वाहन धारक वाहन पार्क स्थल अभाव के चलते यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। जिसके चलते क्षेत्र में यातायात जाम होना समस्या रोजना की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़े व छोटे वाहनों के इजाफे से पार्किंग स्थल की क्षेत्र में अति आवश्यकता हो गई है।

उन्होंने पुलिस व उपमंडल अधिकारियों से आह्वान किया कियाणी पंचायत मुख्य स्थल पर पार्किंग स्थल सुनिश्चित कर स्थल चिन्हित किए जाए, ताकि पैदल राहगीरों सहित वाहन धारकों को भी इस दिशा में राहत मिल सके।

खराब रास्ते से गुजरने को मजबूर विद्यार्थी, प्रशासन मौन

चंबा । जिला चंबा के कुम्हारका स्कूल का रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण जान को जोखिम में डालकर आवाजाही करने के लिए मजबूर स्कूल जाना पड़ रहा है। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्हारका में तैनात अध्यापकों को विद्यार्थियों को हाथ से पकड़कर रास्ता पारकर स्कूल पहुंचाना पड़ रहा है। बीते दिन हुई मूसलाधार बारिश से रास्ता बह जाना इसकी मुख्य वजह है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने बताया कि बीते रोज हुई मूसलाधार बारिश की वजह से विद्यालय का रास्ता बह गया है। इससे यहां से विद्यार्थियों को हाथ से पकड़ कर ही रास्ता पार करवाना पड़ता है।

खराब रास्ते से गुजरते बच्चे।

अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

24 अप्रैल, 2024 बुधवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** प्रतिपदाः (पूर्ण रात्रि) : **नक्षत्र :** स्वाति (00:41), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** सिद्धि(05:03) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:19 - 01:57)।

विशेष दिन

- 24 अप्रैल 2024 : एकलिंगजी पाटोत्सव आज।
- 24 अप्रैल 2024 : मानव एकता दिवस आज।

मेष : आत्मविश्वास से भरे हैं, अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है। चुप्पी को गलत समझा जाएगा और उसपर सवाल खड़े किए जाएंगे।

वृषभः स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परेशानियां घेरे रहेंगी। किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमें से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा।

मिथुन : आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं। जीवनसाथी रोजाना की जरूरतों को पूरा करने से अपने हाथ पीछे खींच सकता है।

कर्क : परिवार के लिए समय निकाल सकते हैं, बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा। गलतफहमियां दूर होंगी।

सिंह : परेशानी से तनाव न लें। थोड़ा तनाव तो आपको कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। ज्यादा तनाव से मानसिक और शारीरिक क्षति भी पहुंच सकती है।

कन्या : संयम बना के रखें ताकि आपको कोई शारीरिक परेशानी न हो। खासकर तब जब आप दूसरों से अपनी परेशानी छुपते हैं।

तुलाः आपकी लगन तारीफ के लायक है, मेहनत करते रहेंगे। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे संपर्क करने का अच्छा दिन है।

वृश्चिकः नकारात्मकता लाने वाले लोगों से दूर रहें। ऐसे लोगों से सावधान रहें। उन्हें अपने दिलो-दिमाग में जगह न दें। सेहत से जुड़ी समस्याएं परेशानी दे सकती हैं।

धनु : घर व ऑफिस दोनों स्थानों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। आपका यह अनुभव मजेदार रहेगा और आप इससे प्रेरित भी होंगे।

मकर : काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा। संतान पक्ष से सहयोग में कमी होगी।

कुंभ : लेन-देन के लिए समय अच्छा हैं। उधार दिया धन वसूल होगा। नौकरी में पद, प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। आज हर कोई आपकी तरफ आकर्षित होगा।

मीनः दोस्त आपका साथ देगा। किसी नवीन वस्तु की खरीददारी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। अपने जीवन पर नियंत्रण रखें।

आ, अब लौट चलें — गद्दी समुदाय का मुख्य व्यवसाय भेड़पालन है, इनका जीवन रहा बेहद संघर्षपूर्ण

मैदानों में गर्मी बढ़ने पर गद्दी समुदाय ने पहाड़ों का किया रुख

मुकेश कुमार, डलहौजी

मैदानों में गर्मी बढ़ने के साथ ही घुमंतू गद्दी (पोहाल) अपनी भेड़ बकरियां लेकर पहाड़ों की ओर निकल चले हैं। बता दें की पहाड़ों पर सर्दियां शुरू होते ही यह नीचे मैदानों में उतर जाते हैं और मैदानों में गर्मी बढ़ने के साथ ही पहाड़ों की और रुख कर लेते हैं।

जिला चंबा का यह समृद्ध समुदाय किसी पहचान का मोहताज नहीं है अपने आराध्य शिव को समर्पित अपने जीवन का ज्यादातर समय पहाड़ों पर ही गुजारते हैं। गद्दी समुदाय का मुख्य व्यवसाय भेड़पालन है। इन लोगों का जीवन बेहद संघर्षपूर्ण होता है। गर्मियों में ये लोग पहाड़ों की ओर निकल जाते हैं। बरसात के मौसम में भी ये भेड़पालक पहाड़ों पर ही रहते हैं, सर्दियों के आते ही ये लोग अपने पशुओं के साथ मैदानी इलाकों की ओर रुख कर लेते हैं। समुदाय में होने वाले विवाह, जातर–मेलों व अन्य समारोह के दौरान ये नृत्य किया जाता है, जिसमें पुरुष चोलू–डोरा व महिलाएं लुआंचडी–डोरा के साथ आभूषण पहनकर एक घेरे में नाचते हैं।

पुरुष और महिलाएं दोनों कान में बालियां और भेड़ की ऊन और बकरी के बाल से बने कपड़े पहनते हैं। पुरुष गद्दी सिर पर पगड़ी पहनते हैं, जिसे वे साफा कहते हैं और डोरा के साथ एक प्रकार का चोला पहनते हैं। गद्दी स्त्रियां लुआंचड़ी पहनती हैं और नाक में नथ, माथे पर टीका और सिर पर दुपट्टा ओढ़ती हैं। गद्दी समुदाय ने अपनी पुरानी संस्कृति और विरासत को आज भी संजो कर रखा है। (अनंत ज्ञान)

गद्दी समुदाय ने पुरानी संस्कृति और विरासत को आज भी रखा संजो कर

गद्दी समुदाय के लोग अपनी भेड़ों को लेकर पहाड़ों की तरफ जाते हुए।

बीआरओ ने मनाली-लेह मार्ग किया बहाल

जल्द बारालाचा दर्रे का निरीक्षण करेगा लाहौल-स्पीति प्रशासन, पर्यटक कर रहे मार्ग बहाली का इंतजार

कमलेश वर्मा, कुल्लू

बीआरओ ने सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को तय समय पर खोल दिया है। राजमार्ग के खुलने भारतीय सेना को सीमाओं में पहुंच बनाना आसान हो जाएगा।

फिलहाल यातायात इस राजमार्ग पर यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए लाहौल-स्पीति प्रशासन का दल जल्द ही बारालाचा दर्रे का निरीक्षण करेगा। भारी हिमपात के चलते नवंबर महीने से इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद हो चुकी थी।

बीआरओ ने इस मार्ग को पिछले साल 25 मार्च को बहाल किया था, लेकिन इस बार दिसंबर, जनवरी की अपेक्षा फरवरी मार्च में ज्यादा हिमपात हुआ है, जिस कारण ये राजमार्ग इस बार एक महीना बाद बहाल हुआ है। (अनंत ज्ञान)

बीआरओ मनाली-लेह राजमार्ग को झंडी दिखाते हुए।

टीमों ने मनाई खुशियां

बीआरओ ने लद्दाख में प्रोजेक्ट हिमांक और हिमाचल में प्रोजेक्ट दीपक के द्वारा बर्फ को हटाने का काम शुरू किया। इस मार्ग की बहाली में बीआरओ की दो टीमें लगी हुई थीं, जिनके पास बड़ी मशीनें भी मौजूद थीं। दोनों टीमों ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बर्फीले तूफानों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों को पार करते हुए हाईवे को साफ करने के लिए काम किया। दो महीने की कड़ी मेहनत के बाद मंगलवार को दोनों परियोजनाएं सरचू में मिल गईं। दोनों टीमों ने सरचू में लेह मार्ग की बहाली को लेकर खुशियां मनाईं।

सरचू में दीपक और हिमांक परियोजना की पहुंच चुकीं हैं टीमें

बीआरओ के आला अधिकारियों ने मनाली-लेह राजमार्ग के दोनों छोर बहाल करने पर सभी को बधाई दी। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि सरचू में दीपक परियोजना और हिमांक परियोजना की टीमें पहुंच चुकी हैं, सड़क बहाली की मुहिम के सफल होने पर दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

पर्यटकों को करना होगा इंतजार

सामरिक दृष्टि से करीब 430 किमी लंबे मनाली-लेह राजमार्ग के दोनों छोर जुड़ गए हैं। हालांकि यहां पर पर्यटन की कामना करने वाले पर्यटकों को अभी इंतजार करना होगा। लाहौल-स्पीति प्रशासन सड़क की मौजूदा हालात को अच्छे से परखने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू करेगा। डीसी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि जल्द ही प्रशासन के द्वारा यातायात को सुचारू करने के लिए निरीक्षण किया जाएगा। हालात अगर सामान्य हुए तो वाहनों को आवाजाही की अनुमति प्रदान की जाएगी।

आगामी चुनावों में लाहौल-स्पीति से कांग्रेस की जीत तय : अनिल

अनंत ज्ञान, कुल्लू

जिला वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल सहगल ने कहा कि आगामी लोकसभा के चुनावों में लाहौल-स्पीति में कांग्रेस पार्टी की जीत तय है। अनिल ने बताया कि लाहौल-स्पीति में कांग्रेस पार्टी ने ही भाजपा के मुकाबले में सब से ज्यादा विकास किया है।

हिमाचल प्रदेश में जब भी कांग्रेस पार्टी की सरकार सत्तासीन हुई है, बिना किसी भेदभाव के हर जिले का विकास समांतर रूप से हुआ है, जिस में लाहौल-स्पीति जिला भी अछूता नहीं है। अनिल ने कहा कि बीजेपी के बड़े नेता सिर्फ चुनाव प्रचार के दौरान ही लाहौल-स्पीति में नजर आते हैं, जब सत्ता में होते हैं, तो मुख्यमंत्री का जिले में आना तो दूर की बात इन के मंत्री पिछले पांच साल में नजर नहीं आए हैं, जब कि कांग्रेस कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह यहां की जनता का हाल जानने के लिए साल में दो बार जरूर आते थे, उनके बाद प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री सुक्खू अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में लाहौल-स्पीति में तीन बार आकर उन्होंने सब से पहले स्पीति में न केवल इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस मना कर जो व्यवस्था परिवर्तन का संकेत जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को दिया वह सराहनीय रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में गरीब महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा भी इसी जिले से की और उन के खातों में पैसा भी दिया है। इसके अलावा लगभग सभी कैबिनेट के मंत्री भी जनता का हाल जानने के लिए समय-समय पर अपना दौरा कर चुके हैं।

बीजेपी आज अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही

बीजेपी आज लाहौल-स्पीति में अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। उनके द्वारा एक ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया, जिस ने बीजेपी के षड्यंत्र में शामिल होकर हिमाचल में पूर्ण बहुमत की सरकार को गिराने का जो असफल प्रयास किया है, जिस का जवाब कांग्रेस के कार्यकर्ता और जनता आगामी उपचुनाव में जरूर देगी। सहगल ने पार्टी हाईकमान से आग्रह किया कि जल्द ही पार्टी के किसी योग्य उम्मीदवार के नाम की घोषणा करें ताकि समय रहते प्रचार प्रसार हो सके।

बीजेपी के बड़े नेता सिर्फ चुनाव प्रचार के दौरान ही लाहौल-स्पीति में नजर आते

कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के मुकाबले में सब से ज्यादा विकास किया है

न्यूज ब्रीफ

आचार संहिता का हो रहा पालन : एसडीएम

बंजार। उपमंडल अधिकारी नागरिक बंजार पंकज शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही पूरी विधानसभा में अचार आदर्श संहिता का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। सभी पार्टियों और सभी नेता आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की कोई अवहेलना नहीं की जा रही है। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो प्रशासन भी सतर्क होता जा रहा है। इस अवसर पर चुनाव की व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है।

बंजार में हनुमान चालीसा का किया पाठ

बंजार। मंगलवार को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर बंजार उपमंडल के लोगों ने अपने-अपने घरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान बहुत से भक्तों ने निकटतम हनुमान मंदिर में जाकर बजरंग बली की पूजा-अर्चना की और बजरंग बली से प्रार्थना की। इस अवसर पर बहुत से लोगों ने आने वाला समय विपत्तियों से दूर रहें।

प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य

कुल्लू। लाहौल-स्पीति में आने वाले प्रवासी मजदूरों और कामगारों के पंजीकरण करवाने के बारे में पुलिस प्रशासन ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इस संदर्भ में एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और ऐसे में भारी संख्या में प्रवासी मजदूरों और कामगारों का लाहौल में आना शुरू हो गया है। बाहर से आए प्रवासी मजदूर एवं कामगार जो भले ही नेपाली मूल के हो या फिर किसी अन्य राज्य के निवासी हो उन सभी को संबंधित थाने की अधीनस्थ चौकियों में नियमानुसार पंजीकरण नहीं करवाया जाता है तथा क्षेत्र में आए प्रवासी मजदूरों एवं कामगारों की जिले में घटित होने वाले अपराधों में मामलों में संलिप्त पाई जाती है।

डीसी-एसपी कुल्लू ने मतदान गणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, कुल्लू

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुल्लू तोरुल एस रवीश व एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मतदान गणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

मंगलवार को डीसी कुल्लू एवं एसपी कुल्लू ने राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में प्रस्तावित स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर मतगणना केंद्र की व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी हासिल की। कुल्लू जिले में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां इन दिनों जोरो पर हैं। इसी के दृष्टिगत डीसी कुल्लू व एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने राजकीय डिग्री कॉलेज कुल्लू स्थित प्रस्तावित काउंटिंग सेंटर व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां प्रस्तावित मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम सहित मीडिया सेंटर की व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। आगामी लोकसभा चुनाव में चारों विधानसभा क्षेत्रों कुल्लू, मनाली, बंजार व आनी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती यहां की जानी प्रस्तावित है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने तहसीलदार निर्वाचन अधिशाषी तथा लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को स्ट्रांग रूम से संबंधित सभी व्यवस्थाएं व कार्य समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

डीसी कुल्लू और एसपी कुल्लू मतदान गणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए।

महात्मा हंसराज के जीवन संघर्षों का किया प्रस्तुतिकरण

पतलीकूहल। कटराईं में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यालय की प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा के दिशा-निर्देश में महात्मा हंसराज का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में वैदिक हवन के साथ-साथ विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान नाटक के माध्यम से महात्मा हंसराज के जीवन संघर्षों का उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के उपाध्यक्ष नरेश कटोच विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के मूल्यों और जीवन शैली को अपना कर भविष्य को उज्ज्वल करने की प्रेरणा दी। महात्मा हंसराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में ही डीएवी पानीपत में भी एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ।

लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर लें भाग : मनमोहन

मिशन स्कूल आनी में स्वीप टीम बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए।

अनंत ज्ञान, आनी

स्कूली बच्चों के द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आनी के मिशन स्कूल में स्वीप टीम द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें स्वीप टीम आनी से सहायक नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा तथा सदस्य राकेश ठाकुर उपस्थित रहे। स्वीप टीम ने सभी स्कूली बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता तक ये संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान केंद्र में मतदान करने जरूरी जाएं। सहायक नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा ने छात्रों को ये शपथ दिलाई कि वे अपने परिवारजनों को मतदान केंद्र तक अवश्य जाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

द हंस फाउंडेशन ने ग्रामीणों को कैंसर की बीमारी बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान, कुल्लू

द हंस फाउंडेशन की मेडिकल यूनिट ने सैंज घाटी की बनोगी देहूरी में ग्रामीणों को कैंसर की बीमारी के बारे में जागरूक किया।

यूनिट में शामिल डॉक्टर प्रशांत कालरा, लैब टैक्नीशियन चरनजीत, फार्मासिस्ट अजय व चालक अजय कुमार ने घरद्वार पहुंच कर लोगों को जागरूक करने का पूनित कार्य कर रहे हैं। लोग इनके कुशल कार्य से बहुत खुश हैं। डॉक्टर प्रशांत कालरा ने बताया कि इस माह पूरे बंजार ब्लॉक के अंदर आंत के कैंसर के प्रति जागरूकता शिविर का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कैंसर होने का कारण, सावधानी व इससे कैसे बचाव किया जाए। हंस फाउंडेशन की मेडिकल यूनिट ने हर बिंदु पर बातचीत करके लोगों को समझाने की कोशिश की। मनहम गांव में 50 लोगों का मेडिकल चैकअप किया गया।

देहूरी में जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

विभाग की नाकामी, नहीं बन पा रहा नथान का पंचायत भवन

मोहन कपूर, पतलीकूहल

पंचायतीराज विभाग की नाकामी के कारण ग्राम पंचायत नथान का पंचायत भवन नहीं बन पा रहा है। नथान पंचायत विकास खंड नग्गर में पंचायतों के विभाजन के उपरांत पंचायत का भवन लरांकेलो पंचायत में चला गया और नथान पंचायत को नया पंचायत भवन स्वीकृत हुआ था।

इसका टेंडर हुए लगभग तीन वर्ष पूरे होने वाले हैं, लेकिन फिर भी इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। पंचायत भवन व सामुदायिक भवन का निर्माण सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, लेकिन इसके बावजूद भी भी पंचायतीराज विभाग कार्य पूरा नहीं कर पा रहा है, जबकि पंचायत नथान के पंचायत भवन के लिए लगभग 43 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। पंचायत वासियों द्वारा इस भवन के निर्माण के लिए भूमि की व्यवस्था मार्च-2021 में की गई थी, लेकिन फिर भी पंचायत वासियों को पंचायत भवन की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। नथान पंचायत की प्रधान पुष्पा ठाकुर का कहना है कि पंचायत भवन के अभाव में पंचायत कार्यालय वर्तमान में महिला मंडल भवन के छोटे से कमरे में चल रहा है, जहां पर पंचायत बैठक करने में व पंचायत संबंधी अन्य कार्यों को करने में बहुत मुश्किल हो रही है। प्रधान ने कहा कि इसके निर्माण को पूर्ण करने के लिए हमने पंचायत विभाग के आला अधिकारियों से भी बात की मगर अभी तक इस ग्राम पंचायत भवन का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने पंचायतीराज विभाग ग्रामीण से आग्रह किया कि इस पंचायत भवन का कार्य जल्द पूरा किया जाए, ताकि पंचायत के सभी कार्य उचित स्थान पर बैठ कर किए जा सकें। (अनंत ज्ञान)

पंचायत भवन व सामुदायिक भवन का अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

जल्द मिलेगी सुविधा

पंचायतीराज विभाग के एक्सन मंडी गोपाल कृष्ण ने बताया की ठेकेदार से बात हो गई है एक हफ्ते के भीतर नथान पंचायत के पंचायत भवन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और जल्द ही लोगों को नए पंचायत भवन की सुविधा मिल जाएगी।

अनंत ज्ञान फैशन

हाई वेस्ट स्कर्ट के साथ टॉप का रखें ध्यान

मुंबई। वेस्टर्न कपड़े पहनना हम सभी को पसंद है, लेकिन इसमें लुक तभी अच्छा लगता है जब हम सही डिजाइन और पैटर्न के कपड़े पहनते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उससे स्टाइल करने का तरीका बिलकुल बदल जाता है। ऐसे में अगर आप हाई वेस्ट डेनिम स्कर्ट पहन रही हैं तो यह भी तभी अच्छी लगेगी जब आप इसे सही तरीके से पहनने के तरीके जानेंगी। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही आप कंफर्टेबल फील करेंगी। हाई वेस्ट स्कर्ट अगर आप स्टाइल कर रही हैं तो जरूरी है कि आप इसके साथ सही टॉप भी पहनें, क्योंकि स्कर्ट हाई वेस्ट होती है। इसके साथ अगर आप टॉप पहनती हैं तो इससे लुक अजीब लगेगा। आप इसके साथ टी-शर्ट स्टाइल टॉप को पहनेंगी तो लुक अच्छा लगेगा। साथ ही आप स्लिम भी नजर आएंगी। आप इसके लिए वी नेकलाइन या राउंड डिजाइन वाली टी शर्ट पहन सकती हैं। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट आपको 100 से 200 रुपए में मिल जाएगी। स्कर्ट के साथ सही फुटवियर जरूरी होता है। स्कर्ट के नीचे आप वेजेस या पेंसिल हील्स पहन सकती हैं।

हूर के चेहरे पर बरसेगा नूर

पहनें यामी गौतम की डिजाइनर ज्वेलरी

मुंबई। पिंक बनारसी साड़ी के साथ यामी गौतम ने पोल्की हार पेयर किया है जो गजब का लुक दे रहा है। आप भी बाजार और ऑनलाइन इस तरह का सेट खरीद सकती हैं। साथ में मैचिंग इयररिंग्स प्यारे लगेंगे। सूट के लिए आप यामी गौतम की तरह हैवी ऑक्सीडेंट इयररिंग्स पहन सकती हैं। अमेजन-फ्लिपकार्ट-मीशो पर 200 रुपए में अच्छे झुमके मिल जाएंगे जिसे आप वियर कर सकती हैं। गर्मियों में पसीने की वजह से ज्वेलरी पहनना थोड़ा मुश्किल हो जाता है, आप भी सूट या साड़ी के साथ लॉन्ग लटकन में इयररिंग्स वियर कर सकती हैं, ये दिखने में काफी स्टाइलिश लुक देते हैं। प्रिंटेड गाउन के साथ यामी गौतम ने राउंड लॉन्ग इयरिंग्स टीमअप किया है। ये आजकल काफी पसंद किए जा रहे हैं। इसे आप किसी भी वेस्टर्न आउटफिट के साथ टीमअप कर गजब लग सकती हैं। सुईधागा डिजाइन इयररिंग्स कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होते। आप इसे गाउन औ साड़ी दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। यामी गौतम ने ऑफ शोल्डर ब्लाउज के साथ इन्हें पेयर किया है।

हनीमून पर क्यूट दिखने के लिए शॉर्ट ड्रेस करें कैरी

मुंबई। आजकल लड़कियां हनीमून के लिए पहले से तैयारी करके रखती हैं। अपने पार्टनर के साथ पहले ट्रिप पर जाने के लिए वो एक से बढ़कर एक खूबसूरत ड्रेस पहनती हैं। ट्रेंडी ड्रेस पहनकर आप अपने पार्टनर को इंप्रेस कर सकती हैं। अगर आप इस तरह की ड्रेसेस केरी करेंगी तो आप काफी स्टाइलिश लगेंगी। रकुल प्रीत सिंह अपने हनीमून पर अगर आप अपने पति को इंप्रेस करने का सोच रही हैं, तो ऐसी क्यूट सी ड्रेस के साथ स्नीकर्स पहनें। ये देखने में काफी कूल रहेगा और आप इस तरह की ड्रेस में क्यूट दिखेंगी। करिश्मा तन्ना एक्ट्रेस के इस लुक से टिप्स लेकर आप एक दिन ऐसा फ्लोरल प्रिंट का को-ऑर्ड कैरी कर सकती हैं। जैस्मिन भसीन क्यूट दिखने के लिए आप इस तरह की शॉर्ट ड्रेस कैरी कर सकती हैं। हिना खान अगर कंफर्टेबल कपड़े पहनना चाहती हैं, तो इस तरह की ड्रेस कैरी कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस देखने में भी काफी प्यारी लगती है।

बच्चों के लिए आ गए समर स्पेशल ट्रेंड्स, रहेंगे कूल

मुंबई। गर्मी का मौसम आते ही लोग फैमिली के साथ घूमने निकलते हैं। ऐसे में अधिकतर लोगों के मन में सवाल आता है, कि कौन से कपड़े पहनना सही रहेगा? अगर आपकी ट्रिप में छोटे बच्चे भी साथ हैं, तो यह एक चिंता का विषय होता है, क्योंकि गर्मी के दिनों में छोटे बच्चों की केयर करना बहुत जरूरी होता है। इस

समय उन्हें गर्मी में छोटे और सूती के कपड़े पहनना सही होगा। बच्चों को रंग-बिरंगे कपड़े पहनना सबसे अच्छा लगता है। इससे वह खुश रहते हैं साथ ही गर्मी में पसीने से बचे रहते हैं। कोशिश करें गर्मी के दिनों में बच्चों को हल्के कपड़े पहनाएं। आप चाहें तो बच्चों को लिनन, खादी और जॉर्जेट से बने कपड़े भी पहना सकते हैं। रंग बिरंगी कपड़ों के साथ आप बच्चों को कपड़ों से मैचिंग टोपी पहना सकते हैं साथ ही एक काला चश्मा भी उन्हें दे सकते हैं।

बिलासपुर में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती, भक्तों ने भंडारे में चखा प्रसाद

मंदिर में भजन गाते हुए श्रद्धालु।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर मुख्यालय में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर के डियारा सेक्टर में स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और मंदिर परिसर में सुंदर कांड व हनुमान पाठ का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मंदिर कमेटी व समस्त शहर वासियों के सहयोग से मिलकर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इसमें श्रद्धालुओं सहित मंदिर कमेटी बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। प्रत्येक साल की भांति इस साल डियारा सेक्टर में स्थित हनुमान मंदिर को सजाया गया है और सुंदर कांड दोपहर तक आयोजित किया जाएगा।

मंदिर में दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

मंदिर के पुजारी बाबू राम पंडित ने बताया कि कई सालों से यह आयोजन यहां पर कई जाता है। यहां पर काफी समय से भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव की जिला व प्रदेश वासियों को बधाई भी दी है और कहा कि मंदिर प्रशासन को हमेशा स्थानीय जनता और अन्य कमेटियों द्वारा बेहतर सहयोग मिलता रहा है। वहीं, हनुमान जयंती के दौरान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया था। इस दौरान मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन चलता रहा। वहीं, भक्तों ने दिनभर मंदिर में पूजा-अर्चना कर लिया प्रभु का आशीर्वाद।

झंडूता में बैसाखी नलवाड़ मेले का आगाज

एडीसी निधि पटेल ने पूजा-अर्चना कर किया मेले का शुभारंभ, बैल पूजन रहा मेले के आकर्षण का केंद्र

गोपाल कपिल, झंडूता

बिलासपुर के झंडूता क्षेत्र में मंगलवार को पारंपरिक बैसाखी नलवाड़ मेला शुरू हो गया। मेले का शुभारंभ एडीसी बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने किया। झंडूता स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत शोभा यात्रा में भाग लिया तथा पारंपरिक बैल पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन मेलों में स्थानीय लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और मेले की गरिमा को बनाए रखने के लिए अपना सतत सहयोग प्रदान करें। मेले को और आकर्षक बनाने के लिए मेला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। कहा कि कुश्ती मेलों का प्रमुख आकर्षण का केंद्र होती हैं। इसका लोग भरपूर आनंद उठाते हैं। उन्होंने मेले के दौरान आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों का भी उद्घाटन एवं अवलोकन किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया तथा कलाकारों को लोक संस्कृति को संजोए रखना और उसके संवर्धन के लिए किया जा रहे हैं प्रयासों के प्रति कलाकारों व महिला मंडलों की सराहना भी की। उपमंडल अधिकारी झंडूता योगराज धीमान ने मेले की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त का पधारने पर आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

चीफ गेस्ट ने किया मेले में लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन

बैसाखी नलवाड़ मेले के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते मुख्यातिथि व अन्य।

तीन दिन तक चलेगा मेला

उन्होंने लोगों से अपील की कि तीन दिन तक चलने वाले मेले में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कुश्ती व अन्य आयोजनों का भी भरपूर आनंद उठाएं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए कार्य कर रहे सभी समितियों के पदाधिकारी व सदस्यों का भी मेले की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, आज मेले में काफी भीड़ देखने को मिली। मेले में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

न्यूज ब्रीफ

दो दिन से फंसे बाहरसिंगा का किया रेस्क्यू

बिलासपुर। किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित तुन्नू क्षेत्र में गोबिंदसागर झील किनारे दो दिन से फंसे बाहरसिंगा को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। दो दिन से गोबिंदसागर झील की दलदल में फंसे इस बाहरसिंगा को अग्निशमन विभाग सहित वन विभाग व स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाला गया है। जानकारी के अनुसार दो दिन से यह बाहरसिंगा दलदल में फंसा हुआ था। ऐसे में स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। ऐसे में विभाग की ओर से अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई, संयुक्त रूप से किए गए रेस्क्यू के बाद बाहरसिंगा को सुरक्षित निकाल दिया गया है।

सीएम सुक्खू कर रहे गलत बयानबाजी: धर्माणी

घुमारवीं। भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश में अपनी सरकार और पार्टी की राजनीतिक स्थिति से निराश और हताश होकर जो बयानबाजी कर रहे हैं। वो मुख्यमंत्री के पद की गरिमा और हिमाचल की संस्कृति और परंपरा के खिलाफ है। भुट्टो को कूटो, काला नाग, भेड़ या मेंढक जैसे शब्दों का प्रयोग करने के साथ-साथ विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे नेताओं के बारे में जिन अपशब्दों का प्रयोग मुख्यमंत्री कर रहे हैं। उससे लगता है कि वो अपनी खीज या भड़ास मिटाने के लिए ये सब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के ये बयान हिमाचल की संस्कृति व परंपरा के साथ-साथ मुख्यमंत्री पद की गरिमा के भी खिलाफ है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जो राजनीतिक स्थिति पैदा हुई है। इसके कारण माननीय मुख्यमंत्री परेशान लग रहे है वो उनके द्वारा पिछले डेढ़ साल का लेखा-जोखा है। पिछले डेढ़ वर्ष में 20 हजार करोड़ का कर्ज लेने के बाद भी आर्थिक कुप्रबंधन के कारण प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं। सरकार और कांग्रेस के नेता व विधायक मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से परेशान होकर तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। इसके कारण प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता का वातावरण बना हुआ है। मुख्यमंत्री एक बार पुनः जनता को झूठे वादे करके गुमराह कर रहे हैं। आज प्रदेश में महिला उत्पीड़न, बलात्कार और हत्याओं के मामले जिस प्रकार से घटित हो रहे हैं वो सरकार की कार्यप्रणाली और कुप्रबंधन को प्रदर्शित करते हैं।

अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें: डीसी

बिलासपुर। बिलासपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में संचालित सभी उचित मूल्य की दुकानों में फ्लेक्स बैनर लगाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके तहत 249 उचित मूल्य की दुकानों में फ्लेक्स और बैनर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उपायुक्त बिलासपुर ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों में आने वाले लोगों को पहली जून को मतदान के महत्व को समझाया जाएगा। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि आगामी पहली जून को सभी मतदाता चुनाव में बिना डर भय लोभ और प्रलोभन के निष्पक्ष वोट दें। मतदाता भी यह संकल्प ले रहे हैं कि हम अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें। और किसी के बहकावे में नहीं आयेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

बिलासपुर। मनीषा गोयल सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे।

खतेड़ पालंगरी गांव में एक सप्ताह से पानी की किल्लत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

उपमंडल सदर की ग्राम पंचायत बरमाणा के गांव खतेड़ पालंगरी में पिछले एक सप्ताह से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि नल में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने प्रशासन से समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई है।

लोगों ने बताया कि गांव को एसीसी और जल शक्ति विभाग की पेयजल योजना से जोड़ा गया है। लेकिन दोनों योजनाओं में पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण है कि एसीसी की लाईन से आ रही पानी की पाइपें जंग लगने के कारण जवाब दे चुकी है। इससे हर नल से एक बाल्टी को भरने के लिए करीब एक घंटा लगता है।

वहीं, जल शक्ति विभाग की सप्लाई में पंप पर वाटर गार्ड न होने से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वह आपूर्ति भी अब पिछले एक हफ्ते से बंद है। ग्रामीण हिम्मत सिंह, चेत

राम, बिशन दास ने बताया कि एसीसी अस्पताल की पिछली तरफ लगते खतेड़ पालंगरी में पानी की आपूर्ति के लिए कोई निर्धारित समय नहीं है। लोगों ने बताया कि कई घंटों के इंतजार के बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा है।

यदि पानी भी आता है तो वह भी कुछ ही समय के लिए आ रहा है। साथ ही क्षेत्र में पशुओं को पानी पिलाने का भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि गर्मी के मौसम शुरू होते ही पीने के पानी के लिए जूझना पड़ रहा है तो भीषण गर्मी के दौरान क्या हाल होगा। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस समस्या से उन्हें शीघ्र राहत दिलाई जाए।

स्वास्थ्य संबंधी मामलों में सुरक्षाकर्मी न करें हस्ताक्षेप

सुरक्षा गार्ड की ओर से ग्लूकोज ड्रिप लगाने के मामले की जांच रिपोर्ट के बाद सीएमओ ने जारी किए आदेश

नीरज शर्मा, घुमारवीं

घुमारवीं अस्पताल में सुरक्षाकर्मी द्वारा मरीज को ग्लूकोज ड्रिप लगाने के मामले में जांच रिपोर्ट सीएमओ के पास पहुंच गई है। मंगलवार को सीएमओ ने सारी जांच रिपोर्ट पढ़ने के बाद आदेश जारी किए हैं और कहा है कि सुरक्षाकर्मी अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी विषय पर हस्तक्षेप न करें, अन्यथा अस्पताल प्रबंधन व सुरक्षाकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गौरतलब है कि सिविल अस्पताल घुमारवीं में हैरान कर देने वाला एक लापरवाही का मामला तब सामने आया जब अस्पताल का एक सुरक्षाकर्मी आपातकालीन अवस्था में भर्ती किए गए मरीज को ग्लूकोज का ड्रिप लगाते दिखाई दिया। गौरतलब है कि यह मामला 14 अप्रैल का है जब फूड पॉइजनिंग के चलते कई मामले

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सिविल अस्पताल घुमारवीं में आए थे व इनमें से जब एक व्यक्ति को ग्लूकोज लगाने की जरूरत पड़ी तब अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी ग्लूकोज का ड्रिप लगाते हुए दिखाई दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वहीं, इस सारे मामले की शिकायत सचिव स्वास्थ्य एवं जन कल्याण विभाग शिमला को भेज कर उचित जांच की मांग भी की गई है। ऐसे में इस सभी मामले की शिकायत जब सचिव स्वास्थ्य विभाग शिमला तथा बिलासपुर सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी के पास पहुंची तो इस मामले पर कार्रवाई करते हुए तुरंत प्रभाव से सीएमओ ने बीएमओ घुमारवीं से इसकी सारी रिपोर्ट मांगी थी। इसके बीएमओ घुमारवीं ने दो सदस्यीय कमेटी बनाकर रिपोर्ट सीएमओ बिलासपुर को सौंपी दी है। वहीं, मामले की गंभीरता से जांच के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉक्टर प्रवीन चौधरी ने कहा कि फूड पॉइजनिंग के चलते सिविल अस्पताल घुमारवीं में 10 से 12 लोग भर्ती हुए थे जिनका मौजूद चिकित्सक व नर्सों की टीम ने उपचार किया था। उसी दौरान रात करीब नौ बजे अस्पताल में एक बच्चे को सांप के काटने का मामला भी सामने आया था। उसके उपचार के लिए चिकित्सक व नर्स चले गए थे तभी एक मरीज का

घुमारवीं अस्पताल का फाइल फोटो।

ग्लूकोज खत्म होने की जानकारी मिलने पर सुरक्षाकर्मी ने ग्लूकोज ड्रिप बंद कर दिया। इसपर मौजूदा कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया और इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दी। (अनंत ज्ञान)

अब पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई : प्रवीण

साथ ही सीएमओ बिलासपुर डॉक्टर प्रवीन चौधरी ने कहा कि इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हो रही है। उसे देखकर लगता है कि सुरक्षाकर्मी द्वारा ग्लूकोज की ड्रिप चढ़ाई नहीं जा रही थी बल्कि उसे केवल बंद किया गया था। फिर भी उनकी तरफ से जिला के अस्पतालों में कार्यरत सुरक्षाकर्मियों को यह दिशा निर्देश दिए गए हैं कि अस्पताल में सुरक्षा के अलावा अन्य किसी स्वास्थ्य संबंधी मामले में वह हस्तक्षेप न करें नहीं तो उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने गोमांस पर भाजपा को घेरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने जारी ब्यान में कहा कि पिछले दस सालों से केंद्र में भाजपा की सरकार है और अनुराग ठाकुर केंद्र में कैबिनेट मिनिस्टर हैं, परंतु वह अपनी उपलब्धियां बताने के बजाए सड़कों पर आवारा फिर रहे। गोवंश की सेवा करने की नौटंकी कर रहे हैं।

जहां पिछले 10 सालों में पूरे देश के हर एक जिला में भाजपा ने फाइव स्टार पार्टी कार्यालय बना लिए। वहीं, यदि अनुराग सिंह ठाकुर गोवंश के इतने ही हितैषी होते तो वे गोशाला बनवा देते। परंतु केंद्रीय मंत्री चुनावों के समय गो प्रेमियों एवं सनातन धर्मियों के वोट ऐंठने के लिए गो सेवा का नाटक कर रहे हैं। भाजपा नेत्री कंगना राणौत, केंद्रीय मंत्री किरण रिज्जू, रामदास, सार्वजनिक तौर पर कबूल चुके हैं कि वे गो मांस खाते हैं और उन्हें गोमांस खाना अच्छा लगता है और उन्हें गो मांस खाने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे में गो सेवा का नाटक कर रहे केंद्रीय मंत्री बताएं कि जब इन भाजपा नेताओं ने गो मांस खाने की बात कही तो उन्होंने उनका विरोध क्यों नहीं किया। क्यों इन्होंने इन नेताओं के घर के बाहर धरना-प्रदर्शन नहीं किया। क्यों अनुराग ठाकुर ने इन भाजपा नेताओं के विरुद्ध कानून कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को नहीं कहा। अनुराग सिंह

विजय कुमार।

ठाकुर के ऐसा न करने से स्पष्ट होता है कि वह केवल गो सेवा का नाटक कर रहे हैं। वे अपनी आंखों के सामने गलत होता देख वह अपनी आंखें बंद करने वाले नेताओं में से हैं। उनके पास अपनी उपलब्धि के नाम पर कुछ भी बताने को नहीं है। इसलिए वह अब नाटक बाजी करके भोली-भाली जनता का वोट ऐंठना चाहते हैं।

जनता जानती है कौन सरकार हितैषी है

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है, जनता शिक्षित है, जनता भली-भांति जानती है कि कौन सी सरकार जनता की हितैषी है और कौन नेता आम जन-मानस विरोधी। सही मायने में हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ही गोवंश प्रेमी एवं किसान प्रेमी है। जिसने दो प्रति किलो के हिसाब से पशुओं का गोबर खरीदने की गारंटी दी है जो शीघ्र ही क्रियान्वित होने वाली है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस सरकार ने दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को ऐतिहासिक लाभ पहुंचाया है।

सड़क हादसे में टिप्पर चालक घायल

दधोल। शिमला धर्मशाला डबल लेन पर दधोल के पास एक टिप्पर (एचपी 69 6543) जो रेता लेकर घुमारवीं की ओर जा रहा था अचानक सामने स्कूटी एवं आवारा जानवर आ गए। जिन्हें बचाने के चक्कर में टिप्पर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे ढाक से टकरा गया गनीमत यह रही की उस समय उस जगह पर कोई सड़क किनारे नहीं चल रहा था। इस जगह से कुछ दूरी पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला है। इस घटना में टिप्पर चालक को मामूली चोटें आई हैं। टिप्पर चालक को स्थानीय लोग नजदीक डॉक्टर के पास ले गए। उसके बाद भराड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और मौके रिपोर्ट तैयार कर छानबीन शुरू कर दी।

शाहतलाई में छिंज मेला कल 41000 रुपए की होगी बड़ी माली

अनंत ज्ञान, शाहतलाई

शाहतलाई की तपोस्थली में हर वर्ष की भांति अप्रैल माह के अंतिम वीरवार को विशाल दंगल होगा। जय लखदाता पीर कमेटी की बैठक में बड़ी माली के इस वर्ष 41000 राशि रखी गई।

इसमें विजेता को 21000 हजार रुपए जबकि उपविजेता को 20000 राशि अगर पहलवान कोई फैसला नहीं कर पाए तो दोनों को बराबर 15-15 हजार रुपए ही दिए जाएंगे। छोटी माली और अंडर-20 के लिए केवल हिमाचल के पहलवानों को तहरीज दी जाएगी। छोटी माली के लिए हिमाचल पहलवानों को 25000 राशि विजेता को 13000 रुपए जबकि उपविजेता को 12000 राशि दी जाएगी परिणाम न निकलने की स्थिति में 11-11 हजार रुपए ही दिए जाएंगे। हिमाचली पहलवानों को अंडर-20 के लिए 15000 राशि रखी गई। इसमें विजेता को 8000 रुपए जबकि उपविजेता को 7000 दिए जाएंगे अगर कोई परिणाम पहलवान नहीं दे सके तो बराबरी पर 51-51 सौ रुपए ही दिए जाएंगे। वहीं, तीनों ही मालियों के विजेताओं को रखी गई राशि के साथ-साथ में गुरज देकर भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पिछले वर्षों की भांति इस बार भी अनूप महाराज बीटन वाले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में तारा दत शर्मा, जयपाल कौशल, राजकुमार कौशल, पृथ्वी धीमान, बलदेव कुमार, पवन कौशल, सुभाष चंद, राजकुमार कौशल, जोध सिंह, जगदीश कुमार, राजेश कौशल, राजकुमार चौधरी, देव चौधरी इत्यादि अन्य कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

उभरते हुए पहलवानों को दिया जाएगा मौका

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष छोटी माली और अंडर-20 के लिए हिमाचल के उभरते हुए पहलवानों को ही मौका दिया जाएगा, ताकि हिमाचल के युवा पहलवान अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा सकेंगे और उन्हें भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

युवराज पहलवान ने जीती बड़ी माली

घोड़ा बाबा फ्लाई पहलवान को हराकर जरोड़ा का दंगल किया अपने नाम

अनंत ज्ञान, दधोल

भराड़ी उपतहसील के तहत दधोल पंचायत के जरोड़ा गांव में 42वें दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में दो सौ के करीब पहलवानों ने अपने अपने जौहर दिखाते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया। हर वर्ष यह दंगल पहली अप्रैल को ही आयोजित होता रहा है। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के कारण पहली अप्रैल को दंगल आयोजित नहीं हो पाया था। जो सोमवार को आयोजित हुआ। दंगल के दौरान सैकड़ों कुश्ती प्रेमियों ने कुश्ती का आनंद लिया। छोटी माली के लिए पहला सेमीफाइनल रिंकू दिल्ली व सागर दिल्ली के बीच हुआ।

दूसरा सेमीफाइनल सदीक फगवाड़ा व मोनू दिल्ली के बीच हुआ। दोनों मुकाबलों में जीत कर आए रिंकू दिल्ली व मोनू दिल्ली के

विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए मेला कमेटी के सदस्य।

बीच फाइनल का मुकाबला हुआ। इस छोटी माली में मोनू पहलवान विजयी रहे। विजेता पहलवान को 7100 रुपए व गुर्ज भेंट किया गया। जबकि उपविजेता रिंकू को 6100 रुपए नकद राशि व गागर देकर सम्मानित किया गया। बड़ी माली के बीच युवराज पट्टी व घोड़ा बाबा फ्लाई के बीच मुकाबला हुआ। इसमें युवराज ने बेहतर कुश्ती दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया।

विजेता-उपविजेता पहलवानों को किया सम्मानित

वहीं, विजेता युवराज को 15000 व गुर्ज जबकि उपविजेता को 13 हजार व गागर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दंगल कमेटी के प्रधान सूरत राम, उपप्रधान, कमेटी सदस्य, नजदीकी पंचायतों के चुनिंदा प्रतिनिधि व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक — सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सहायक आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

ब्लैक स्पॉट्स का पता लगाकर करें सुधार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सड़क सुरक्षा समिति की आवधिक बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में किया गया। इसकी अध्यक्षता सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार आहलूवालिया ने की।

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से गत वर्ष विभिन्न विभागों के माध्यम से 194 गतिविधियों का आयोजन जिला की पाठशालाओं, महाविद्यालयों व आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थानों सहित जिला के प्रमुख स्थानों व मेलों में किया गया। उन्होंने बताया पिछले वर्षों की अपेक्षा गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखी गई है जोकि प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने लोनिवि व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों की संयुक्त निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉटों पर आवश्यक सुधार करने पर बल दें। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि जिन मुख्य गलतियों के कारण वाहन चालक दुर्घटनाएं कर बैठते हैं। उनके बारे में वाहन चालकों को अधिक जागरूक करने के प्रयास किए जाएं और जो वाहन चालक इन नियमों का पालन नहीं करते उनका पुलिस विभाग चालान करें। उन्होंने बताया कि जिला से गुजर रहे फोरलेन का निर्माण 60 किलोमीटर की अधिकतम गति के अनुरूप ही किया गया है और इस बारे में फोरलेन के किनारे अधिकतम गति सीमा से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने

सड़क सुरक्षा बैठक के दौरान चर्चा करते हुए अधिकारी।

कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित सभी प्रकार का डाटा जिला की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा के जिला सड़क सुरक्षा योजना का प्रारूप बनाकर उपायुक्त महोदय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मुनीश चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा यशपाल, अधीशांषी अभियंता लोनिवि डीसी ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं बिरेंद्र सिंह पुत्र बुद्धि सिंह गांव पड्यालग डाकघर दधोल, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम वंशिका मेहता उसके जन्मप्रमाण पत्र में गलत दर्ज है जबकि उसका सही नाम वंशिका है तथा मेरी पत्नी का नाम हमारी पुत्री के जन्मप्रमाण पत्र में कंचन देवी गलत दर्ज है। जबकि उसका सही नाम कंचन बाला है। और वंशिका व वंशिका मेहता तथा कंचन बाला व कंचन देवी दोनों एक और उसी औरत के नाम हैं जो मेरी पुत्री व पत्नी है।

सोलन-कुमारहट्टी तक हटाए पार्क वाहन

सोलन शहर में बढ़ी पार्किंग की समस्या, रबोन और आंजी में पार्क वाहनों के काटे चालान

आर मोहन चौहान, सोलन

प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश की पालना करते हुए जिला प्रशासन ने नेशनल हाईवे-पांच में सोलन से लेकर कुमारहट्टी तक सर्विस लेन में पार्क सैकड़ों वाहनों को हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली।

इससे पहले प्रशासन ने हाईवे के किनारे लगी रेहड़ियों को भी हटाने की भी कार्रवाई की थी। अब प्रशासन हाईकोर्ट में कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। हालांकि अतिक्रमण हटाने के बाद शहर में वाहन पार्क करने की चुनौती खड़ी हो गई है। सोलन मुख्यालय की बात करें, तो यहां पर मात्र 1500 से 2000 वाहनों को पार्क करने की सुविधा है, जबकि हजारों की संख्या वाहन अभी भी सड़कों के किनारे ही पार्क किए जा रहे हैं। नेशनल हाईवे से वाहनों को हटाने के बाद शहर की छोटी सड़कों पर वाहनों का रश बढ़ने लगा है। इससे आने वाले दिनों में सड़कों पर वाहनों की आवाजाही मुश्किल होगी। हैरानी की बात है कि नगर निगम और जिला प्रशासन अभी तक शहर में वाहन चालकों के लिए कोई बड़ी पार्किंग उपलब्ध नहीं करवा पाया है। इससे सोलन से चंबाघाट सहित सपरून से देउंघाट, धोबी घाट रोड, हाउसिंग कॉलोनी रोड, आईटीआई रोड, टैंक रोड, सेरी रोड, सोलन-राजगढ़ रोड में रोड साइड पार्किंग की भरमार हो चुकी है। प्रशासन ने हाईवे से तो अवैध पार्किंग हटा दी, लेकिन शहर में फिर से पार्किंग की समस्या खड़ी हो गई है। (अनंत ज्ञान)

सपरून में हाईवे से अतिक्रमण हटाने के बाद खुली नजर आई सड़क।

रेहड़ी चालकों पर आजीविका का संकट

हाईवे से रेहड़ियों को हटाने से रेहड़ी चालकों पर आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। निगम ने 55 रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट सपरून में बूथ आवंटित किए हैं पर सैकड़ों की संख्या में लाइसेंस धारक अभी भी रोजगार का स्थायी ठिकाना दिलाने की मांग कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने 26 अप्रैल को एक बैठक बुलाई है, जिसमें वेंडर जोन में रेहड़ी चालकों को स्थान दिया जा सकता है।

खुली नजर आने लगी सड़क

प्रशासन की कार्रवाई के बाद सोलन से लेकर रबोन, आंजी, समलेच, कुमारहट्टी और धर्मपुर में फोरलेन की सर्विस लाइन खुली-खुली नजर आने लगी है। इससे वाहनों की आवाजाही भी सुगम हुई है। हालांकि इन क्षेत्रों के वाहन मालिकों के सामने अब वाहनों को पार्क करने की चुनौती खड़ी हो गई है।

रेहड़ियों को हटाया

एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि सोलन से लेकर कुमारहट्टी तक नेशनल हाईवे के किनारे लगे खड़े वाहनों को हटाने के साथ-साथ अवैध रूप से लगी रेहड़ियों को हटाया गया है। यहां पर फिर से वाहन पार्क या अतिक्रमण करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

दो स्कूलों में दो साल बाद भी नहीं लगे रूफ टॉप सोलर एनर्जी प्लांट

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के बड़ी छात्र संख्या वाले स्कूलों में बिजली की बचत के लिए सोलर प्लांट लगाने की योजना शुरू की थी, जिसके तहत स्कूलों का बिजली का बिल शून्य करने के उद्देश्य से हिमाचल सरकार ने स्कूलों में सोलर प्लांट योजना आरंभ की थी। इस योजना के तहत प्रथम चरण में हिमाचल के 11 स्कूलों को शामिल किया गया था, जिनमें से दो स्कूल जिला सिरमौर के भी थे।

सिरमौर के छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शमशेर नाहन और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुरवाला शामिल था, जिन स्कूलों में सरकार की ओर से हिम ऊर्जा की मार्फत सोलर प्लांट लगाए जाने थे। हिमाचल काउंसिल फॉर साइंस टेक्नोलॉजी एंड एनवायरमेंट(हिमकॉस्ट) ने तीन अगस्त, 2022 को हिमाचल के 11 स्कूल समेत निदेशक हिम ऊर्जा को पत्र जारी किया था, जिसमें हिमाचल के 11

स्कूलों में रूफ टॉप सोलर एनर्जी प्लांट लगाए जाने थे। इन सोलर प्लांट लगाने का मुख्य उद्देश्य जहां स्कूलों का बिल शून्य करना था। वहीं, इसमें स्कूल के ईको क्लब को भी जोड़ा गया था, ताकि ईको क्लब के माध्यम से लोगों के बीच भी सोलर प्लांट लगाने को लेकर जागरूकता पहुंचाई जाए, जिन स्कूलों में रूफ टॉप सोलर एनर्जी प्लांट लगने थे, उन स्कूलों ने करीब एक वर्ष पूर्व इंस्टॉलेशन चार्जेस भी जमा करवा दिए हैं। बावजूद इसके भी सोलर प्लांट इन स्कूलों में नहीं लगे हैं।

नाहन के प्रधानाचार्य राज कुमार चौहान ने बताया कि स्कूल ने एक वर्ष पूर्व हिम ऊर्जा को इंस्टॉलेशन चार्ज भी जमा करवा रखे हैं, लेकिन अभी तक स्कूल में रूफटॉप सोलर एनर्जी प्लांट नहीं लग पाया है, जिसके चलते स्कूल में अब भी भारी भरकम बिल अदा करना पड़ रहा है।

आचार संहिता हटते ही कार्य होगा आरंभ : नरेंद्र

उधर, इस बारे में जब हम ऊर्जा के निदेशक नरेंद्र चौहान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सिरमौर के दोनों स्कूलों में बिजली का लोड कम होने के चलते हिम ऊर्जा ने उनसे किसी भी प्रकार की राशि नहीं मांगी थी, लेकिन बाद में स्कूलों ने अपना लोड रिवाइज कर दिया, जिसके चलते इन स्कूलों में रूफटॉप सोलर एनर्जी प्लांट लगाए जाने हैं। हिम ऊर्जा ने हिमाचल कार्उसिल पर साइंस टेक्नोलॉजी एंड एनवायरमेंट (हिमकॉस्ट) से सोलर प्लांट इंस्टॉल करने के लिए 2362500 रुपए मांगे हैं, जैसे ही हिमकॉस्ट से यह राशि आती है। उसके तुरंत बाद हिम ऊर्जा द्वारा इसके टेंडर करवाए जाएंगे और चुनाव आचार संहिता हटते ही इसका कार्य आरंभ हो जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

आचार संहित में हथियार जमा न करवाने पर मामला दर्ज

बीबीएन। नालागढ़ पुलिस ने आचार संहिता में लाइसेंसी हथियार जमा न करवाने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ 188 के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई है। व्यक्ति नालागढ़ के रेडू का रहने वाला है। अब पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई अमल में ला रही है। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर साफ संदेश दे दिया है कि हथियार जमा न करवाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी नालागढ़ श्याम लाल ने बताया कि 188 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिनके पास लाइसेंस हथियार है वह जल्द अपना हथियार जमा करवाएं नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राजेंद्र चौहान के निधन पर मंच ने जताया शोक

सोलन। सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने लानाचेता निवासी सेवानिवृत्त शास्त्री राजेंद्र चौहान (65) के निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई। जानकारी के अनुसार उनकी मौत ब्रेन हेमरेज के कारण हुई। सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप मम्गाई, वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. एसएस परमार व एडवोकेट गगन चौहान, महासचिव यशपाल कपूर के अलावा पदम पुंडीर, बलदेव चौहान, मियां प्रेम सिंह, कंवर वीरेंद्र सिंह, रमेश शर्मा, बीआर शर्मा, नरेंद्र चौहान, नारायण सिंह चौहान, एसआर वर्मा, डॉ. एसएल वर्मा, गोपाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, वरुण चौहान, ध्यान सिंह चौहान, विशाल चौहान, कविराज चौहान, आरएस ठाकुर, सुखदर्शन, कुलदीप सूर्या, कुलदीप ठाकुर, जोगिंद्र हाब्बी, रमेश मेहता, एसपी शर्मा समेत सहित सभी सदस्यों ने राजेंद्र के निधन पर शोक जताया।

भगवान कहते है कि मैं प्रेम का भूखा : कृष्ण

अर्की। श्री शुकदेव महाराज कहते हैं कि परीक्षित आपने इतनी कथा सुनी तो बताओ भगवान किसको मिलते हैं। परीक्षित जी कहते हैं। शुद्धता, पवित्रता से आचार-विचार से रहो तो भगवान जल्द रीझ जाते हैं। अर्की के मयाउण गांव में बुद्धि राम शर्मा के घर में चल रही तीसरे दिन की श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य साहिल कृष्ण शास्त्री ने कथा में कहा कि भगवान प्रेम से मिलते हैं। भगवान कहते हैं कि मैं प्रेम का भूखा हूं, मैं प्रेम ही एक सार है। प्रेम से मुझको भजो तो, भव से बेड़ा पार है। परंतु हम लोग तो उल्टा करते हैं। प्रेम दुनिया वालों से करते हैं जो जानते ही नहीं कि प्रेम क्या होता है। प्रेम की परिभाषा नारद जी भक्ति सूत्र में करते हैं।

जलागम से संबंधित कार्यों के बारे में की चर्चा

दाड़लाघाट। जलागम समिति पाड़ी बड़ोग की मासिक बैठक मांगू में प्रधान अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जलागम से संबंधित कार्यों के बारे में चर्चा की गई। अनिल ने बैठक में सदस्यों से कहा कि ग्राम जलागम समिति पाड़ी बड़ोग के शेष कार्य पूरा करने के लिए नाबॉर्ड की तरफ से चार माह का समय दिया गया। इस बार में कार्य समय पर पूरा करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। निर्धारित समय में दस गांवों में लगभग तीस लाख की राशी खर्च की जाएगी। यह राशि चेक डैम, बडिंग, ट्रैंच खोदना, परकुलेशन टैंक, टेरेस रायजिंग, गैबियन, खाल आदि का निर्माण करवाया जाएगा।

हिम्मत को जीएसएलसी एजुकेशन अवॉर्ड-2024

सोलन। शिक्षा के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के लिए लॉरेंस स्कूल सनावर के हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों को प्रतिष्ठित जीएसएलसी एजुकेशन अवॉर्ड-2024 से पुरस्कृत किया गया। गुरुग्राम में आयोजित एक समारोह में उनके पिछले दो दशकों के शैक्षिक योगदान की प्रशंसा की गई। ढिल्लों शिक्षा के क्षेत्र में अपने बहुआयामी अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उन्हें डे और रेजिडेंशियल स्कूल, दोनों के सफल नेतृत्व का समृद्ध अनुभव हासिल है। उनका शैक्षिक सफर, जिसमें मास्टर, रेजिडेंट ट्यूटर, हाउस मास्टर, विभाग के प्रमुख, और प्रिंसिपल/सीईओ जैसी भूमिकाओं का समावेश है, उनकी शिक्षा व्यवस्थाओं और संस्थाओं के प्रति गहरी सूझ-बूझ को दर्शाता है।

मतदाता जागरूकता में छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण

अर्की। अर्की उपमंडल की राजकीय (बाल) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) के तहत विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने अभियान की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग की मतदाता जागरूकता की पहल में विद्यालय के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। विद्यार्थी अपने अभिभावकों, रिश्तेदारों और अपने आस-पड़ोस में लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें, ताकि लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।

भाजपा को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

पांवटा साहिब। भारतीय जनता पार्टी का शिव मंदिर धर्मशाला में ओबीसी मोर्चा सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनय चौधरी मौजूद रहे। इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी मौजूद रहे और पांचों मंडल अध्यक्ष महामंत्री और भाजपा के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। ओबीसी सम्मेलन में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए एक जुट होकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। पांवटा मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर ने बताया कि कांग्रेस ठगने का काम करती है। विकास तभी होता है, जब प्रदेश में भाजपा की सरकार होती है।

कांग्रेस ने विकास को लगाया विराम : कश्यप

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने नाहन का दौरा किया।

उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पिछली भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो 2017 से 2022 तक चली थी वह हिमाचल की विकास यात्रा वाली सरकार थी और अब कांग्रेस सरकार जो को दिसंबर-2022 से बनी है, तब से कुप्रबंधन वाली सरकार के नाम से जानी जाएगी। प्रदेश भाजपा सरकार में आधारभूत ढांचे का विस्तार, सुविधा और तरक्की का आधार बना था। हमारी सरकार ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रदेश में कुल 96 प्रतिशत घरों में 8.82 लाख नए नल कनेक्शन उपलब्ध करवाए थे। प्रधानमंत्री ने हिमाचल के लोगों को अटल टनल का उपहार देकर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार किया था। हमारी भाजपा सरकार ने प्रदेश में 69 एनएच परियोजनाओं को प्रारंभ किया।

हिमाचल में एनएच की कुल लंबाई-2653 किमी से बढ़कर 6965 किमी हुई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत राज्य में 20,000 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया एवं 10,591 गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया, जिससे लगभग 20 लाख लोग लाभान्वित हुए। हमारी प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में 1200 करोड़ की लागत से बल्क ड्रग पार्क का निर्माण के विजन रखा गया, जिससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 30,000 नौकरियां उत्पन्न होनी थी। इस योजना को कांग्रेस सरकार ने रोकने का पूर्ण प्रयास किया है। हमारी भाजपा सरकार द्वारा हिमाचल में 350 करोड़ की लागत से मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण किए जाने का विजन रखा गया। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत हिमाचल के धर्मशाला में 71 परियोजनाओं पर 285.44 करोड़ एवं शिमला में 53 परियोजनाओं पर 279 करोड़ का व्यय किया गया।

नाहन में कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप।

सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो : जगदीश

सोलन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौणाजी में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। डॉ. जगदीश नेगी ने उपस्थित जनों से मतदान में शत-प्रतिशत सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने निर्वाचन विभाग का संदेश वहां उपस्थित स्टूडेंट्स, अध्यापक, अभिभावक संघ के सदस्यों, पंचायत के प्रतिनिधियों उपस्थित स्टाफ के साथ साझा करते हुए स्वीप कार्यक्रम में भागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सोलन डॉ. राजकुमार द्वारा एक-एक वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

सिरमौर में 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता होंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को सम्मानित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम 27 अप्रैल को नाहन के एसएफडीए हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नाहन के 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने यह जानकारी दी। सुमित खिमटा ने कहा कि 'मतदान का त्योहार, सिरमौर है तैयार' शीर्षक से जिला स्तरीय सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी अहम भूमिका निभा सकें।

दिव्यांग मतदाता भी होंगे सम्मानित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के अलावा दिव्यांगजन मतदाताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही नव मतदाताओं को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

जीएनएम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित

भोजिया नर्सिंग की छात्राएं प्रदेश में टॉप-10 में शामिल

अनंत ज्ञान, बीबीएन

हिमाचल प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल शिमला की ओर से जीएनएम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

इस बार भी भोजिया इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने टॉप-10 में जगह बनाई। भोजिया संस्थान की छात्रा मनिंदर ने प्रदेश में 80.8 फीसदी अंक लेकर तृतीया स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा हिमानी ने 78.2 फीसदी अंक के साथ 13वां रैंक, काजल ने 583 अंक और सोनी कुमारी ने 570 अंक लेकर सातवां स्थान प्राप्त किया, जबकि तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिय दर्शना ने सातवां स्थान ग्रहण किया। भोजिया संस्थान सचिव विक्रम भोजिया, डायरेक्टर साविद भोजिया और प्रिंसिपल पूजा चौधरी ने कहा कि संस्थान का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस बार भी अव्वल रहा है। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महादेव पुल के साथ अस्थायी मार्ग निकालने का काम शुरू

अनंत ज्ञान,बीबीएन

नालागढ़-स्वारघाट-मनाली मार्ग महादेव खड्ड पर बने पुल का एक पिलर क्षतिग्रस्त होने के चलते बंद चल रहा है। मंगलवार को विधायक केएल ठाकुर की अगुआई में तहसीलदार नालागढ़ सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया।

विधायक ने फिलहाल जब तक पुल की मरम्मत नहीं होती, तब तक नदी से अस्थायी मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए, जिसका कार्य शुरू हो चुका है और बुधवार शाम तक मार्ग को अस्थायी तौर पर तैयार कर खोलने की संभावना है, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही हो सकेगी। वहीं, लोक निर्माण विभाग ने भी पुल की मरम्मत के लिए टेंडर लगाने के लिए चुनाव आयोग से अनुमति के लिए पत्राचार किया है, जिसकी अनुमति आने के बाद पुल का मरम्मत कार्य करवाया जाएगा। विधायक ने कहा कि महादेव पुल का विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया और नदी के रास्ते अस्थायी मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए, जिसे जल्द तैयार करवाया जाएगा।

क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करते विधायक केएल ठाकुर व तहसीलदार नालागढ़।

पुल की मरम्मत के लिए लगाया जाएगा टेंडर

तहसीलदार नालागढ़ निशा आजाद का कहना है कि मंगलवार को पुल का निरीक्षण किया गया था। फिलहाल पुल से आवाजाही बंद रहेगी। लोक निर्माण विभाग खड्ड के रास्ते से अस्थायी तौर पर कच्चा मार्ग बनाएगा, जबकि पुल के मरम्मत के लिए टेंडर लगाया जाना है, जिसके बाद रिपेयर होगी।

उच्चतम मानकों के साथ हो लोकसभा चुनाव : समिति

सोलन। हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति सोलन ने जिला निर्वाचन अधिकारी सोलन को एक ज्ञापन सौंपकर लोकसभा चुनाव उच्चतम मानकों के साथ करने की मांग की। इस मौके पर जिला ज्ञान-विज्ञान समिति के प्रधान डॉ. बीएस पंवार, सचिव एडवोकेट डीसी रावत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सीता राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष अजय सिंह व अन्य मौजूद रहे। डॉ. बीएस पंवार ने कहा कि जो लोकतांत्रिक मूल्य एवं संवैधानिक प्रक्रियाओं में प्रगाढ़ आस्था और विश्वास रखती हैं, जिनमें से चुनाव भी एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह देखा गया है कि कई राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से चुनावों के दौरान अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए कई प्रकार के प्रलोभन जैसे कि शराब, नशीली दवाओं और पैसों आदि का आवंटन किया जाता है, जिसकी वजह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो पाना असंभव हो जाता है।

लालच देकर 2.30 करोड़ की धोखाधड़ी

बीबीएन। पुलिस थाना बद्दी के तहत गत्ता उद्योग के मालिक के साथ 2.30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। तुषार किंकर ने बताया कि उसके जानकार हरीश सिंह रावत व शगुन जसवाल ने उनकी कंपनी फ्लाई बॉस इमीग्रेशन में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने का लालच दिया, जिसके बाद उन्हें अलग-अलग ट्रांजेक्शन करके 2.30 करोड़ रुपए दिए, लेकिन अब पैसा वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि 2.30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

गजल गाकर किया मंत्रमुग्ध

दाड़लाघाट के सभागार में प्रस्तुति देते लोग।

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

शारदा संगीत कला केंद्र दाड़लाघाट ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शिव मंदिर दाड़लाघाट के सभागार में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाम ए गजल रहा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि माकपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रामकृष्ण शर्मा रहे।

कार्यक्रम में जिला भाजपा सचिव राकेश गौतम व पंचायत प्रधान ग्याना कर्म चंद विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने सरस्वती मां के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शारदा संगीत कला केंद्र के संचालक एवं मुखिया टेकचंद ने बताया कि शारदा संगीत कला केंद्र विद्यालय के नन्हे नन्हे कलाकारों ने एकल तबला, भजन गायन, राम मालकोस व गजल गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कामगारों का बनाया जाए आईडी कार्ड

नाहन। खान सुरक्षा निदेशक श्रीनगर क्षेत्र संजीव नमोला की अध्यक्षता में जिला सिरमौर के सभी माईन ओनर्स एवं माइन मैनेजर्स की मीटिंग सीसीआई के गेस्ट हाउस में संपन्न हुई, जिसमें निदेशक ने कहा कि इस क्षेत्र में ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर सीसीआई की माइन में खोला जाए, जिसमें सभी माइंस के वर्कर्स ट्रेनिंग ले सके, जिससे उपस्थित सभी लोगों ने स्वीकार किया। उन्होंने सभी लोगों को निर्देश दिए कि सभी कामगारों का आईडी कार्ड बनाया जाए एवं उनके मेडिकल चैकअप करवाएं जाएं, विशेषकर सिलोकोसिस टेस्ट किसी क्वालीफाई डॉक्टर से करवा कर उनका रिकॉर्ड रखा जाए।

बल्दवा खान को मिला 33वीं बार सर्वश्रेष्ठ खान पुरस्कार

अनंत ज्ञान, नाहन

भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में 33वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह का पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह सोलन जिले के बाघा बलग में मनाया गया।

समारोह में भारतीय खान ब्यूरो के मुख्य नियंत्रक पीएन शर्मा बतौर मुख्यातिथि पधारे, जबकि भारतीय खान ब्यूरो उत्तरी क्षेत्र के नियंत्रक अभय गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय खान ब्यूरो देहरादून क्षेत्र के अंतर्गत तीन राज्य हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की खानों ने भाग लिया था। इन खानों का निरीक्षण वरिष्ठ खान अभियंता, वरिष्ठ भू वैज्ञानिक और वरिष्ठ खान प्रबंधक द्वारा किया गया था। कम उत्पादन वर्ग में जिला सिरमौर की जय सिंह ठाकुर बल्दवा खान को 33वीं बार सर्वश्रेष्ठ खान चुना गया, जबकि इसी वर्ग में वीके वालिया को द्वितीय और जम्मू कश्मीर की सैमटेक सीमेंट की सुलनार स्तूरमर्ग लाइम स्टोन खान को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

पंजीकरण हिमाचल में गेहूं बेचने को 547 किसानों ने कराया पंजीकरण; 256 को टोकन जारी, 10 मंडियों में पहुंचेंगे गेहूं बेचने

35 किसानों ने एपीएमसी को बेची 176 मीट्रिक टन गेहूं

एसपी जैरथ, नाहन

हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से गेहूं की खरीद के लिए चार अप्रैल से आदेश जारी कर दिए गए थे। मगर प्रदेश के किसानों ने चैत्र संक्रांति 13 अप्रैल के बाद ही एपीएमसी को गेहूं बेचना शुरू की।

संक्रांति से लेकर रविवार शाम पांच बजे तक हिमाचल के 35 किसानों ने 176 मीट्रिक टन गेहूं बेची है। वहीं, प्रदेश में रविवार शाम पांच बजे तक 547 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए अपना पंजीकरण करवाया है, जिसमें 256 किसानों को टोकन जारी कर दिया गया है। वह अपने टोकन के अनुसार हिमाचल की 10 मंडियों में गेहूं बेचने पहुंचेंगे। रविवार शाम तक पांवटा साहिब गेहूं खरीद मंडी में 21 किसानों ने 100.90 मीट्रिक टन गेहूं बची।

बद्दी के मालपुर में एक किसान ने 3.40 मीट्रिक टन गेहूं बेची। नालागढ़ में 27.20 मीट्रिक टन गेहूं छह किसानों ने बेची। कांगड़ा जिले में 7 किसानों ने 44.50 मीट्रिक टन गेहूं अभी तक बेची है। प्रदेश सरकार की ओर से 10 मंडियों में गेहूं की खरीद की जा रही है, जिसमें जिला सिरमौर के पांवटा साहिब और धौलाकुआं, ऊना की रामपुर और टकारला, सोलन जिले की बद्दी मालपुर और नालागढ़, कांगड़ा जिले के फतेहपुर, मिलवा इंदौर, नगरोटा बगवां और रियाली 10 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, एपीएमसी द्वारा 48 घंटे के अंदर किसानों को उनकी गेहूं का मूल्य उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

फाइल फोटो।

गेहूं खरीद का समर्थन मूल्य 2275 प्रति क्विंटल

इस वर्ष गेहूं खरीद का समर्थन मूल्य 2275 प्रति क्विंटल है, गत वर्ष मूल्य 2175 पर प्रति क्विंटल था। वर्ष 2023 में 689 किसानों ने 2,868 मीट्रिक टन गेहूं सरकार को बेची थी। इसकी एवज में 6.09 करोड़ रुपए किसानों के खातों में जमा हुए। वहीं, 2022 में प्रदेश में एफसीआई ने गेहूं की 2931.35 मीट्रिक टन खरीद की थी।

पांच मई को होगा क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन

रिकांगपिओ। किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2024-25 के लिए एचपीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किन्नौर क्रिकेट टिम का चयन पांच मई को किया जाना है। सचिव किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन तारा चंद ठाकुर ने कहा कि चयनित खिलाडी 17 मई से अंतर जिला सीनियर एक दिवसाय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेंने को पहुंचे।

हनुमान जयंती पर भाजपा प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने नवाया शीश, बांटी मिठाई



कोटखाई। श्री राम भक्त हनुमान जी जयंती मंगलवार को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में कोटखाई के विख्यात हनुमान मंदिर में भी लोगों ने दर्शन कर अपना जीवन सफल बनाने के मकसद से दर्शन किए। इसी कड़ी में जुब्बल नावर कोटखाई से भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी व बीजेपी हिमाचल प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा भी दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर पहुंचकर उन्होंने भगवान हनुमान जी के दर्शन किए। साथ ही प्रदेश वासियों को भी श्री हनुमान जयंती की बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान जी सभी के संकट हरने वाले भगवान है और उन्होंने कामना की की भारतवर्ष में सभी लोग सुखी रहे और स्वस्थ रहें। इस मौके पर उन्होंने मंदिर के समीप लोगों को मिठाई भी बांटी।

सुन्नी। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर सुन्नी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्य अनिल भारद्वाज ने संगीतमय सुंदर कांड पाठ किया और सुन्नी के स्थानीय श्रद्धालुओं सहित आस पास के क्षेत्रों के हनुमान भक्तों ने भी पाठ का श्रवण किया। पाठ के उपरांत समस्त भक्तों ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रसाद का भी आनंद उठाया। बता दें की सुन्नी के इस प्राचीन हनुमान मंदिर में हर ज्येष्ठ मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है।

जाखू मंदिर में चढ़ा दो क्विंटल का रोट

शिमला में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती, मानस कीर्तन मंडल ने किया सुंदरकांड का पाठ

आशिमा वैरागी, शिमला

राजधानी शिमला में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। हनुमान जयंती पर शहर के मंदिरों में भव्य सजावट की गई। रंग-बिरंगे फूलों से मंदिरों को सजाया गया।

हनुमान मंदिर जाखू में दो क्विंटल का रोट चढ़ाया गया। सुबह चार बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खुल दिए गए। हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सबसे पहले हनुमान जी का श्रृंगार किया गया और उसके बाद सुबह सात बजे हवन यज्ञ किया। सुबह 9:30 बजे हवन में पूर्णाहुति के बाद बजरंगबली को हलवे और रोट का भोग लगाकर मानस कीर्तन मंडल की ओर से सुंदरकांड का पाठ किया गया। भक्तों के लिए जलेबी और हलवे के स्टॉल लगाए गए और भंडारे का आयोजन किया गया।

सोमवार रात को ही कई श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंच गए थे। सुबह पांच बजे से ही मंदिर में महाबली हनुमान के दर्शन के लिए लाइन लग गई थी। मंदिर परिसर में पुलिस के जवानों की तैनात किया गया था। (अनंत ज्ञान)

दर्शन के लिए लगी कतारें।

जाम

भजन-कीर्तन

भीड़

चैत्र पूर्णिमा पर हुआ था जन्म

चैत्र माह के शुक्ल की पूर्णिमा तिथि यानी मंगलवार को हनुमान जयंती मनाई जाती है। हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन बजरंगबली का जन्म हुआ था और धरती पर आज भी मौजूद है। बजरंगबली भक्तों के संकटों का निवारण करते हैं। इसलिए इन्हें संकटमोचन भी कहा जाता है।

लगा ट्रैफिक जाम

हनुमान जयंती पर जाखू आने वाले लोग अपने वाहन लेकर आए, लेकिन उन्हे ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पढ़ा।

विक्रमादित्य-सुरेश व हर्ष महाजन ने नवाया शीश

बजरंगबली का आशीर्वाद लेने के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह, सुरेश बरद्वाज, हर्ष महाजन और जगत प्रकाश नड्डा की धर्मपत्नी मल्लिका नड्डा और बेटे हरीश नड्डा जाखू मंदिर पहुंचे। इसके साथ ही नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान और उनके साथ वार्ड पार्षद अंकुश वर्मा,ममता चंदेल अन्य भी शामिल रहे।

न्यूज ब्रीफ

कर्मचारी पोस्टल बेल्ट सुविधा से कर सकेंगे मतदान

रिकांगपिओ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आठ विभागों के आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों के लिए मतदान की पोस्टल बेल्ट सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कल्पा डॉक्टर मेजर शशांक गुप्ता ने बताया कि आठ विभागों के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस सेवा, परिवहन विभाग से ड्राइवर तथा कंडक्टर (स्थानीय रूट को छोड़कर), जल शक्ति विभाग से पंप ऑपरेटर तथा टर्नर, विद्युत विभाग से इलेक्ट्रीशियन तथा लाइनमैन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया कर्मी, मिल्क फेडरेशन के दूध वितरण सेवा से संबंधित कर्मचारी, जेल स्टाफ तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी स्वेच्छा से पोस्टल बेल्ट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जिला के आठ विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग के आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की सूची संबंधित एसडीएम/सहायक निर्वाचन अधिकारी को फॉर्म 12डी की प्राप्ति हेतु जल्द से जल्द प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक में तहसीलदार निर्वाचन जीएस राणा, अधीक्षक निर्वाचन जी आर सक्सेना, तहसीलदार कल्पा कंचन ठाकुर, कानूनगो निर्वाचन ताराचंद नेगी, नोडल अधिकारी सहित निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

मणिमहेश-11 की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

शिमला। गद्दी छात्र कल्याण संघ द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मणिमहेश-11 की टीम फाइनल के लिए चयनित हुई। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला टीम सिकरीधार ए और मणिमहेश-11 के बीच हुआ। जिसमें मणिमहेश-11 विजेता रही। जिसमें टीम सिकरीधार ए रनरअप रही। लूडो में हिमानी ने प्रथम स्थान और नितेश भट्ट द्वितीय स्थान पर रहे। चैस फाइनल में आयुष वशिष्ठ विजेता बने। लड़कियों की फाइनल क्रिकेट टीम का मुकाबला टीम भरमाणी वरसिस बरमुडा नौ के बीच हुआ। इसमें टीम बरमुड़ा छह रन से जीती।और भरमाणी टीम रनर अप रही। 100 मीटर लड़कों में अक्षांश प्रथम स्थान पर तथा बिंदु दूसरे स्थान पर रहे।और लड़कियों में प्रथम स्थान पर अक्षिता और दूसरे स्थान पर जागृति रही।200 मीटर में लड़कों में प्रथम स्थान अक्षांश ने हासिल किया। लड़कियों में प्रथम वीना और दूसरे स्थान पर अक्षिता रही। टग ऑफ वार में लड़कियों में टीम भरमाणी विजेता और टीम बरमुडा रनर अप रही। वॉलीबाल टीम का मुकाबला लड़कों में टीम सिकरीधार ए और शिवशक्ति के बीच हुआ जिसमें टीम सिकरीधार ए विजेता बनी और शिवशक्ति रनर अप रही।इस खेल प्रतियोगिता के समापन में हर्ष कपूर शोधार्थी अर्थशास्त्र, हेम सिंह शोधार्थी अर्थशास्त्र, प्रेम ठाकुर शामिल रहे।

मुस्लिम लीग के नक्शे कदम पर चल रही कांग्रेस: बिंदल

शिमला। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मुस्लिम लीग के नक्शे कदम पर चल रही है और ऐसा प्रतीत होता है कि मोहम्मद अली जिन्ना की आत्मा कांग्रेस में प्रवेश कर गई है। यह बात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कही। उन्होंने कहा कि केरल में मुस्लिम लीग जो कांग्रेस की सहयोगी है और जिसके बारे में राहुल गांधी ने कहा था कि यह शुद्ध पवित्र लोग हैं। उन्होंने केरल की सड़कों पर हिंदु विरोधी नारे लगाए, हिंदुओं को मारने की और रामायण को न पढ़ने देने की घोषणा की उस पर कांग्रेस द्वारा कोई टिप्पणी न किया जाना इस बात को साबित करता है कि कांग्रेस मुस्लिम लीग के समर्थन में खड़ी है। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र केवल और केवल एक धर्म विशेष के तुष्टीकरण के साथ भरा पड़ा है। कांग्रेस पार्टी देश को केवल वोट लेने के लिए जाति, धर्म, संप्रदाय के आधार पर बांटने की दोबारा से तैयारी कर रही है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अनेक स्थानो पर सार्वजनिक रूप से कहा कि 97 प्रतिशत हिंदु राज्य हिमाचल में कांग्रेस ने हिंदुवादी पार्टी को हराया है।

राष्ट्रीय सम्मेलन में चमकी फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू की छात्राएं

रोहड़ू। राजकीय फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू की तृतीय वर्ष की दो छात्राओं ने तमन्ना कटोच एवं सृष्टि ने राष्ट्रीय सम्मेलन में उम्दा प्रदर्शन किया। प्राकृतिक उत्पादों में आयुष चिकित्सा पद्धति पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 19 से 21 अप्रैल तक पीजीआई चंडीगढ़ में आयोजित हुई। तमन्ना कटोच के पोस्टर, जो दवा की खोज के लिए नेटवर्क फार्माकोलॉजी और आणविक डॉकिंग दृष्टिकोण पर केंद्रित था। उन्होंने महत्वपूर्ण ध्यान और प्रशंसा प्राप्त की है। इस उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुती का निर्माण और प्रस्तुति कालेज के सहायक प्रोफेसर डा. प्रियंका नागू और डा. विनीत मेहता के मार्गदर्शन में किया गया। जिन्होंने पूरी प्रक्रिया में अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। सम्मेलन में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान इसी महाविद्यालय से सृष्टि ने हासिल किया। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न संस्थानों के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पोस्टर और मौखिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। कॉलेज के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने तमन्ना कटोच एवं सृष्टि को और फैकल्टी सदस्यों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मतदान के लिए लोगों को करें जगरूक: डॉ. अमित

रिकांगपिओ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने सभी बीएलओ से कहा कि बूथों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रदेश की तुलना में जिला में मतदान की प्रतिशता कम रही है। लेकिन इस बार जिला में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाना है। ऐसे में लोगों को मतदान के लिए जगरुक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण व अन्य संस्थानों से भी कहा गया है कि जो युवक-युवतियों एक अप्रैल तक 18 साल पूरा कर चुके है उन युवक युवतियों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कर वोटर कार्ड बनाया जाए।

छात्रों और लोगों को बताया मतदान का महत्व

शिमला। लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जिला निर्वाचन आयोग, शिमला द्वारा चलाये जा रहे व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत 62-कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जनेडघाट, डुबलू व राजकीय माध्यमिक पाठशाला देहरा दौहाई में क्रायक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यापकों, बच्चों कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय व्यापारियों तथा जनता को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। 2024 के लोकसभा चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उपस्थित जनसमूह को मतदान करके भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जागरूक किया। स्वीप टीम ने आसपास रहने वाले लोगों को मतदान के दिन यानी पहली जून को अवश्य मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने का निवेदन किया।

गायक अंकुश भारद्वाज के नाम रही रोहड़ू मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

दशमी रावत, रोहड़ू

राज्य स्तरीय रोहड़ू मेला का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह में एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन ने पारितोषिक वितरण किया। इस दौरान उन्होंने खेलकूद स्पर्धाओं में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मेले के दौरान आयोजित वालीबॉल स्पर्धा में मात्र चार टीमें आमंत्रित की गई थी।

इसमें फाइनल मुकाबला इंडियन आर्मी व दिल्ली कस्टम के मध्य खेला गया। दिल्ली कस्टम ने इंडियन आर्मी को 3-1 से परास्त किया। वहीं, लोकल टीम स्पर्धा में भी चार टीमों ही आमंत्रित थी। इसका फाइनल मुकाबला नावर व जुब्बल के बीच हुआ। जिसमें नावर ने जुब्बल को 3-0 से परास्त किया। कबड्डी स्पर्धा में महिलाओं की चार टीमों को आमंत्रित किया गया था। इसमें नालागढ़ विजेता तथा चंडीगढ़ उपविजेता रही। लोकल कबडडी स्पर्धा में भी चार ही टीमों ने भाग लिया। इसमें नावर टीम विजयी हुई। महिलाओं की रस्साकस्सी स्पर्धा में 39 टीमों ने भाग लिया। इसमें ठियोग टीम ने पहला, टिक्करी डिसवाणी ने द्वितीय, अंबोई टीम ने तीसरा, शगरू रनोली टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

लोक कलाकारों ने जमकर मचाया धमाल

रोहड़ू। राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या इंडियन आईडल फेम अंकुश भारद्वाज के नाम रही। मेले की संध्या व लोक कलाकारों ने भी जमकर धमाल मचाया। संध्या का आरंभ अँकिता ने अपनी प्रस्तुति से किया। उसके बाद क्रमावर विनोद शर्मा, पुष्कर रंजन, दीप राज चांजटा, मनीशा चोपड़ा, विनोद रांटा, काकू चौहान ने अपनी अपनी प्रस्तुति से जमकर मनोरंजन किया। उसके बाद गद्दी नृत्य चंबा के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। हांस्य कलाकार प्रींस गर्ग की प्रस्तुति ने भी सभी को जमकर हंसाया।

आधा घंटा अधिक चला कार्यक्रम

रोहड़ू। राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या मे रविवार रात तय समय सीमा से आधा घंटा अधिक कार्यक्रम चलाया गया। रात दस बजे के बाद भी स्टार नाइट जमकर चली। मेले की संध्या में कलाकारों की फौज के चलते स्टार कलाकार अंकुश भारद्वाज को 9:55 मिनट पर स्टेज मिला। मात्र पांच मिनट के समय में स्टार नाइट की प्रस्तुति संभव नहीं थी। इसके चलते एंकर ने स्टेज पर 10:25 बजे तक नाइट को चलाने की सूचना दी।

घरयाणा में लगी आग, वन संपदा को पहुंचा नुकसान

सुन्नी। सुन्नी के घरयाणा में मंगलवार को आगजनी की घटना घटी। आगजनी का मामला दोपहर में लगभग एक बजे के आस पास घटित हुआ। सड़क के समीप पड़े घास में लगी आग के कारण सड़क के नीचे सतलुज के किनारे वाला हिस्सा जलकर रख हो गया। गनीमत ये रही की आगजनी में जानमाल का कोई भी नुकसान नहीं हुआ केवल सड़क के समीप लगे पौधे और वृक्षों को आग से नुकसान हुआ। आगजनी की सूचना मिलते ही अग्निशमन चौकी सुन्नी के दमकल विभाग के कर्मचारी वाहन सहित मौके पर पहुंच कर मुस्तैदी से आग पर काबू पा लिया और वन संपदा को स्वाह होने से बचा लिया। अग्निशमन चौकी प्रभारी हरीश कुमार ने बताया की गर्मी के शुरुआती दौर में आए दिन आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही है।

बागवानों और किसानों की बात रखने में विफल रहे सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप पर नाकामी का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछली पांच साल में सांसद होते हुए वे केंद्र सरकार के समक्ष किसानों और बागवानों की बात करने में वह पूरी तरह से नाकाम रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज हिमाचल के बागवान अपने सेब की बागवानी को लेकर चिंता में है और आने वाले समय में सेब का क्या भविष्य होने वाला है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज सेब बागवानी खतरे में पड़ी हुई है। वहीं, बाहर के देशों पर सेब पर आयात शुल्क घटा कर सेब आयात किया जा रहा है। इससे बागवानो का सीए स्टोर में रखा गया सेब बिक नहीं रहा है। उल्टा खर्चा अपनी जेब से देना पड़ रहा है। हैप्पी वनित मेहता ने बताया कि भाजपा सांसद ने आज तक संसद में लोकसभा के पटल पर बागवानों की आवाज एक बार भी नहीं उठाई है। अगर बात रखी गई तो वह लोंगों को बताएं तो कहा रखी गई है। अपनी विफलता के बावजूद सांसद रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में लोगों से किस मुंह से जाकर वोट मांग रहे हैं। जबकि अपने पांच साल के कार्यकाल में वह रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से नदारत रहे हैं। सांसद बनने के बाद जब वे पहली बार सांसद बन कर रोहड़ू आए थे तब पुराने बस स्टैंड रोहड़ू में उन्होंने अपने भाषण में लोगों से कहा था कि उनकी पहली प्राथमिकता रोहड़ू में पार्किंग बनाना रहेगा। जो आजतक नहीं बन पाई है।

कांग्रेस के पास मुद्दों का अभाव, कर रहे अनाप-शनाप बयानबाजी: बलबीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भारतीय जनता पार्टी विधायक एंव प्रवक्ता बलवीर वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस जो आरोप लगा रही है कि शिमला के सांसद ने आपदा के समय कोई भी सहायता प्रदान नहीं की, लेकिन हम उन्हें बताना चाहते है कि सांसद द्वारा आपदा के समय एक करोड़ 74 लाख 90 हजार रुपए की राशि दी गई। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी योजनाएं सांसद ही प्रदेशों में लेकर आते है। शिमला के सांसद ने 19 करोड़ 3 लाख 45 हजार रुपए शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए रुपए स्वीकृत किए।

इसमें 309 करोड़ रुपए आईआईएम धौलाकुआं जिला सिरमौर, 370 करोड़ रुपए मेडिकल कॉलेज नहान के लिए, 6946.99 करोड़ रुपए रेणुका बिजली डैम के लिए, 5000 करोड़ रुपए मेडिकल डिवाइस पार्क नालागढ़ के लिए, 382 मेगावॉट सुन्नी पावर प्रोजेक्ट के लिए 2614.51 करोड़ रुपए और 2730 करोड़ रुपए परमाणू शिमला फोरलेन के लिए केंद्र से स्वीकृत करवाए गए। उन्हांने प्रदेश सरकार पर अरोप लगाया कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से हिमाचल प्रदेश में लगभग 500 से ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए, कांग्रेस सरकार ने वो स्कूल भी बंद कर दिए जो पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, प्रो. प्रेम कुमार धूमल, स्वर्गीय वीरभद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के समय से खुले थे।

कांग्रेस की इस सरकार ने सैकड़ों स्वास्थ्य संस्थान भी बंद कर दिए, जिनमें प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर शामिल है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने अभी तक पिछले 16 महीने में एक भी नया स्कूल व कोई स्वास्थ्य संस्थान नहीं खोला। इस सरकार को डी-नोटीफाई सरकार के रूप में जाना जाएगा। बलवीर वर्मा ने कहा कि जहां तक हिमाचल की बात करे तो उन्होंने एक भी टनल या पुल का निर्माण नहीं किया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने शिमला में दूसरी टनल का निर्माण करवाया।

कांग्रेस सत्ता पाने के लिए किए थे झूठे वादे

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए कई नई योजना लेकर आए, जिसमें शिमला स्मार्ट सिटी के लिए करीब 703 करोड़ रुपए केंद्र से स्वीकृत हुए। स्मार्ट सिटी के लिए जो भी पैसा आया वो केन्द्र की देन है। बलीर वर्मा ने आरोप लगाया कि कांगेस पार्टी सत्ता हड़पने के लिए जनता से झूठे वादे करके आई थी।

भाजपा ओल्ड पेंशन स्कीम के विरोध में है या पक्ष में: नरेश

शिमला। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के चुनावी सीजन में बदलते स्वर पर सवाल उठाते हुए चार सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जनता के बीच जाकर अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उनको हर मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। नरेश चौहान में जयराम ठाकुर से सवाल करते हुए पूछा है कि वह जनता को स्पष्ट रूप से बताएं कि भाजपा ओल्ड पेंशन स्कीम के विरोध में है या पक्ष में। यह भी बताएं कि कांग्रेस सरकार के द्वारा ओपीएस देने के निर्णय से प्रदेश के कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ मिल रहा है कि नहीं। जब जयराम ठाकुर सत्ता में थे, तब ओपीएस की मांग कर रहे कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवाया था और मिलने का समय नहीं दिया था। उस समय सदन में कहा था कि ओपीएस चाहिए तो नौकरी छोड़कर चुनाव लड़ लें, पेंशन मिल जाएगी। अब जब कांग्रेस पार्टी ने कर्मचारियों को ओपीएस देने का निर्णय लिया, तब चुनावों के समय जयराम झूठी बयानबाजी कर रहे हैं कि भाजपा सरकार बनने पर ओपीएस बंद नहीं होगी। जयराम यह भी बताएं कि यह निर्णय भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व का है या फिर पूर्व मुख्यमंत्री अपने स्तर पर चुनावी जुमला मार रहे हैं। नरेश चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री से दूसरा सवाल करते हुए कहा कि जयराम ठाकुर जनता को बताएं कि वह महिला विरोधी हैं।

सुन्नी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुर्गापुर में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग, चित्रकाला प्रतियोगिता प्रमुख रही। कार्यक्रम का शुभारंभ एक प्रदर्शनी के साथ हुआ। इसका शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉक्टर अश्विनी कुमार ने किया। इस प्रदर्शनी में प्रसिद्ध लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकालय से 123 पुस्तक जारी करवाई।

दो माह में पूरा होगा रोहड़ू अस्पताल में भवन का काम

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

सिविल अस्पताल रोहड़ू में 32 डाक्टर के पद स्वीकृत है और अधिक समय में यहां पर डाक्टर के पद राजनीतिक दबाव में कई बार भर भी जाते है तो जल्दी ही रहने की सुविधा मुहैया न होने से पद रिक्त भी हो जाते है।

सबसे अधिक परेशानी उस समय पेश आ रही है जब डाक्टरों को इमर्जेंसी में उन्हें अस्पताल से दूर रह रहे स्थानों से बुलाना पड़ता है। अब डॉक्टरों को इस असुविधा का सामना अधिक समय तक नहीं करना पड़ेगा। सिविल अस्पताल की बगल में चार टाइप सेट का निर्माण इन दिनों युद्ध स्तर पर चल रहा है। निर्माणाधीन भवन में छह फोर टाइप कमरे निर्मित होंगे। इन दिनों भवन में टाइल बिछाने का कार्य जोर शोर से चल रहा है। वहीं, लोक निर्माण विभाग की ओर से तैनात ठेकेदार की माने तो इस भवन का निर्माण कोरोना काल में ही पूरा हो गया था। लेकिन चार साल के दौरान कोरोना रहा। इस दौरान मजदूरों का स्थानांतरण समय पर नहीं हो पाया। इसके कारण कई परेशानियां पेश हुई। वहीं, अस्पताल प्रशासन की ओर से भी लोकनिर्माण विभाग पर शीघ्र ही भवन निर्माण को पूरा करने का दबाब डाला जाता रहा है। सिविल अस्पताल रोहड़ू के प्रभारी एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट रविंद्र शर्मा (मुखिया) ने बताया कि फोर टाइप क्वार्टर नहीं होने से डाक्टरों को कई साल से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

जल्द अस्पताल प्रबंधन के हवाले होगा भवन

लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर परवेश चौहान ने बताया कि सिविल अस्पताल के बगल में बनने जा रहे फोर टाइप भवन का कार्य क्लोजिंग पर चल रहा है। डेढ़ या दो माह के अंदर भवन को रहने के लिए अस्पताल प्रबंधन के हवाले कर दिया जाएगा।

प्रदर्शन पालमपुर में छात्रा पर हुए हमले पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

एबीवीपी ने जलाया सीएम का पुतला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के पालमपुर बस स्टैंड में हुए छात्रा पर हमले के विरोध में मंगलवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पिंक पेटल पर धरना प्रदर्शन किया।

धरने के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का पुतला जलाया गया। इस कारण कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा हाथापाई की गई। इसमें कुछ कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं। प्रदेश में चरमराई कानून व्यवस्था, प्रदेश में बढ़ रहे आपराधिक मामले और प्रदेश में बढ़ रहे नशे के कारोबार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इकाई अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में असफल हो गई, सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व महिला सुरक्षा को लेकर बड़ी-बड़ी गैरंटी प्रदेश की महिलाओं को दी थी, परंतु वह सारी झूठी साबित हो रही है।

पालमपुर बस स्टैंड की तो दिन दहाड़े एक युवक ने बेखौफ होकर युवती पर तेजधार हथियार से हमला कर के लहूलुहान कर दिया। इसके कारण उस छात्रा को गहरी चोटें आई तथा आज वह जिंदगी और मौत की लड़ाई पीजीआई में लड़ रही है। गौरव ने कहा कि पुलिस प्रशासन प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सक्षम नहीं है। जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता धरने-प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध प्रकट कर रहे थे। तभी पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ हाथापाई की जाती है। हिमाचाल में वर्तमान सरकार ने कहा था कि व्यवस्था परिवर्तन होगा लेकिन ऐसा परिवर्तन किसी को नहीं चाहिए। प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा रही है।

पिंक पेटल पर धरना-प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। वहीं, कार्यकर्ताओं को रोकते पुलिस के जवान।

भारतीय जनता पार्टी मंडल जुब्बल-नावर और कोटखाई के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री पर साधा निशाना

भरत ठाकुर, जुब्बल कोटखाई

भारतीय जनता पार्टी मंडल जुब्बल नावर कोटखाई अध्यक्ष उमेश शर्मा, मंडल महामंत्री अशोक जस्टा, उपाध्यक्ष संदीप गांगटा, रविंद्र घडेईक, सचिव रिंकू घाल्टा, यशवंत शरेट, विजय भारद्वाज, मोहित नंदा, संजीव चौहान, अरुण दीवान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोलन में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने 450 गांव में शक्ल तक नहीं दिखाई है, उनकी ये बात हास्यास्पद है।

भाजपा पदाधिकारियों ने रोहित ठाकुर से उल्टा सवाल करते हुए पुछा कि उनको भी बताना चाहिए कि अपने विधानसभा क्षेत्र की 62 पंचायतों में किन-किन पंचायतों का दौरा किया है। उन्होंने 16 महीने के अपने कार्यकाल में क्या-क्या कार्य किए है और कितनी विधायक निधि किस पंचायत या गांव में आवंटित की गई है। आलम ये था कि आपदा के समय में अपने ही विधानसभा क्षेत्र से शिक्षा मंत्री नदारद रहे। उनसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और सांसद सुरेश कश्यप आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा कर चुके थे। आपदा पीड़ितों को जो राहत राशि मोदी सरकार से मिली उस राशि को कांग्रेस सरकार ने अपने चेहतों के बीच बंदर बांट करके भाई भतीजावाद किया गया। भाजपा मंडल ने आरोप लगाया कि क्या वह आपदा केवल मात्र कांग्रेसी लोगों को ही आई थी। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

डेथ ओवरों में अच्छी गेंदें फेंकना महत्वपूर्ण : संदीप

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने के बाद जोर देते हुए कहा कि डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में गेंदबाजी करते समय आपको अपनी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करते समय बड़ा दिल रखना होगा। चोट के कारण तीन सप्ताह के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए 30 साल के संदीप ने सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 रन देकर पांच विकेट चटकाए। संदीप ने मुंबई के खिलाफ रॉयल्स की नौ विकेट की जीत के बाद कहा, ''इस साल के आईपीएल में बल्लेबाज बड़े स्कोर बना रहे हैं। आपको डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते समय अपनी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करते हुए अच्छी गेंदें फेंकनी होंगी।'' मुंबई के खिलाफ संदीप ने सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, इशान किशन और गेराल्ड कोएट्जी को आउट किया।

मनिका को पछाड़कर भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ, जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। इस साल 25 साल की श्रीजा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर कॉरपस क्रिस्टी और डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टूर्नामेंट में क्रमश: जनवरी और मार्च में खिताब जीते। वह गोवा में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची।

हमें गेंद-बल्ले से थोड़ा सुधार करने की जरूरत : वार्नर

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। वार्नर ने कहा, ''हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा।''

आस्था के सम्मान के साथ सुरक्षित होगी चारधाम यात्रा

देहरादून। 10 मई से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों की राह आसान बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में हर स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। आस्था के सम्मान के साथ सुरक्षित यात्रा को लेकर आरटीओ की स्पेशल टीम इस पर निगरानी करेगी। चारधाम यात्रा के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए आरटीओ की ओर से स्पेशल टीम का गठन किया गया है। स्पेशल टीम चेक प्वाइंट्स पर संयुक्त रूप से चेकिंग करेगी। कॉमर्शियल गाड़ियों के ग्रीन कार्ड, फिटनेस कार्ड समेत सभी दस्तावेजों की चेकिंग की जाएगी।

एरिजोना में हुए सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों के बीच टक्कर होने से दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई । सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

भारत की गीता सभरवाल इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र की समन्वयक

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र का रेजिडेंट समन्वयक नियुक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में बताया कि सभरवाल ने सोमवार को अपना पद संभाला। सभरपाल के पास सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी से काम करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और डेटा का इस्तेमाल करते हुए जलवायु परिवर्तन, स्थायी शांति, शासन एवं सामाजिक नीति के क्षेत्र में काम करने का लगभग 30 वर्षों का अनुभव है।

तेलंगाना में टला बड़ा हादसा, 8 साल से बन रहा पुल तेज हवाओं से ढहा

तेलंगाना। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में मनैर नदी पर एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि को ढह गया। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना मुथारम मंडल के ओडेडु गांव में घटी, जिसमें तेज हवाओं के कारण दो गार्डर गिर गए। गनीमत यह रही कि यह घटना देर रात को घटी जिस समय घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था।

इंग्लिश चैनल को पार करते समय एक बच्चे सहित पांच की मौत

पेरिस। इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश के दौरान एक बच्चे सहित पांच प्रवासियों की मौत हो गई। फ्रांसीसी मीडिया ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन सरकार द्वारा प्रवासी निर्वासन विधेयक को मंजूरी दिए जाने के कुछ घंटों बाद ही यह घटना सामने आई। उत्तरी फ्रांस के विमेरॉक्स समुद्र तट पर मंगलवार को पांच प्रवासियों के शव बरामद किए गए। घटनास्थल पर बचाव-अभियान जारी है और इसके लिए नौका और हेलिकॉप्टर की सेवा ली जा रही है।

आईपीएल-2024 टाइटंस के खिलाफ दिल्ली को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

ऋषभ पंत की कप्तानी पर रहेंगी नजरें

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी।

पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा।

सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरुण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए।

पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए। सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी, लेकिन पृथ्वी शा और डेविड वार्नर ने निराश किया।

युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने सिर्फ 18 गेंद में 65 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली, लेकिन यह नाकाफी था। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोटला की छोटी बाउंड्री के बीच शॉर्ट पिच गेंदबाजी करने की रणनीति गलत साबित हुई। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ एनरिक नोर्किया मौजूदा सत्र में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आ रहे और टीम को पीठ में जकड़न के कारण अनुभवी इशांत शर्मा के पिछले मैच से बाहर रहने के बाद उनके वापसी करने की उम्मीद होगी।

कुलदीप यादव मौजूदा सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट चटकाकर दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ वह भी काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने दिल्ली के गेंदबाजों के बीच सर्वाधिक आठ खाली गेंद डाली लेकिन सर्वाधिक सात छक्के भी खाए। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी जीत की लय को बरकार रखते हुए प्ले ऑफ का दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी।

संभावित टीमें

दिल्ली कैपिटल्स

ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार।

आईपीएल में दो सौ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने चहल

जयपुर। भारत और राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में 200 विकेट पूरे करने वाला पहला गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। दाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मुकाबले की पहली पारी के दौरान अफगानिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद नबी को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। चहल ने अपनी ही गेंद पर नबी का कैच लपका। वर्ष 2013 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले चहल अब तक मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सहित तीन टीमों के लिए खेल चुके हैं। चहल पिछले साल चेन्नई सुपर किंस के पूर्व गेंदबाज ड्वेन ब्रावो (161 मैचों में 183 विकेट) को पीछे छोड़कर आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज बने थे।

टोरंटो में भारतीय भूचाल

गुकेश की जीत, विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव : कास्परोव

एजेंसी, नई दिल्ली



रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।''

मुंबई के खिलाफ यशस्वी जायसवाल ने परिपक्वता से बल्लबाजी की : लारा

नई दिल्ली। यशस्वी जायसवाल की परिपक्वता से प्रभावित वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस युवा खिलाड़ी की पारी प्रभावशाली थी क्योंकि उन्होंने शॉट खेलने के लिए समय भी लिया और उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखकर अच्छा संतुलन बनाया। जायसवाल ने फॉर्म में वापसी करते हुए मौजूदा आईपीएल का अपना पहला शतक जड़ा। लारा ने कहा, ''सच तो यह है कि वह अपना समय ले रहा है, गेंद के पीछे आकर खेल रहा है। उसके पास सभी चीजें हैं, उसे इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।'' जायसवाल ने केवल 60 गेंद में नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए। लारा ने कहा, ''जब आप गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं, यशस्वी के बारे में मुझे यही पसंद है। उन्होंने कहा, ''उसने बहुत जिम्मेदारी, काफी परिपक्वता दिखाई है और मैं उसकी वापसी से बेहद खुश हूं।''

स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार

एजेंसी, मैड्रिड

जोकोविच साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला, जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया।

हिमाचल को कांग्रेस ने छला, झूठी गारंटियां देकर जनता को ठगा: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी द्वारा हिमाचल को छलने व झूठी गारंटियां देकर ठगने की बात कहते हुए आगामी लोकसभा चुनावों और विधानसभा उपचुनाव में सभी हिमाचलवासियों को एकजुट होकर भाजपा की डबल इंजन की सरकार के लिए वोट करने का आह्वान किया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पूरा भारत लोकतंत्र के महापर्व को पूरे उत्साह उमंग से मना रहा है और इन चुनाव में जनता को सिर्फ मोदी और मोदी की गारंटी पर भरोसा है। आज हिमाचल समय पूरे देश में कांग्रेस और उसकी गारंटियां फेल हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दोबारा नहीं बनी क्योंकि वहां उन्होंने एक भी वादे पूरे नहीं किए थे। राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार देश में सबसे ज्यादा होते थे और 19 पेपर लीक हुए। वहीं छत्तीसगढ़ में सिर्फ मुख्यमंत्री के परिवारजनों को ही सरकारी नौकरी मिलती थी। छत्तीसगढ़ में जहां महादेव ऐप घोटाला सामने आया वहीं, राजस्थान के सचिवालय में ही करोड़ों रुपए और सोना बरामद हुआ।

यह लोग किसी प्रकार हिमाचल और कर्नाटक में झूठी गारंटियों के दम पर आए हैं पर आज एक भी वादा पूरा करने में पूरी तरह से फेल हो चुके हैं।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों के साथ संबंध होने को लेकर गुस्से में आकर धक्का दे दिया था, जिससे चोट लगने से उसकी मौत हो गई थी। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की अन्य पुरुषों के साथ संबंध होने को लेकर गुस्से में आकर उसकी पिटायी की थी। मल्लिका की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध मामले के बाद) वादा किया था कि वह सुधर जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार जारी रखा।

उच्च न्यायालय ने यूएपीए मामले में आरोपी को जमानत देने से इनकार किया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि हिंसक विरोध प्रदर्शन करने के संवैधानिक अधिकार से परे है तथा यह कानून के तहत दंडनीय अपराध है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मंगलवार को अपलोड किए गए अपने आदेश में कहा कि इस बारे में पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी सलीम मलिक गहरी साजिश में सह साजिशकर्ता था, जिसने शांति एवं सद्भाव में कथित तौर पर खलल डालने के लिए धर्म के नाम पर स्थानीय लोगों को उकसाया। अदालत ने कहा कि प्रदर्शन स्थलों को धर्मनिरपेक्ष रंग देने के लिए धर्मनिरपेक्ष नाम/हिंदू नाम दिए गए थे और साजिशकर्ताओं का उद्देश्य विरोध प्रदर्शन को चक्का जाम तक ले जाना था।

बैंकॉक से बैग में 10 एनाकोंडा छिपाकर ला रहा तस्कर बेंगलुरु हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

एजेंसी, कर्नाटक

कर्नाटक में बेंगलुरु के केंपागौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 10 एनाकोंडा की तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बैंकॉक से एक बैग में छिपाकर एनाकोंडा लाया था। हवाई अड्डे पर तलाशी के दौरान सांपों को बरामद किया गया।

बेंगलुरु कस्टम विभाग ने एक्स कुठ तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि बैंकाक से आ रहे एक यात्री के चेक-इन बैग से 10 पीले एनाकोंडा बरामद होने के बाद यात्री को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम कैशर जमील अहमद (56) है। वह शनिवार को थाई एयर एशिया की उड़ान से बेंगलुरु पहुंचा था। गुप्त सूचना के बाद जब जांच की गई तो उसके पास से 10 सांप निकले, जिसमें 3 सांप दक्षिण अमेरिका से थाइलैंड पहुंचने पर ही मर चुके थे। ये सांप करीब 3 से 4 फुट लंबे थे। पीले एनाकोंडा आमतौर पर पराग्वे, बोलीविया, ब्राजील, उत्तरपूर्वी अर्जेंटीना और उत्तरी उरुग्वे में पाए जाते हैं।

कांग्रेस का मेनिफेस्टो सभी वर्गों के लिए, भाजपा का सिर्फ मोदी की गारंटी

शिमला। बीजेपी कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर लगातार निशाना साध रही है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस एक वर्ग को खुश करने का प्रयास किया है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने शिमला में इस पर पलटवार किया है। निजी दौरे पर शिमला पहुंचे पी चिदंबरम ने कहा कि देश में सामाजिक, आर्थिक असमानता है। एससी और एसटी वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी वर्गों में लोग गरीब है। घोषणा पत्र में हमने कहा है कि हम सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने देश की दूर दराज क्षेत्रों के लोगों का जिक्र किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र से बीजेपी को दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र का शीर्षक ही मोदी की गारंटी है मोदी की गारंटी घोषणा पत्र नहीं हो सकता। चिदंबरम ने कहा कि प्रधानमंत्री को पहले कांग्रेस का घोषणा पत्र पढ़ना चाहिए उसके बाद कुछ कहना चाहिए।

कांग्रेस के और विधायक बीजेपी में होंगे शामिल: हर्ष महाजन

शिमला। हिमाचल प्रदेश में चल रहे राजनीतिक उठापटक के बीच बीजेपी राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने हनुमान जयंती पर शिमला में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुछ और विधायक टूट कर भाजपा में शामिल होने वाले हैं और बेचारे सीएम सुक्खू भी खुद उनसे संपर्क कर रहे हैं, अब क्या करें। हर्ष महाजन ने कहा कि हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों के साथ-साथ विधानसभा उपचुनाव की सभी सीट पर भाजपा की जीत होगी। हर्ष महाजन मंगलवार को शिमला के जाखू मंदिर में हनुमान जयंती पर माथा टेकने पहुंचे थे, जहां उन्होंने आशीर्वाद लिया और कहा कि हनुमान जी की कृपा से सब अच्छा होगा।

बांबे हाईकोर्ट ने दाऊदी बोहरा उत्तराधिकार मुकदमे को किया खारिज

नई दिल्ली। बांबे हाईकोर्ट ने दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धार्मिक नेता के रूप में सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की स्थिति को चुनौती देने वाले मुकदमे को खारिज कर दिया है। याचिका में ताहेर ने दावा किया था कि असली उत्तराधिकारी वह है और दाऊदी बोहरा समुदाय की सभी चल और अचल संपति पर उसका हक है। ये लड़ाई पिछले 9 साल से जारी थी। याचिका में ताहेर ने दावा किया था कि असली उत्तराधिकारी वह है और दाऊदी बोहरा समुदाय की सभी चल और अचल संपति पर उसका हक है। उन्होंने अदालत से यह भी मांग की है कि मुफद्दल को समुदाय की किसी भी संपति में घुसने न दिया जाए।

बाजार

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, भारी बिकवाली का रहा दबाव

सेंसेक्स 73,738 और निफ्टी 22,368 पर बंद

एजेंसी, मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच टेलीकॉम, टेक और कंज्यूमर ड्यूरेबल शेयरों में बढ़त के बाद इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को लगातार तीसरे ट्रेडिंग सेशन में बढ़त के साथ बंद हुए।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा की तेजी के बाद 89.83 अंक या 0.12 प्रतिशत बढ़कर 73,738.45 पर बंद हुआ। सेशन के दौरान यह 411.27 अंक या 0.55 प्रतिशत उछलकर 74,059.89 पर पहुंच गया। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी अपने शुरुआती बढ़त को कम करते हुए 31.60 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 22,368 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 111.15 अंक या 0.49 प्रतिशत चढ़कर 22,447.55 पर पहुंच गया। इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज में मुनाफावसूली के कारण भारी बिकवाली का दबाव बाजार सूचकांकों में बढ़त कम हो गई। रिलायंस एक प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 2,918.50 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, मारुति, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से गिरावट में बंद हुए।

सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, 500 रुपए सस्ता हुआ सोना

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को गिरावट का रुख बना रहा। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में मंगलवार को सोने की कीमत में 400 से 500 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई।

प्रमुख शहरों के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 74 हजार रुपए के स्तर से नीचे आ गया। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,830 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,690 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,230 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,540 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,660 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,440 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 73,730 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,590 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।